श्रीगणेशायनमः॥

अथ आरण्यकाण्ड लि०॥

दोहा

पाप दुःख अज्ञान हर सुख संपति के धाम।
धर्म ज्ञान वैराग्य कर नमो नमो श्री राम ॥१
पीत वसन तनु स्याम कर सर धनु कटि तूणीर।
जटा मुकुट सिय लखन संग जय जय श्री रघुबीर २

चौपाई

लगतहि अगहन मास सुजाना॥ राम लखन सिय कीन पयाना॥
धसे दंडकारण्य मझारा॥१॥ जँह खग मृग जल जंतु अपारा
फूले फले लता तरु नाना॥ झुके धरनि मे लसत महाना॥
बने मुनिन के भवन बिशाला। ब्रह्म भवन सम रहित कशाला।
ब्रह्म घोष सुनि लखि छवि धामा। आनि हर्षे लक्षमन सिय रामा॥
आयेस न मुख मिलन मुनीसा। जटा चीर धर ब्रह्म सरीसा॥
राम लखन सिय छवि लखि सोई। रहे ठगेसे इकटक होई॥१॥
सादर मिले परस्पर सारा॥१॥ गये लेय ऋषि कुटिन मझारा॥
३ दो० करि पूजा सत्कार अति कोमल बचन सुनाय॥
राखे आश्रम मे तिनहि वरफल मूल खवाय ३
प्रात होनकरि कृत्य उदारा॥ सुनन स्वस्ति वाचन हितकारा
मिलत मुनिन सें ठामहि ठामा॥ चलेजात मगमे श्री रामा॥
शैल शृंग सम रूप भयंकर॥ देख्यो असुर महा स्वनदुखधर
व्याघ्र चर्म के बसन बनायें॥ वसा रुधिर तनु मेल पकायें॥
तीन सिंह अरु च्यार बघेरा॥ दो वृक दश मृग शिर गज केरा॥
ठके सूलमे आय सु दोरा॥ सियहि उठाय कहे वच घोरा॥

कों तुम वन में फिरो अकेला॥ तिय जुत तजि करि जीव नवेला
मैं विराध राक्षस इहि कानन॥ विचरौ मुनि भक्षक मख नाशन
दो॰ बोले प्रभु हम क्षत्रि हैं रघुवंशी भय हीन॥
खल घालक शालक अरि न प्रति पालक जन दीन६

बिराधवचन

मैं करिहौं इहिं तियहि स्वनारी॥ पीहौं रुधिर तुमाहिं अब मारी॥
सो सुनि सिय डरि कंपन लागी जिमि कदली अति मारुत पागी॥
तिहिं लखि कहि लछमन सें राम॥ देखि भद्र का गति मो वाम॥
यह आई मो संग हित रीती॥ आज बनी केकयि की चीती॥
पिता मरन सुनि गये स्वराजू॥ जुन भा मुहि दुख सो भा आजू॥
सुनि कहि लछमन तुम जगनाथा किमि भाषो बच यथा अनाथा
मैं तुम्हरो जन अब करि कोपा॥ करों छाडि सर इहि को लोपा॥
जो मो कोप भरत पर आही॥ आज सु मैं काढौं इहिं माही॥
दो॰ सुनि विराध बोल्यौ गरजि धारि अभिमान विशाल
जब रु शत ऋदा को सुवन मैं हौं तुम्हरो काल ८॥
मैं तप करि विधि बचन प्रमाना भो अवध्य तनु अति बलवाना
तातें तुम तिय तजि घर जाहू॥ जनि पितु मातन के उर दाहू॥
सो सुनि राम सात सर मारे॥ पृथक पृथक तिंहि अंग विदारे
तब करि कोप सियहि तजि धाई। प्रभु लषनहि गहि गयो पलाई
प्रभु लछमन की गति लखि सीता रोवन विलपन लगी सभीता।
तिंहि तनु शस्त्र अवध्य निहारी॥ मार्यो गरत माहि खल डारी॥
दो॰ तिंहि निज तनु धारि जोरि कर कहि मैं हौं गंधर्व
नाथ धनद के सापसें राक्षस भयो सगर्व॥१०॥
सो मैं पुनि तुंबर भयो तुव प्रसाद करि नाथ॥+॥
अब जाऊं निज भवन कों जय जय जय रघुनाथ ११

तुम जगदीश चराचर ताता ॥ सिय स्वजि पालनि त्रिभुवन माता
लछमन शेष विश्व आधारा ॥ लिय अवतार हरन महि भारा ॥
नाथ मह्य भव भंजन हारा ॥ रहो मोर उर ध्यान तुम्हारा ॥
रसना करे गुरगन के गाना ॥ श्रवन सुनै तुव गुण विधि नाना
भोकर प्रभु पद पूजन ठानै ॥ शिर चरनन मैं नमि सुख मानै ॥
भक्ति तुम्हारि रहै उर छाई ॥ कवि गुलाव यों यह वरसाई २३

दो॰ बोले विहसि दयालु प्रभु तुव मांगे सब होहि ॥
मो माया जग मोहिनी अब नहि व्यापै तोहि २३

पुनि प्रभु सियहि बिसारि कै लेय शशि कला साथ
आश्रम मुनि सरभंग के पहुचे त्रिभुवन नाथ २४

तब आयो सुरपति मुनि पासा ॥ तब रावत लखि तिहिं अघ नासा
भानु अग्नि सम प्रभा अपारा ॥ हरित वाजि रथ अति छबि बारा
महि नहि परसत तिहिं आरूढा ॥ बिमल छत्र धर तेज अगूढा ॥
पंच विंस संवत् वय सारे ॥ शत शत जन चहुं घार खवारे ॥
बर्ष पचीश आयु सुर केरा ॥+ रहत सदा बुध कहत घनेरा ॥
लखि लछमन यह पुरुष अनूपा सुरपति दीषत है बर रूपा १५

दो॰ तातै ह्यां सिय सहित तू ठहरि मुहूर्त निदान ॥
जितने जानों याहि मैं को है रथ थित जान ॥ २६ ॥

राखि लषन सियकों तिहि ठांही गये इकाकी प्रभु मुनि पांही ॥
लखि रामा गम पूजि मुनी सहि ॥ गोन मिल्यौ प्रभु से कुसमय लहि
पुनि प्रभु सिय लछमन मुनि चरना गहे जाय बिधिवत अघहरना ॥
दै असीस मुनि हिय हर्षाये ॥ कंद मूल फल मधुर खवाये १७

दो॰ बर आसन बैठाय पुनि वोले मुनि कर जोरि ॥
दै दरशन प्रभु तुम करी मनसा पूरन मोरि ॥ २८

दीन दयाल भक्त हितकारा ॥ अवधि निवासी जन मन हारा ॥

सिय लछमन जुत श्यामसरीरा॥ बसो मोर उर घर रणधीरा ॥
मो मन तुम चरनन तैं न्यारा॥ होय न यह बर देऊ उदारा ॥
एवमस्तु कहि पूछ्यौ रामा ॥ मुनिसैं सुरपति आगम कामा ॥
कहि मुनि सो तप कारन आयो॥ लेजावन विधि धाम सुहायो ॥
मैं तुम आगम जानि गुसाँई॥ गयो न सुरपति संग रघुराई ॥
अब तुमसैं मिलि निज तनु त्यागों॥ जैहौं ब्रह्मलोक हित पागों ॥
निकट सुतीक्षण बसबन माहीं॥ तुम्हरो भक्त मिलऊ प्रभु नाहीं॥

दो० यौं कहि रामहि दे सुकृत पुनि करि अग्नि प्रवेस॥
ब्रह्मलोक शरभंग गो लहि नूतन तनु वेस ॥२०
पुनि तहं धार्मिक प्रभु निकट आये ये ऋषि राज॥
विपति निवेदन आपनों कष्ट निवारन काज ॥२१
बालखिल्य वैखान सरु तापस पत्रा हार ॥+॥
संप्रक्षाल मरीचि परु पुनि मुनि सलिला हार २२
दौंनरु दंतो लूखली स्थांडिल सापी सोय ॥+॥
अश्मकुट्ट उन्मज्ज करु पंच तपोन्वित होय २३
वायु भक्ष आकाश गृह सजप आर्द्री पट वास
अनवकाशि करु असयन सुतपो निष्ठ गिरिवास २४

मुनिबचन

प्रभु असुरन अगानित मुनि खाये॥ देखहु तिनके अस्थि निकाये
तिनहि बिदारि हरऊ मुनि पीरा॥ जन पालक खल घालक धीरा ॥
करुणाकर बोले असुरारी ॥+॥ राक्षस हीन करौं महि सारी ॥
देखऊ अनुज सहित मो कामा॥ कवि गुलाब सब बसऊ स्वधाम

दो० यौं प्रन करि मुनिगन सहित गये सुतीक्षण पास॥
मिले हर्षि उठि छकित पत मिट तन मुनि चष प्यास २५

मुनि कहि प्रभु तुव दर्शन हेतू॥ मारग जोवत रह्यो निकेतू ॥+

नतु मैं जातो स्वर्ग गुसाँई ॥ मोहि लैन आयो सुर राई ॥
तुम सब प्राणिन के उर वासी समदरसी सम रूप प्रकासी ॥
तउ तुव मंत्र जाप करि कीना ॥ तिनहि करो निज माया लीना ॥
नाना श्रित की हरो स्वमाया ॥ जिमि नृप करै सेव सम छाया ॥
एक तुम थिति पालन लयकारा विधि हरि शंकर रूप उदारा ॥
सब कहँ भासत त्रिविधाकारा ॥ जिमि दिन नायक बारि मझारा
मोह पास गत मोहि निहारयो ॥ सदन आय जन जानि उधारयो
दो॰ नाथ कीन अति दीन पर कृपा कृपाल महान ॥
सदा लषन सिय सहित प्रभु मो उर बसहु सुजान २०

सुनि मुनिबर की मृदु बर बानी ॥ बोले राम हर्षि सुख दानी ॥
मैं ऋषिराज तुमहि सब लोका ॥ देहौं जेहैं अगम अशोका ॥
अब मैं कहाँ बसों मुनि राया ॥ स्थान बताबहु मुहि करि दाया
तुम सब जानन सब हित कारा ॥ कह्यो मोहि शरभंग उदारा ॥
मुनि बोले यह आश्रम रामा ॥ है रमनीय बसहु मति धामा ॥
बसत महा मुनिगन ह्यां नाना ॥ रहन मूल फल सदा महाना २८
दो॰ पै ह्यां आवत बहुन मृग विक्रम रूप दिषाय ।
मोह तमन मुनि जनन के है यह दुख रघुराय २६

राम वचन

मैं ते मृग हनिहौं इहि थाना ॥ कस तुम्हरे सन्मुख भगवाना
ताते ह्यां न रहों चिर काला ॥ हनों अनत बसि मृग विकराला ॥
यों कहि संध्या करि रघुराई ॥ अमृत समान मूल फल खाई ॥
सोये निशि सिय लखन समेता ॥ प्रात नित्य कृत करि चित चेता ॥
पूछि सुतीक्षण से मग गाथा ॥ नाय शीश राम नवत्रय साथा ॥
कहि मुनि लखिवन ऋषिगन ठामा पुनि आवहु इहिं आश्रम रामा ॥
दो॰ ऐहैं कहि प्रभु लखन जुत करि प्रदक्षिण तास ॥

चले राम सिय लखन त्रय मुनिगन जुत सहुलास ३१

सीतावचन

कामजनीत दोष है नाथा ॥ मिथ्याबचन रूप रतिय साथा ॥
बिना बैर रौद्रत्व निदाना ॥ तुम सब दोषन रहित सुजाना
खल मृगअसुर नाशयन कीना ॥ सो मिथ्या नहिं होय प्रवीना ॥
पै अपराध बिहीन बिनासा ॥ अनुचित दोष तहें अरि त्रासा ॥
तुम धर्मिष्ट सत्य ब्रत धारी ॥ पितु सासन रत जग हित कारी ॥
मुनि बिनती सुनि बिन अपराधा। चले करन असुरन कों बाधा ॥
जुगल शस्त्र धर तिनहिं निहारी हनिहौं मैं मनमें निर्धारी ॥
तातें प्रभु अब पावन माही ॥ चलिवो मोमन मानत नाही ॥

दो० ताको कारण है यहै ज्यों अगिन के पास ॥
होय शस्त्र इंधन तबै बढै तेज बल नास ॥ ३३

पूर्वे हुतो इक मुनि बन माही ॥ खग मृग रत शुचि मन अघ दाही
तिहिं तप विघन करन मन मानी आयो सुरपति भट तनु ठानी ॥
खड्ग धरोहरि धस्यो मुनि ताही ॥ राखै तिहिं करि जत्न महाही
कंद मूल फल लेनहु जावै ॥ खड्ग राखि संग हिय हुलसावै
नित्य खड्ग बंधन के साथा ॥ भई क्रूरमति मुनि की नाथा ॥
त्यागि स्वधर्म मत्त अति होई ॥ गयो नरक में मुनिवर सोई ३४

दो० होत शस्त्र सें कलुषमति तातें धारि मुनि बेष ॥
धरौ धर्म ही धर्म सें पावत सर्म अशेष ॥ ३५

धर्म कष्ट सें सुख संसारा ॥ ॥ लहत न सुखसें सुख अरिहारा
नित्य धर्म रत शुचि मन आपू ॥ त्रिभुवन व्यापक परमप्रतापू ॥
सर्व तत्व वित हौ विज्ञानी ॥ है त्रिभुवन की बात न छानी ॥
तिय स्वभाव करि बात जनाई करहु बिचार सहित दोउ भाई

दो० सुनि सियके हित युत बचन बोले श्री रघुराय ॥

प्रिया कहे तैं धर्म जुत बचन सदा सुख दाय ॥ ३७
पै यह क्षत्र धर्म है प्यारी ॥ सुनै न आरत बच धनु धारी ॥
अति आरत ऋषि दंडक बासी आये मोर सरन खल त्रासी ॥
कही सबन ऋषि ऋषि तपसाना खाये खल असुरन ने नाना ॥
होम पर्व के समय सदा ही ॥ देत महा दुख दोष बिना ही ॥
शाप देय हम तिनहि नशावैं पै तप बिगरत देखि सकावैं ॥
रक्षक हेरत बहु दिन बीते ॥ आज मिले प्रभु तुम चित चीते
आये सरन रावरी ताता ॥ ४ ॥ हरो घोर दुख त्रिभुवन त्राता ॥
मैं सुनि दीन बचन निर्धारा ॥ असुर नाश कीनो स्वीकारा ॥ ३

दो० बिना कहे हू सर्वदा मैं टारों मुनि ताप ॥ ४ ॥
अब तौ तिनकी सुनि बिनय स्वीकृत कीनों आप ३९

तजौं न पन मन भावत मोही ॥ त्यागौं जीवन लछमन तोही
कहे बचन तैं मो हित साना ॥ तिन तैं मुहि भी हर्ष महाना ॥
हैं ये बच तुव कुल अनुरूपा ॥ धर्म तिया है मोरि अनूपा ॥
प्रानहु तें मुहि अधिक पियारी पति रत पावन अति मति वारी
यों कहि धनु सर धर रघुनाथा ॥ चले बिपिन सिय लछमन साथ
आगे जाय तड़ाग निहारा ॥ अति सुंदर जोजन बिस्तारा ४०

दो० ताके जल निर्मल बिषे सुनियत बाजा गीत ॥
बिन जन लखि बिस्मत भये राम लखन अरु सीत

पूछी मुनिहि धर्म भृत नामा ॥ का यह अचिरज कहु सुख धाम
यह पंचाप्सर नाम तड़ागा ॥ मांडकर्णि मुनि रचित सभागा
तिन तप कीन सहस दश साला ॥ भखि बर बात पैठि इहिं ताला
तप लखि सकल सुरन दुख माना मुनि चाहत किहुं सुर का स्थाना
सब मिलि पंच अप्सरा प्रेरी ॥ तिन माया फैलाय घनेरी ॥ ४
मुनि मन स्ववस कीन छिन माही कीन स्वपति पंचन मुनि ताही

दो० ते मुनि जुत इहिं ताल मधि रमत रहत सुख साथ
तिनके भूषन गान को है यह रव रघुनाथ ४३
सुनि प्रभु तहाँ वसे निशि पाई ॥ पुनि क्रम क्रम मुनि आश्रम जाई ॥
बसे वर्ष दश तहाँ सुजाना ॥ आये बहुरि सुतीक्षण थाना ॥
कछुक महूक संबत रघुराई ॥ बसे तहाँ भक्तन सुखदाई ॥
इक दिन मुनि ढिग बैठे सुजाना ॥ पानि जोरि बोले भगवाना ॥
नाथ अगस्त्य बसत बन माही ॥ तिनको आश्रम जानौ नाहीं ॥
देहु बताय तहाँ अब जैहैं ॥ मुनि दर्शन करि कृत अइहैं ॥
दो० राम वचन शुचि सरल सुनि बोले मुनि हर्षात ॥
राम अवहिं मैं हौं यही कहन चहत हौं तात ४५
मन भावत अवहीं चित चाऊ ॥ प्रभु ह्याँ तें चव जोजन जाऊ ॥
दक्षिण दिक इक आश्रम आही ॥ तहं अगस्त्य को भ्रात रहाही ॥
तातें इक जोजन पर सांई ॥ है अगस्त्य मम गुरु मुनि राई ॥
सो सुनि मुनिहिं नाय सिर रामा ॥ गमने इध्म वाह मुनि ठामा ॥४६
दो० सो आश्रम लखि राम ने कहि लक्षिमन सैं वात
ह्याँ पहिलैं खल असुर जुग भ्रात इते द्विज घात ४७
वातापी इल्वल लछल खानी ॥ इल्वल द्विज बनि संकृत वानी ॥
श्राद्ध भाखि द्विज निवत लगावै ॥ वातापी सुमेष बनि जावै ॥+॥
तिहि हनि करि तिहि मांस रसोई ॥ द्विजन जिमावै इल्वल सोई ॥
जीमे पर कहु आवहु भाई ॥ तब सो उदर फारि कढि जाई ॥
हने हजारन द्विज इहि रीती ॥ तब देवन अति जानि अनीती ॥
कहि अगस्त्य सैं तिन तहं आई ॥ भाख्यौ सुमेष मुदित मुनि राई ॥
तब कहि इल्वल्ल कढि मम ताता ॥ मुनि कहि जम घर गो तुव भ्राता
तब कुपि इल्वल्ल मुनि पर धायो ॥ नयनानल करि ताहि जरायो ॥४८
दो० पुनि मुनि सैं मिलि वसि निशा कंद मूल फल खाय ॥

मातमुनिन्हि शिर नाय प्रभु चले रजाय सु पाय ४६

देख्यौ ऋषि अगस्त्य थल पावन॥ फूले फले तरु लता सुहावन॥
बैर रहित खग मृग गन डोलैं॥ शुक पिकादि कोमल कल बोलैं
होम धूम करि भौ बन श्यामा॥ चीर माल थापित सब ठामा॥
दक्षिण दिसि लखि लखन सुजाना॥ ऋषि प्रभाव कारि अभय निदाना
लाग्यौ बाढन विंध्य गिरीसा॥ रवि मग रोकन धरि मन रीसा॥
सो अगस्त्य मुनि आय निवार्यौ॥ बढै न अबलौं बचन मचार्यौ

दो० दीर्घ आयु तप तेज जुत है अगस्त्य मुनि राय॥
छमा दमादम शांति धर सुचि मन दीन सहाय ५१

ह्यां बीसहीं बन के दिन शेषा॥ करिहैं मुनि कल्यान बिशेषा॥
सुर मुनि सिद्ध यक्ष गंधर्वा॥ नियमित असन बसहि ह्यां सर्वा
कूट शठ निर्दय अरु पापी॥ हिंसक बसि ह्यां बचैन कापी॥
अल्पऊ तप करि इहिं पद मांही॥ लहैं परम पद संसय नाही ५२

दो० चौकाहि प्रभु सिय लखन सह मुनि अगस्त्य ढिंग जाय
नमि करि आशिर्वाद लहि बैठे आय सुपाय॥ ५३॥

कुशल प्रश्न करि भोजन दीना॥ सादर राम चंद्र सिय कीना॥+
पुनि आसन बैठाय अनूपा॥ हाथ जोरि बोले मुनि भूपा॥
हौ तुम एक आदि जग कारी॥ मूल प्रकृति है शक्ति तुम्हारी॥
सो माया तुव इच्छा पाई॥ महत्तत्व कौं रचे गुसांई॥+॥
तातें अहंकार उप जावै॥+॥ अहंकार तें गुन प्रगटावै॥
सात्विक राज सता मस सोई॥ विष्णु बिरंचि ईस तुम होई॥
जन हित लीला करन अनंता॥ निर्गुन तुमहि होत गुन वंता॥
सो तुव माया द्वै विधि रामा॥ विद्या और अविद्या नामा॥

दो० पुरुष अविद्या वान सब हैं प्रवृत्ति मग लीन
विद्या बस वर्ती मनुज मग निवृत्ति रत चीन ३६

रत संसार अबिद्या आरे ॥ विद्यायुत निर्द्वै धन सारे ॥+॥+॥
नामजपत तुब भक्त न माही ॥ विद्या प्रगटत राम सदाही ॥
तातें मुक्त भक्त तुब आही ॥ आन मुक्त सपने हू नाही ॥+॥
मुक्ति हेतु केवल सत संगा ॥ जातें रुचि ह्वै कथा प्रसंगा ॥+॥
सो मुहि देऊ सदा रघुराया ॥ हरन मोह ममता मद माया ॥
कबि गुलाब तुब भक्ति बिहीना ॥ लहै न दर्शन परम प्रवीना ॥३६

दो० आज सफल मम जन्म भौ भये सफल मख सर्व
दीर्घ काल तप सफल भौ लहि तुव दर्श अगर्व ३७

पुनि सुरपति ने धरे अनूपा ॥ राम हेत अक्षय बर रूपा ॥+॥
मुनि असि धनु सर तरकस दीने ॥ सादर करि प्रणाम प्रभु लीने
हंसि प्रसन्न ह्वै बङ्करि मुनीशा ॥ बोले मृदुल सुनऊ जगदीशा ॥
मग श्रम सहि आये मो ठामा ॥ कीन्ह मोहि प्रभु पूरन कामा ॥
राज कुवांरि सिय अतिसुकुमारी ॥ आई वन संग प्रेम प्रचारी ॥
सहत महा दुख मग बन माही ॥ रह हर्षित जिमि रघव यांही ॥
यह तासी रीतियन की आही ॥ रह सुख में दुख देखि पलाही ॥
तड़ित चपल ता असि पै नाई ॥ रहत तियन में पवन तुराई ॥३८

दो० सियइ न दोष न रहित है महा पूज्य पति लीन ॥
भला घनी यज्यौ सुरन में अरु धर्ती अघ हीन ३९

पुनि कहि तुव कर्तव्य बिचारी ॥ पठवौं अनत विश्व हितकारी ॥
ह्यां ते ह्वै जोजन इक ठांऊं ॥ पावन पंचवटी तिंहि नांऊ ॥
तहं वसि पालऊ ऋषिन समाजा ॥ हनि गन असुर करऊ सुर काजा ॥
सो सुनि मुनि चरनन सिर नाई ॥ बोले विमल बचन रघुराई ॥
प्रभु कृतकृत्य भये हम आजू ॥ कौन प्रसंसा तुम मुनि राजू ॥+॥
यौं कहि बार बार शिर नाई ॥ गमने हर्षि रजाय स याई ॥४०

दो० पंचवटी के मार्ग में लख्यौ गीध वल धाम ॥

महा काय तिहिं प्रभु कह्यौ कोतू कहि कुल नाम
बोल्यौ गीध राम हित बाना ॥ मैं हौं दशरथ मीत सुजाना ॥
मानि महामति पितु को मीता ॥ पितुवत पूज्यौ राम पुनीता ॥
बहुरि गीध बोल्यौ हर्षाई ॥ सुनहु मोरि उत्पति रघुराई ॥
पूर्व काल मे ये नृप ताता ॥ भये प्रजापति शुचि मन ताता ॥
कर्दम प्रथम विकृत पुनि सेषौ ॥ संश्रय पुनि बहु पुत्र बिशेषा ॥
स्थाणु मरीचि रु अत्रि सचेता । क्रतु पुलस्त्य अंगिरा प्रचेता ।
पुलह दक्ष विवस्वान निदाना । अरिष्टनेमि रु कश्यप जाना ।
भई दक्ष के साठि सुताही ॥+॥ तिनतें कश्यप ने रह ब्याही ४

दो० अदिति दिति रु दनु कालका ताम्रा क्रोधवसा रु
मनु अनला इन आट की संतति वर्णौं चारु ४३
जने अदिति तेतीस सुर आदित्य रु वसु आन ॥
रुद्र रु अश्विनै अथ जने दिति ने दैत्य निदान ४४

अश्वग्रीव भयो दनु बालक ॥ जने कालका नरक रु कालके ॥
क्रौञ्ची भासी श्येनी आना ॥ धृतराष्ट्री रु शुकी बलवाना ॥
पाँच सुता ताम्रा उपजाई ॥ तिनतें उपजे खग समुदाई ॥
क्रोधवसा के भइ दश कन्या ॥ तिन उपजाये पशु अहि धन्या
मृगी हरी मृगमंदा श्वेता ॥ भद्रमंदा कद्रु को सचेता ॥
मातंगी सुरसा शार्दूली ॥+॥ सुरभी दश भमनी अनुकूली ॥
मनु के उपजे मनुज अपारा ॥ अनला के तरु अखिल उदार
सुता सुकी की नता निदाना ॥ नता सुता बिनता मति बाना ॥

दो० विनता के सुत दोय मे गरुड़ अरुण विख्यात
अरुण सुवन संपाति अरु मैं जटायु भौ तात ॥४६

कहौं मे तुव वास सहाई ॥ जब सह लखन सिकार हि जा
तब करिहौं सिय की रखवारी ॥ रहि करि आश्रम शून्य मझारी

सो सुनि राम ताहि सनमान्यौ ॥ हर्षित भये पिता सम जान्यौ ॥
संग लेय तिहिं कीन पयाना ॥ गये गोमती तीर सुजाना ॥
पंचवटी आश्रम रुचि राई ॥ लखि लछमन सैं कहि रघुरा
समिध पुष्प कुश जल है नीरा ॥ लता व्रक्ष महि मन हर धीरा ।
रचहु कुटी तहँ विसद बिशाला तुहि मुहि सियहि सुखद सब
लहि प्रभु संमति कुटी बनाई ॥ कुशकांश रु शर पर्ण न छाई ।
दो० माहि सवारि अस्नानकरि अमल फूल फल लाय ॥
बास्तु शांति करि बर कुटी दीनी प्रभुहि दिखाय ॥+॥
लखि प्रभु महा मनोहर नाई । है हर्षित लखनहि उर लाई
बोले महल कर्म लखि तोरा ॥ महा प्रसन्न भयो मन मोरा ॥
अति धर्मज्ञ कृतज्ञ सुजाना ॥ कला कुशल सब बिधि बलवा
तैं करि काज मोर मन भायो ॥ सदन त्याग पितु मरन भुलाय
दो० यौं भ्रातहि सनमानि सिय अनुज सहित रघुराय
बसत भये तहँ गीधजुत कबि गुलाब हर्षाय ५०
इक दिन लछमन कहि मम नाथा कहु प्रभु मोहि मुक्तिप्रद गाथ
बोले राम सुनहु प्रिय भाई ॥ माया कल्पित विश्व सदाई
दीपत यौं आत्मा मैं नाना ॥ रज्जुहि सर्प कहत अज्ञाना
अस तस कल है सुन्यौ लख्यौउ जैसैं स्वप्न मनोरथ दोउ ॥
जीवतु बुध्या दिक तैं आना ॥ परमात्मा सो आहि निदाना ।
ताको ज्ञान होइ इहि रीती ॥ मान दंभहिं सादि अमीती ॥
पर कृत निंदा सहि ऋजु रहई ॥ मन बच तनु करि गुरुहित ग
बाहरि भीतरि शुद्ध सदा रह ॥ सत क्रियादि मैं थिरता अति ग
दो० ॥ काय बचन मन दमन करि विषय चाह तजि देय
अहंकार तजि जन्म अरु जरा मरण सुधि लेय ५२
पुत्र कलत्र धनादिक माहीं ॥ होय न सक्त विरक्त रहाहीं ॥

दुष्ट अनिष्ट आप्ति की वारा ॥ धरै चित्त समता मति वारा ॥
राषै मोसे भक्ति अनन्या ॥ प्राकृतजन रति तजि अति धन्या
आत्मज्ञान हित रत उद्योगा ॥ करवे दांत अर्थ मैं योगा ॥+॥
इनतैं होइ ज्ञान बिज्ञाना ॥ सो है जीवन मुक्त निदाना ॥
पै मम भक्ति बिमुख कौं ताना॥ है अति दुर्लभ मुक्ति बिख्याना
ज्यौं सदृग अङ्ग कौं निशि नहिं भासै॥ दीप धरें सब वस्तु प्रकासै ॥
यौं मम भक्ति जुक्त कौं भाई ॥ भली भांति आत्मा दरशाई ५३
दो० है कारण मो भक्ति को मो भक्तन को संग ॥
मो सेवा मो जनन की सेवा करन अभंग ५४
ग्यारसि व्रत करि कर जागरना॥ मम उत्सव ठानै मन हरना ॥
श्रवन पठन व्याख्यान अपारा॥ करै सदा मो गुण नमकारा ॥
रटै नाम पूजन मन धारै ॥+॥ तब मम भक्ति हृदय बिस्तारै
तातैं होय ज्ञान बिज्ञाना ॥+॥ मुक्ति तासु कर बसै निदाना ॥

कबिवचन

दो० पंचवटी मैं बसत इमि पावत हर्ष अनंत ॥
बीती वर्षा शरद ऋतु आवत ऋतु हेमंत ५७
बड़े प्रात इक दिन रघुबीरा॥ जात लषन सिय सह सरि तीरा
बोले लषन लषउ रघुराई ॥ चहुं दिशि हिम ऋतु की सरसाई
सस्यवती महि अति नीहारा ॥ भौ जल दुखद अगिन सुखकारा
असन पाक गोरस अति आही॥ बिचरत भूपति देशन माही॥
रवि लहि दक्षिण भई अपीची॥ तिलक हीन तिय तुल्य उदीची
लहि तुषार भौ धूसर भानू॥ श्वास अंध आदर्श समानू॥
पून्यौ ज्यौं न्हतु षार मलीना॥ लसत न ज्यौं सिय घाम विलीना
दूर उदित नीहार मकारा ॥ रवि शशि सम लागत सुकुमारा
दो० शीतल सपरस हिम मिलित पश्चिम पवन दुसार

बहुत सदा पर अति दुखद है प्रभात की बार॥

भाफ उठत जब गोड्डन मांही ॥ ओस बिंदु मुक्तन सम आही ॥
उदित भानु अति राजत क्यारी ॥ सारस क्रौंचन के नद बारी ॥
दीसत हिम व्यापित बन छीना ॥ शीत दग्ध तरु पल्लव हीना ॥
भोदिन अल्प मध्य सुख देना ॥ शीत बली भइ दीरघ रैना ॥ +॥

दो॰ महा तृषित जल पान हित द्विरद ताल ढिंग जाय
अति शीतल जल छुवत ही लेत स्व हस्त हटाय ६०

जलचर खग हू थित जल तीरा ॥ धसैं न शीत बिकल सर नीरा ॥
पुष्प रहित अति हिम तम साजी ॥ सती सी दीषत बन राजी ॥ +॥
भाफ भरयो जल सारस नीरा ॥ सोहत सरिता शीत सरीरा ॥
जरे पुष्प पल्लव बिचि ताला ॥ दीसत कौलन के कलनाला ६२

दो॰ शीत भरी अतिसय दुखद ऋतु हेमंत मझार॥
करत भरत तप अवधि मैं तुम्हरे भक्त उदार॥

त्यागि भोग मद मान रजाई ॥ महि सोवत मुनि अन्नन खाई
बड़े मान सरजू जल मांही ॥ करत भरत स्नान सदा ही ॥
अति सुख लायक तनु सुकुमारा वह तप वन अति परत तुषारा॥
धसि हिम शीतल सरजू नीरा ॥ करत भरत जप कस रघुबीरा॥
कमल नयन श्यामल श्री माना॥ धर्म सत्य रत अति मति वाना॥
प्रिय मृदु भाषी सरल सुभाऊ ॥ नाकि तिय सब सुख कौसलराउ
जीत्यो स्वर्गहि भरत सधर्मा ॥ घर वासि कारि तुम सम वन कर्मा
लेत स्वभाव मात को लोका ॥ भरत कीन मिथ्या यह कोका ६३

दो॰ पति जाको दशरथ न्रपति साधु भरत सुत तासु
क्यों कारि माता केकयी क्रूरा भइ प्रकास ॥६४

धार्मिक लक्षमन की सुनि बानी ॥ सत्य सनेह विनय नय सानी ॥
सहि न सके जननी परि वादा ॥ बोले कोमल सहित प्रसादा ॥

तात तोहि माता कैकेयी ॥ नहि निंदा कर्त्तव्य क देयी ॥
रघुकुल नाथ भरत की गाथा ॥ कहत्र सदा लछमन सुख साथा
सो मति दृढ ब्रतजुत है भाई ॥ तदपि भरत हित करि बिकलाई
मृदुल मधुर प्रिय अमृत समाना ॥ सुमरौं भरत बचन नित काना
कब व्है है वह दिन सुखवारा ॥ मिलिहैं चव भ्राता हित कारा ॥
यों बिलपत पुनि २ रघुबीरा ॥ पह्नचे सरि गोदावरि तीरा ॥ ६५

दो० करि सनान सिय लखन जुत तर्पि पितर रघुनाथ ॥
करि अस्तुति रवि उदित ही थल आये सब साथ ६६
कहत सुनत विज्ञान तहँ धर्म कथा न्रप नीति ॥
सिय लछमन मुनि बनन सौं इक संवत गो बीति

रावण की भगनी तिहिं वारी ॥ सूर्पनखा आई निशि च्वारी ॥ १॥
सुषमा धाम काम सम रामा ॥ श्यामल तनु भ्रकुटी बर बामा ॥
चंद बदन दृग कंजल जाना ॥ महा बाहु सुरपति उप माना ॥
गज गामी न्रप चिन्ह अपारा ॥ जटा मुकुट धर अति सुकुमारा ॥
नख सिख सुभग देषि रघुबीरा ॥ काम विवस व्है भई अधीरा ॥
धरि वर रूप राम ढिंग जाई ॥ कुटी माहिं बोली मुसकाई ॥
मैं रीझी लषि रूप तुम्हारा ॥ करो मोहि तुम अंगी कारा ॥ २
हौं रावण भगिनी बर वामा ॥ मोहि वरें व्है हो सुष धामा ॥

दो० काह्यो प्रभु मैं तिय सहित हौं है यह मुहि अति प्यारि
तातैं तोहि न होय सुख असह सौति दुख नारि ॥

बोली तिय आवै हित चाही ॥ ताहि तजें व्है दोष महा ही ॥ ३॥
मैं हौं काम कलान प्रवीना ॥ मुहि भजि त्यागि याहि रति हीना
सुनि कहि राम वह्नरि इमि वानी ॥ नाहि परसौं पर नारि सयानी ॥
तातैं कहूँ इक आन उपाऊ ॥ मो समान तुहि अनुज बताऊ

दो० सब लक्षण संपन्न शुचि लछमण शील महा हि

हे बाहिर जा नाहि भजि तिहिं संग नारी नाहि
जाय लखन ढिग मृदु मुसकाई ॥ कहि तुम मम पति होउ गुसाँई
कहि लछु मन मैं उन कर चेरा ॥ दासी भये कौन भल तेरा ॥+॥
तातें त्रिभुवन पति की बाला ॥ रघुपत्नी बनि हो सुख शाला ॥
तू बर रूपा लघु वय बारी ॥ व्है हैं तुव वस झट असुरारी ॥
सुनि प्रभु ढिंग गइ लछमन प्रेरी ॥ समुझि हास्य रस भौंह तरेरी ॥
भीम रूप धरि सिय पै धाई ॥ तब बोले रघुनाथ रिसाई ॥
क्रूर कुटिल शठ से परि हासा ॥ नहि करिये यह है फल तासा ॥
पुनि रिस रोकि कही जग पाला ॥ डरपावति सीतहि क्यों बाला ॥
दो॰ तोहि बनायो मै अनुज तूं आई तिहिं टारि ॥
पुनि जा ताही के निकट कहि है तोहि स्वनारि
सुनि बोली मैं गइ तिहि पासा ॥ फिरि आई इहि हेतु प्रकासा ॥
तुव अनुरूप आहि तुव भ्राता ॥ सुनै न क्यों हू एकहु बाता ॥+॥
तू अनुजहि चह मोहि विवाहो ॥ नो द्वै आखर लिखि दे ताही
लिखी लखन कुटिला है नारी ॥ नाक कान हनि देउ विडारी ॥
दो॰ प्रभु लिपि लखि लीन्हे लखन नाक कान तिहि काटि
मनु दशशिर भुज बीस को लियो सकल बल लाटि
बीते द्वादश वर्ष वन लगत तेरवों साल ॥+॥
मार्ग शुक्ल एकादशी सूर्प नखा तिहिं काल ॥
रोइ कही हा दशशिर भ्राता ॥ कुंभकरण अति बल बिख्याता
हा गुण खानि बिभीषण भाई ॥ महा कष्ट मे करहु सहाई ॥
यों बिलपति खर दूषण पाहीं ॥ जाय पुकारि परी महि माहीं ॥
खर कहि तुव असि गति किन कीनी किहिं अँगुरी अहि मुख मैं दीनी
काल पास निज कर गरडारी ॥ को जैहै जम पुर विष धारी ॥
काम रूप तूं सकल महा ही ॥ को अति बली तोहि जिहिं दाही

तिन्हिं मांहि डारि सरन ततु भानी। करिहैं गीध काक सिज मानी॥
सुनि खर बचन सकोप सम्हारी॥ कही कथा रघुबर की सारी ७३
दो० पुनि कहि भ्राता तू जबै हनिहै तिनहिं सुखेन॥
तब मै तिनको मांहि परत पीहौं रुधिर सफेन ७४
यह मम प्रथम काम है भ्राता॥ करहु बेग अरि हर सुर घाता॥
सो सुनि खर ने प्रबल चतुर्दस॥ पठये तिनहिं हनन हित राक्षस॥
कहि झट न्टप सुत मारि गिरावौ॥ मम भगिनी कौ रुधिर पिवावौ॥
ते करि कोप राम पै धाये॥ तिनहिं मारि प्रभु भूमि गिराये॥
पुनि गइ सूर्पनखा खर पासा॥ सो सुनि दल सजि चल्यौ अत्रास॥
असगुन अमित भये मग माहीं॥ अति असंक मानै तिंहिं नाहीं ७६
छप्प० पृथुग्रीव दुर्जय रु श्येन गामी रुधिहंगम॥
यज्ञ शत्रु सर्पास्य हेम माली सम मन छम॥
परुष महा माली रु काल कार्मु करु धिराशन
करवी रासक सन्धिव द्विदश खर के मन भावन।
बढ़ि चल्यौ सेन सैं खर सबै आस पास ये उभये
करि क्रुद्ध उद्ध भट जुद्ध हित रामचंद्र के ढिंग गये
दो० स्थूलाक्ष रु त्रिसिरा अपर महा कपाल प्रमाथ॥
है कराल च्यारहु चले ये दूषन के साथ ७७
तिनहि देषि सिय सहित गुसांई॥ लषनहिं दिय गिरि गुहा पठाई॥
कवच धारि धनु सर धरि हाथा॥ लगे लरन तिनसैं रघुनाथा॥
प्रथम सहस सर खर ने मारे॥ पुनि सब असुरन शस्त्र प्रहारे॥
ते सब राम काटि रज कीने॥ पुनि शत सहस बान प्रभु दीने॥
होन परस्पर शस्त्र प्रहारा॥ भागे असुर राम सर मारा॥
दूषन तिनहिं बिसारि बहोरी॥ आयो कोपि राम पै दौरी॥ ७८॥
गरजि गरजि भट अगनित धाये॥ अस्त्र शस्त्र तरु गिरिवर साये॥

काटि राम रजसम सब कीनं॥ तब खल असुर भये मद हीने॥

दो॰ बहुरि राम गांधर्व सर छाडि सहस करि दीन॥
सेन पदूषन सहित दल पाँच सहस किय षीन॥७९

पुनि प्रमाथ स्थूलाक्ष स क्रोधा॥ महा कपाल तीन अति जोधा॥
तिनहू अस्त्र शस्त्र बहु डारे॥ छिनमहि राम मारि महि पारे॥
खर सुनि पाँच सहस भट हानी॥ सचिवन सहित चल्यौ अभिमानी
कोपि कोपि तिन सस्त्र चलाये॥ काटि काटि रघुनाथ ढलाये॥
पुनि करि कोप राम सर मारे॥ तुरतहि खर भट सकल संहारे
पुनि त्रिसिरा कौं मारि गुसांई॥ खर सैंन लरन लगे रघुराई॥
तिहिं खल प्रभु को कवच विदास्यौ तव प्रभु कोपि नाहि महि पास्यौ
इंद्र नमुचि बल वृत्र संहारा॥ हर अंधक त्यौं प्रभु खर मारा ८०

दो॰ जन स्थान वासी गये चौदह सहस नसाय॥
ज्यौं करका भषि ब्राह्मणी अंतक सदन बसाय ८१
कछुकम घटि का तीन मैं मारे राम उदार॥
सुमन वृष्टि नभतें भई दुंदुभि बजे अपार ८२
चंद कला सीता लखन आये आस्रम माहि॥
देषि पराक्रम राम को वाढ्यो हर्ष महाहि ८३

भागि तहांतें गयो अकंपन॥ जाय कथा सब कहि रावन सन
पुनि कहि राम कोपि सर धारे॥ तो पूरन सरिवेगहि टारे॥+॥
करें अकास हिन षत बिहीना॥ अवनि उधारे दु:ख बिलीना
वेला तजत जलधि कौं डहै॥ सर सजि वात प्रवाहहि पाहै॥
तातें तून जीति सक रामहि॥ ज्यौं अघ कारक नर सुर धामहि
है तिहिं नाशक एक उपाऊ॥ करहु वेग चित लाय सुनाऊं
तासु तिय सीता अति लोनी॥ है स्यामा सम तनु गज गौनी॥
नगी पन्नगी देव कुमारी॥ नहि तिहिं सम कोनरी विचारी

दो० तिहि हरिलावै यत्न करि विपिन अचानक जाय
मरै राम ताके बिरह सुनि लषन अरु मरि जाय ८५

सुनि नभचर रथमै चढ़ि धायो ॥ झट मारीच सदन सो आयो ॥
कहि रावन इक नृपसुत रामा ॥ खल खरादि भट हने तमामा
हरि लाउं तिहि तिया किशोरी ॥ होउ सहाय तात तू मोरी ॥+॥
सुनि बोल्यो मारीच प्रवीना ॥ सिया हरन मत किहि तुहि दीना
सोहै मित्र रूप अरि तोरा ॥+॥ राक्षसकुलहि चहत जलबोरा
जो यह तुहि उत्साह करावै ॥ सो तोपै अहि डाढ़ परावै ॥८६

दो० कानै अनुचित कर्म खलु सिखयो कठिन नवीन
रावन तुव सुख सोत यह किहि मस्तक सर दीन
सुद्धवंश भव सुंड वर तप मद रद जुग हाथ ॥
रन सन्मुख कोउ लषि न सक गंधकरी रघुनाथ
रनबन थित मध्यम बयस राक्षस मृग मृगराय
सरपूरण तनु डाढ़ असि तिहि सूतहि न जगाय ८८
चापग्राह सर ऊर्मि गन भुज बल पंक अथाह
घोर राम रन जलधि मे जानि परि राक्षसनाह ९०
समुझायो मारीच को रावन हो यहि रास ॥
आयो लंका मे प्रविशि बैठ्यो सभा सचास ॥९१

सूर्पनखा हू लखि खर नासा ॥ जल्लद नाद सम रोय प्रकासा
महा दुखित रावन ढिग आई ॥ देख्यो सिंहासन थित भाई
लसन सचिव गन माझ महाना ॥ सुरगन मांहि सुरेस समाना ॥
करत बिलाप गई तिहि पासा ॥ नाक कान हत निपट उदासा ॥
को पित होय रोय दुख दीना ॥ बोली कठिन बचन छबि छीना
मत्त भोग रत लुब्ध अमानी ॥ काम बिबस भूप जु अभिमानी
मानत ताहि न प्रजा हित कारा ॥ चिता ज्वाल कों जिमि संसारा ॥

समय त्यागि जो करै स्वकाजा॥ राज्य सहित बिनशै वह राजा।
दो० अनुचित कार नियादि बस नरपति औसर टाल।
तजत ताहि सब लोक जिमि नदी पंक कौ ब्याल ९३
कटु बचनी गर्वित शठरु सूम प्रमत्त स्वभाय ॥
बिपति परे अस स्वामि की कोउ न करै सहाय॥९४
सचिवन मल का मन करै भयतें भय नल हाय ॥
छूटि राज्य ह्वै सीघ्र ही त्वरा सम दीन सुराय ९५
शुष्क काष्ट हू काम कर लोह रजहु कर काम ॥
भ्रष्ट थान महि पाल सें होय न तनकहु काम ९६
ज्यौं हैं भोगे बसन अरु मर्दी माला सोय ॥
त्यौंहि निरर्थ समर्थ हू राज्य भ्रष्ट नृप होय ९७
अप्रमत्त इन्द्रिय जित रु धर्मसील सर्वज्ञ ॥+॥
थिर नृपता लहि भूप सो पर उपकारि कृतज्ञ ९८
तू सब दोषन सहित है सब गुण रहित निदान
राज्य भ्रष्ट अब शीघ्र ही ह्वै है असुर प्रधान ९९
दशरथ सुवन नाम रघुबीरा ॥ तिहिं खरादि मारे रण धीरा ॥
लखि न सक्यो तू चर चख द्वारा॥ सोवत है मद बस जित दारा ॥
सुनि खरादि वध राम प्रतापा ॥ भो रावन मन अति संतापा ॥
भगनी बिकल देखि दुखसानी॥ रिसभरि बोल्यो तिहिं सनमानी॥
दो० कहहु रूप बल राम को शस्त्र खरादि बिनास॥
ताहि बिरूपा कीन सो भाषहु दोष मकास १०१
बोली राघव श्याम शरीरा ॥ बाहु बिशाल धरे मुनि चीरा॥
काम सरूप नयन अरु नारा ॥ आनन अमल कमल मद हारा॥
वृषभ कंध धवल सिंह समाना॥ शक्र चाप सम चाप निदाना॥
ताहि कर्षि सर करत बिभागा॥ निकसत मनहु महा विषनागा॥

खैंचत शरनहि दीषत चापा ॥ मरतहि दीषत सुभट अनापा
हनै सस्य कौं करका धारा ॥ त्यौं राघव सर असुर संघारा ॥
एक मोहि टारी बलवाना ॥ तिय बध शंका जानि सुजाना ॥
तासु अनुज है इक सम नाही ॥ मति गुण विक्रम तेज महाही
दो॰ भक्त प्रेम रत विजय मद शुचि मन गौर शरीर ॥
मानऊ नै प्रियराम की दक्षिण भुज रण धीर २०३
राम प्रिया सीता मृदु बैनी ॥ शशि बदनी मृग सावक नैनीं ॥
कनक बरन तनु अति सुकुमारी ॥ श्री सम सोहत विपिन मझारी
रक्त तुंग नख नासा कीरा ॥ उन्नत कुच रदना बलि हीरा ॥
शील शानी सब भांति ललामा ॥ तिहि नख सम नहिं तिऊं पुर बाम
भरै अंक मैं जाहि सुवाला ॥ तिहिं पग रज सम नहि सुरपाला
सो तुव लायक लखि बर नारी ॥ अति उत्तम तिऊं लोक उजारी ॥
तुब ढिग लावन हित मति धारी लागी करन उपाय सुरारी ॥+॥
लछमन नाम राम के भ्राता ॥ तिहिं अघ नासा कान निपाता ॥
दो॰ तू लखि हैं भ्राता जबै सीतहि बन मैं जाय ॥
सुरी किन्नरी आसुरी कोउन ऐहै दाय ॥ २०५
मन भावै सो करि उपचारा ॥ जाय विपिन मैं लखि इक बारा
मो मत तौ हरि आनि किशोरी ॥ पुनि अस दीठि न परिहै तोरी ॥
सो सुनि सचिवन देय बिदाई ॥ आप इकांत निजासन जाई ॥
सिया हरन मत मन ठहरायो ॥ इकलो मन जब रथ चढि धायो
दो॰ मग मैं नाना वाग वन गिरि मुनि थल सरि नाल ॥
देखत देख्यौ सिंधु तट बट को वृक्ष विशाल २०७
घन सम श्याम सघन अति रूरा ॥ नाम सुभद्र रूद पिन जुत पूरा ॥
शत शत जोजन शाखा तासा ॥ तिहिं अब सत तहं पन्नग नासा
आये गज कच्छप गहि भागा ॥ बैठे बट पर करन अहारा ॥+॥

त्रयके भार भंग भौ डारा ॥ तिंहिं तर मुनि गन नशत निहारा
गाहि सो शाखा गरुड़ उड़ाये॥ मगमे गज कच्छप ते खाये ॥
पुनि शत जोजन स्कंध गिराई॥ दियो निषाद देश बिनशाई॥
तिंहिं लषि दश मुख हियहर्षायो। झट मारीच सदन पुनि आयो।
नमि पूछी मारीच दयाला ॥ कसभा पुनि आगमतत्काला ॥
दो॰ कहि सब कथा खरादि की सूर्प नखा को हाल॥
पुनि कहि चलि मो संग ज्यौं हरौं राम की वाल १०९
ह्वै आनि कनक कुरंग बिचित्रा॥ सीता सन्मुख बिचरि पवित्रा॥
तब सीता प्रेरित दोउ भाई ॥ तुहि मारन चलिहैं हर्षाई ॥
तब मै सियहि लायहौं ताता॥ करहु बिलंब न उठि हर्षाता ॥
सो सुनि बिकल होय मारीचा॥ बोल्यौ प्रभु आई मो मीचा ॥
राम तेज पावक झर आही॥ जरिहैं असुर सलभ धसि ताही
जो सुख चाहो तौ तुम ताता॥ छाडहु राम बैर की बाता ११०
दो॰ बाल बयस मे मुनि सदन बिन फर मार्यो तीर
तिंहितै मे आयो इहाँ अति बल है रघुबीर १११
अबहू मैं दंडक बन माहीं ॥ धारि मृग रूप कराल महा हीं॥
होय असुर संग लै अति घोरा॥ भषत ऋषिन बिचरौं चहुंओरा
तहं ऋषि रूप राम मुहि पायो॥ सिय लछमन जुत सरस सुहायो
तबमै पूर्व बैर उर आनी॥ गयो तिनहि मारन अभिमानी
तिन त्रयलखि छोरे त्रय बाना॥ते द्वै मरे बचे मो प्राना ॥ + ॥
तबतें मुनि बनि छाडि कुकर्मा॥ रहौं इहां नियमित धरि धर्मा
अबसु हि नभ जल थल सब ठोरा॥ दीषत राम धनुर्धर घोरा ॥+॥
सोवन स्वप्न माहि तिंहिं देषी॥ उठौं पुकारि अचेत बिशेषी ११२
दो॰ तातें सिय अभिलाष तजि राम बैर निर्वारि ॥+॥
भवन गवन रावन करहु निज कुल कुशल बिचारि

काहि रावन तू चलि करि काजू देहौं अर्ध मोर तुहि राजू ॥
नाहि चलिहै तु भानि हौं माया॥ सो सुनि डरपि लग्यौ तिहि साथ
तिंहि संग लै प्रभु आश्रम गयऊ॥ तँहं मारीच अमल मृग भयऊ॥
रजत बिंदु जुत कनक शरीरा॥ रत्न सींग मणि खुर गति धीरा॥
नीलरत्न लोचन मन हारा॥ तड़ित प्रभा सम प्रभा अपारा॥
अस माया मृग उहरन धायो॥ सीता सन्मुख झट चलि आयो॥

दो॰ तबही करी प्रवेश प्रभु सिय कहं पावक माहि
एरवी छाया मात्र यह लखन जु जानी नाहि १२५

माया सीता लखि मृग ताही॥ हसि बोली पति सौं अति चाही
देखहु नाथ मनोहर हिरना॥ मुहि मोहत है इत उत फिरना।
लखन कही मारीच न होई॥ अस मृग लख्यौ सुन्यो नहि कोई
इंहि मृग बनि मृगया के माही॥ हने बहुत नृप सो खल आही॥
पुनि सियबोली विस्मय मानी॥ याहि पकरि आनौ दिन दानी॥
बनवास तें अवधि लै जैहैं॥ भरतादिक लखि बिस्मय पैहैं॥

दो॰ जियत न आवै हाथ तौ मारि हरिन कौं राम॥
देहु लाय करिकै मया मोकौं उत्तम चाम १२७

राम बचन

लखन लखी तैं सिय अभिलासा॥ मांगत मृग कै चर्महि तासा॥
तातें मैं जाऊं बन माही॥ गहि लाऊं कै हनि मृग याही
है मारीच जु मृग तनु धारी॥ तउ मारब उचित नहि अघकारी
चले राम सुर काज विचारी॥ लखनहि सौंपि सिया रखवारी

दो॰ असि धनु सर तूणीर धर आवत लखि रघुराय
माया मृग प्रगटत दुरत भय भरि चल्यौ पलाय १२८

बन मैं दूर जाय मृग मारयौ॥ तिंहि प्रभु बच सम बचन उचारयौ
हा सीता लछमन इमि बानी॥ कयौ उच्च स्वर आरत सानी॥

तजि मृग रूप रूप निज धारी ॥ रुधिर लिप्त महि परयौ सुरारी ॥
तब प्रभु मन बिचार इमि कीना ॥ सिय लछमन सुनि कै हैं हीना ॥
तातें शीघ्र आन मृग मारी ॥ तिहिं पल गहि गमने असुरारी ॥
सीता प्रभु बच गनि अकुलाई ॥ लछमन सौं बोली मुरझाई ॥
दो० संकट है तुव भ्रात कौं जाऊ वेग तिहिं पास ॥
आरत सुरमुनि राम को होत मोर मन त्रास १२१

लछमन बचन

तिहिं कहि राम चराचर ताना ॥ तिनको सोच करऊ जनि माता ॥
पन्नग असुर देव गंधर्वा ॥+॥ जीतिन सक रामहि मिलि सर्वा ॥
समर अवध्य आहिं रघुवीरा ॥ तजऊ सोच मन धारऊ धीरा ॥
है यह बच कोउ राक्षस केरा ॥ फिरत बिरोधी असुर घनेरा ॥
गये समाल सौंपि प्रभु मोही ॥ तातें नहि जाऊं तजि तोही ॥
लखन बचन सुनि कोपित होई ॥ बोली कठिन बचन भय भोई ॥
तू पापी शठ है कुबिचारा ॥ चाहत भ्रात मरन निरधारा ॥
पुनि चाहत मुहि ग्रहन अगूढा तातें जान न प्रभु ढिग मूढा ॥
दो० पै मै श्यामल अमल तनु कमल नयन की नारि
परसौं पुरुष न आन कौं रघुबीरहि निवारि १२३

अब तुव आगे तजि हौं प्राना ॥ धसि जल मैं कै करि विष पाना ॥
अगनि प्रविसि कै गर धरि दामा ॥ नहि जीवौं छिन हू विन रामा ॥
यौं कहि रोय विलापि महाही ॥ कूटन लगी उदर दुख दाही ॥
तिहिं लखि लखन होय दुखदीना बोले जोरि हाथ हित हीना ॥
अनुचित शंका करत अयानी ॥ तैं मो भक्ति रीति नहिं जानी ॥
न्याय पथस्थ राम बच धारी ॥ मैं तुव से बारत हित कारी ॥
धिक तुहि कहत बचन विपरीता ॥ दीषत नाश निकट तुव सीता ॥
अब मैं जाऊं जहां प्रभु जाना ॥ कबि गुलाब हो तुहि कल्याना ॥

दो० बनदेवी बन देव कौं सौंपि तासु रखवारि ॥
लखन चले रघुनाथ ढिंग चंद्रकला मन मारि
माघ शुक्ल चौदशि दिवस विंद मुहूर्त मझार ॥
लखनहि गमनत आश्रमहि लखि निर्जन निर्धार
मुनि तनु धारि रावन तहं आयो॥ ब्रह्म घोष करि हिय हर्षायो॥
जानि महा ऋषि सिय हर्षानी॥ अर्घ्य पाद्य पूजा अति दानी ॥
सिय छवि निरखि काम बस होई॥ बोल्यो कोमल दुल उर जोई
को तू सुंदरि सुमुखि सलोनी ॥ उमा रमा कि गिरा गज गौनी ॥
देवी यक्षी रति गंधर्वी ॥+॥ भूति अप्सरा सिद्धि स गर्वी ॥
तुव पति शिव वसु मरुत किवारी सुहि दीसत है देव कुमारी१२
दो० उत्तम सुबरन वरन वर तनु लावन्य सथान॥
मै महि मंडल मे तिया लखो न तो सो आन॥
शशि सम आनन अमल अपारा॥ भाल अर्ध शशि मन मद हारा।
भ्रकुटी कुटिल मदन धनु टारा॥ नयन बिशाल असित अति तारा॥
शुक सम नासा अति मन हारी॥ गोल कपोल बिमल दुति धारी॥
अधर बिंब सूक्षम रत नारे ॥ रद सम सित चिक्कन अति थारे
चिवुक मनोहर दर दर ग्रीवा॥ बाहु लता कर तल छवि सीवा
कुच उन्नत मुख पीन कठोरा॥ ताल फलो पम चिक्कन तोरा॥
तिनपर मणि मुक्तन के हारा॥ लेत चोरि चित अलि छवि वारा
जघन विशाल पीन अति नीका॥ करि कर तुल्य ऊरु हर हीका॥
दो० रूप बयस सुकुमारता निर्जन विपिन मझार॥
बास तोर मृग लोचनी मो मन करत बिकार ॥
उचित न तोहि वास इहि ठौरा॥ नगर महा मंदिर थल तोरा ॥
कस आई इकली इहि थाना॥ कहु सो कारन मोहि सुजाना॥
राक्षस थल ह्यां देव न आवैं ॥ मृग वृक सिंहादिक सरसावैं॥

तिनतें भय मानत नहिं बाला॥ कोहै कित ह्व तुव रखवाल॥
दो॰ सुनि सीता मृदु मधुर वच ताहि महा छटाधारि
आदिहि तें सब आपनी कही कथा बिस्तारि १२८
पुनि कहि सानुज मो पति आही॥ उनचालीस बर्ष वय ताही॥
अति समर्थ विजयी अरि हारा॥ अस्त्र शस्त्र वित् अति मति बारा
अब पति देवर गे बन माही॥ मृग बधि ऐहैं शीघ्र इहांही॥
लावहिं गे फल फल बिधि नाना॥ करिहैं सब बिधि तुव सनमाना
दो॰ अब कहु मुनि तुम कौन हौ नाम जाति निज ठाम॥
फिरहु दंडकारन्य मे द्विज इक ले किहिं काम १२९
रावन वचन॥
दो॰ जिहिं बस कीने लोक सब देव असुर नर नाग॥
सो हौं राक्षस लंक पति रावन नाम सभाग १३०
अब मै तुहि करि हौं निज बामा॥ पटरानी ले जाय स्वधामा॥
पंच सहस बर भूषन बारी॥ ह्वै हैं तुव दासी सुकमारी॥
सुनि सीता बोली कटु बानी॥ मै हौं सिंह पुरुष हित सानी॥
तू जंबुक सिंही को चाही॥+॥ पैठत काल गाल के माही॥+॥
प्रभु लखि मैं परसौं नहिं तुहि इमि महा भाग आदित्य प्रभा जिमि
राम प्रिया कहं तू शठ चाहत॥ अहि मुख मै अंगुरी अब गाहत
दो॰ क्षुधित सिंह सें मिलन है मंदर चहत उठान॥
दृग सूची धरि बिष भषत चाटत छुरी अयान १३२
तरत जलधि गर धरि शिला रवि शशि गहत स्वहाथ
अग्नि अुजावत बसन सें जो मुहिं चहत अनाथ १३३
सिंह स्यार कंचन अयस हंस गीध संबंध॥
गज बिडाल सम राम अरु तो मै अंतर अंध १३४॥
सुनि बोल्यो मम रोष मरारा॥ आगें शक्रादिक सुर सारा॥+॥

वैदौं तहँ वहँ मंद बयारी ॥ लजै उ क्षता शीघ्र लकारी ॥+॥
चलत महानद हौं हिं पगारा ॥ निर्म्मल दल सहै मग तरु सारा ॥
मम अंगुरी सम नाहिरन रामा ॥ है मानुष भिक्षुक च्युत धामा ॥
आयो मै तुब भाग्य वसाई ॥ चलि संग लै त्रिभुवन ठकुराई ॥
यों कहि वाम हस्त गहि केसा ॥ पकरि दहिन कर उरु विसेसा
निज तनु धरि गहि अंकमकारी ॥ सियहि लेय रथ चढ्यो सुरारी
ज्यौं अकामकौं काम बसाई ॥ पन्नग इंद्र वधुहि गहि जाई

दो॰ तब अति बिवसा जानकी रामहि दूर बिचारि
दुखित भ्रांत चित्त मत्त लौं रोवन लगी पुकारि १३६

चल्यौ गगन मग रथ मन मीता ॥ विलपन लागी भय भरि सीता ॥
हा लछमन हा राम उदारा ॥ कौन सुनौं मो दीन गुहारा ॥
लियें जात मुहि रावन क्रूरा ॥ तुम न लखौ यह मम अघपूरा
हौ समर्थ पर सुधि नहि मोरी ॥ मैं हत भाग्य तुमहि नहि खोरी
हे खग मृग तरु किसलय नाना ॥ दीन विनय मम सुनौं सुजाना ॥
लियें जात रावरा कारि जोरी ॥ सो सुधि प्रभु सैं कहियो मोरी १३७

दो॰ गीधराज मम ससुर के सखा ससुर सम मोर ॥
कौंन करै मो परम या है भरोस अति तोर १३८

यौं कहि रोवन लगी पुकारी ॥ सो जटायु ने जागि निहारी ॥
विवशाक गत लखि सिय दीना ॥ गीधराज वोल्यौ भय हीना ॥
खल तू नहि जानत रामहि ॥ लियें जात जगपति की वामहि
सकल लोक पति राम उदारा ॥ इंद्र वरुरा सम जग हित कारा ॥
तासु धर्म पत्नी है सीता ॥+॥ सब करि रक्षा योग्य पुनीता ॥
करत अकारण राम विरोधा ॥ काल पास गर धरत अवोधा ॥
सूर्पनखा हू गइ प्रभु पासा ॥ देन लगी सीतहि अति त्रासा ॥
तब श्रुति नासा लछमन भाना ॥ तिहिँ हित गे खरादि भट नाना

दो० अस्त्र शस्त्र गहि कुपित व्है मारन लागे ताहि
तबते मारे दोव स्यों कौन राम को आहि १४०

अबतें बसन बांधि अहि लीना॥ पैहै ताको फल अति पीना ॥
ठहरि ठहरि शठ लषि बल मोरा॥ गीधराज मैं अंतक तोरा ॥+
साठि सहस संवत बय मोरी॥ तउ करिहौं पूरन वय तोरी ॥
सो सुनि रावन अति रिस छायो॥ गीधराजपर शर झर लायो ॥
पुनि खग राज चूंच नख केरा ॥ रावन तन क्षत कीन घनेरा ॥
पुनि रावण तीक्षण दश तीरा ॥ मारे कु यकां गीध सरीरा ॥
तब खग पति तिंहि बपुष विदार्यौ धनुष तोरि धरनी मैं डार्यौ ॥
आन धनु ले करि अति क्रोधा॥ सर वर्षाये अगनित जोधा॥१४२

दो० तब रिस धारि जटायु नै रथ वाहन रथवान ॥+।
छत्र व्यजन हनि रावनहि माहि पटक्यौ बलवान

सियहि अंक धरि व्याकुल होई॥ पर्यौ अधोमुख माहि मैं सोई ॥
तब खग पति तिंहि पीठि विदारी॥ पुनि पुनि चूंच चरण क्षत धारी
बहुरि उपारे केश विसेसा ॥ कीन महा क्षत पुनि शिर देशा ॥
तब अति रिस धरि असुर तदा ही॥ वाम अंक मैं धारि सिया ही ॥
दाहिन करन सैं थापर दीनी ॥ गीध राज पर परसो लीनी ॥+॥
पुनि दश वाम भुजा तिंहि केरी॥ काटि गीध पति माहि मैं गेरी ॥
पुनि ते भुजा कटी तिंहि बारी ॥ ज्यौं बाबीतें अहि विष धारी ॥
सियहि त्यागि तब रावण जोधा॥ खग सें लरन लग्यौ करि क्रोधा

दो० मुष्टि रु चरण प्रहार बहु गीधराज तनु दीन ॥
गीध राज हू असुर तनु चूंच चरण क्षत कीन १४४

करत परस्पर जुद्ध महा ही ॥+॥ थकित गीध माहि पर्यौ तहा ही
रावण खड्ग काढि तिंहि वारा ॥ तासु पार्श्व पग पक्ष निवारा ॥
पुनि रावन सीतहि गहि लीनी॥ लगी पुकारन सो भय भीनी ॥

हा लछमन रघुनाथ उदारा॥ डूबत हौं दुख जलधि मझारा॥
दो॰ करि अति कृपा जटायु नै कीनी मोरि सहाय॥
सो अभाग्य तें यह परयो मारि माहि मैं खगराय १४६

धारि अंक मैं चलत सुरारी॥ ललाल सन पकरत सुकुमारी॥
छोडि २ कह पुनि पुनि रोई॥ केश गहें गमनत खल सोई॥
तिहिं अवसर भो जगत मलीना॥ थकित प्रभंजन रवि छवि छीन
विधि हू बिलोकि दिव्य दृग ताही॥ भये बंद ह्वाल कर्म लदाही॥
अटाबिन ध्यान त्यागो मनि सोका॥ व्याकुलता व्यापी सब लोका
स्यंदन हीन य धारि खल सोई॥ चल्यौ गगन मग हर्षित होई
दो॰ तब अति बिलपति रोवती बोली सिय सुजान॥
हे खग पति तैं मो रहित ठान्यौं मरन निदान॥+॥

तातें रामप्रसाद उदारा॥+॥ जैहै विस्नु लोक निर्धारा॥+॥
जब लगि राम मिलहि तुहि आई॥ तब लगि प्रान रखहु खगराई
ऋष्यमूक गिरि पर पुनि पीना॥ वानर पंच जनक जा चीना॥
भूषन छोरि फारि निज सारी॥ तामहि बाँधि दीन तहँ डारी॥
यौं गनि ऐंहैं रघुनाथा॥ तौ परि जैहैं तिन के हाथा॥
कपिन उठाय लिये तिहिं वारा॥ सकल शोक तनि ऊर्ध निहारा॥
हा लछमन हा रघुबर रामा॥ इमि बिलपति देखी नभ वामा
लखि न सक्यो रावन सियकामा॥ विकल अधोमुख भय वस रामा
दो॰ चल्यौ अग्र लै ताहि खल ह्वै मन माहि अशंक॥
नहि जानै यौं कालवस है भुजगी मो अंक १४८

मृत्यु काल मै ज्यौं नर नाना॥ करै काम बिपरीत निदाना॥+॥
रोग ग्रसित कौं पथ्य न भावै॥ खाय अपथ्य वस्तु हर्षावै॥+॥
त्यौं असुराधम काल बसाई॥ जलनिधि लांघि शीघ्र हर्षाई॥
पहुँचि लंक रण वास मझारी॥ कहि सिय सौं तू हो मो प्यारी॥

दो॰ राक्षसबत्तिस कोटि भट हैं बस मोर सयानि॥
तू तिन सबकी पालनी होउ मोरि पटरानि १५०

जलनिधि घेरी नगरी लंका॥ है सुरगनसैं अगम अशंका॥
बातहि बांधै कलग ह हाथा॥ तौ तुहि पाय सकै रघुनाथा॥
त्रिभुवन मै दीषत नहि मोही॥ जो मोतें सिय लै सक तोही॥
एमकीन अतिदुष्कृत कोई॥ बन बन नाहि भ्रमावै सोई॥
तैं कोउ कीनौं पुन्य महाई॥ ताको फल भोगन ह्यां आई॥
सो सुनि बिच तृण धरि सियबोली॥ रे खल मृत्यु तोर सिर डोली॥
है अब जीबन शठ अति थोरा॥ यूपब ध्यौं पशु की सम तोरा॥
लखिहै प्रभु तुहि करि दृगलाला॥ ह्वैहै भस्म मूढ तिहिं काला॥

दो॰ जो प्रभु शशि कौ महि पटकि छिनमें सकें नसाय
जलधि सोषि सो तोहि हनि करि हैं मोरि सहाय
जो वेदी मख मध्य गत सुर ऋषि पूजित काल॥
वेद मंत्र करि पूत तिहिं परसिन सक चांडाल १५४

त्यौं मुहि धर्म पत्नी ब्रत लीना॥ तून परसि सक खल अघ पीना॥
हंस संग तजि पंकज जाली॥ बसै न वायस सदन मराली॥
मैं जीवन की करौं न चाहा॥ मारि मोहि कट राक्षस नाहा॥
सुनि रावन भय भीति जनाई॥ बहुत भांति पुनि २ समुझाई १५५

दो॰ कह्यौ न मान्यौ जनकजा पांचि हार्यौ दशसीस
तब अशोक बन मै रषी चंद कला ह्वै षीस १५६
पुनि कहि द्वादश मास मैं जो न मोर मन मान॥
तौ ह्वांहें काटि कलेब मम करि हैं सूद सुजान १५७

जब अशोक बन मैं सिय राषी॥ तब बिरंचि सुरपति सैं भाषी
हित त्रिलोक निशिचरन अहेता॥ कौन लंक मैं सिया निकेता॥+॥
तहँ तू जाहु बिताहि खवाई॥ आवहु असुरन दीठि दुराई॥

सुनि सुरपति गो सिय हित कारी॥ माया नीद मोहि निशि चारी॥
बोल्यो सियसैं मैं सुर पाला॥ आयो अन्न खुवावन वाला॥
बर्ष सहस दस क्षुधा पियासा॥ लगे न याहि भषे मृदु हासा॥
सिय बोली पहिचाना तोही॥ पहिलो रूप दिखावे मोही॥
जो सरभंग सथान मझारा॥+ देख्यो मैं पति देवर लारा॥+॥
दो॰ वही स्वरूप सुरेशने करि लीनो तिहिं बार॥
मनगन दशरथ जनक सम लीनो पायस न्वार
पति देवर हित बोदि पुनि खायो सो सिय हाल॥
बहुत भांति बिश्वास तिहिं सदन गयो सुरपाल
राम मारि मृग कीन पयाना॥ मग आवत लखि लखनानिदाना
विवरन वदन विकल मन दीना॥ बोले कठिन होय प्रभु हीना॥
कहहु तात मम सासन टारी॥ क्यौं आयो तजि जनक कुमारी॥
जो सुर सुख सम सदन बिहाई॥ राज्य भृष्ट संग हठि बन आई॥
बिपदा साथ निमान अधारा॥ क्यौं तिहिं तजि आया सुकुमारा॥
भूमि राज सुरराज सुजाना॥ सिय बिन मुहि जम सदन समाना॥
फरकन वाम बाहु उर नैना॥ असगुन होत सकल दुख दैना॥
तात चलहु कुट आश्रम माही॥ मोमत सीता मिलि है नाही॥
दो॰ मैं मरि जैहौं सिय बिना तब तू जैहै धाम॥
जानि केकयी यह दशा ह्वै है पूरन काम १६०
प्राभ राज सुखसुत वती लहि केकयि अभिमान
अब मृत पुत्रा कौसल्या कस करि है गुजरान १६१

लक्ष्मण बचन॥

मैं निजकाज हेत नहि आयो॥ सियने हठ करि मोहि पठायो॥
कहि तुव भ्राता हित है कठिनाई॥ जाहु बेगि तिहिं करहु सहाई॥
मैं कहि यह बच प्रभु को नाही॥ प्रभु सम वचन असुर छल आही॥

दीन वचन सो भ्रातन न भावै ॥ त्रिभुवन रक्षक किहिं अभिलाषै ॥
भयो न है नहिं आगे होई ॥+॥ रामहि करै पराजय सोई ॥+॥
सो सुनि सिय नै कुपिह्रसि भाषा ॥ तूराषत है मम अभिलाषा ॥+॥
मिल्यौ भरत मैं है छल लीना ॥ भ्रात मरन चाहत मति हीना ॥
यौं सुनि कोपित होय तदाही ॥ कवि गुलाब आयो तजि ताही ॥

दो॰ बोले प्रभु नहिं कीन भल अनुचित सुनि तियबात
कोपवती पै कोपकरि आयो तिहिं तजि तात ॥
सीता दर्शन लालसा शीघ्र चले रघुराय ॥+॥
देष्यौ आश्रम शून्य जहँ रहे काक गन छाय ॥
सिय विहीन रोवन लगे विकल होय दोउ भ्रात
तबहिं मूर्छि महि मैं परे राम अधिक अकुलात

मंद मंद जल सींचि सुहायो ॥ लछमन रामहि चेत करायो
कहि प्रभु सिय किंऊ हरी कि खाई ॥ कै मुहि लखि कऊं रही लुकाई
सो अब बिहसि निकसि है सीता नतु मम जीवन कठिन बिनीता ॥
करि विलाप आश्रम हि निहारी ॥ सिय कहं खोजन लगे खरारी ॥
हे आश्रम हे खग मृग जाला ॥ हे अशोक तरु विल्वतमाला ॥
लता पुष्प पल्लव फल नाना ॥ तुम देषी मम प्रिया सुजाना ॥
सब आश्रम लखि सिया विहीना होय राम व्याकुल अति दीना ॥
बोले बिलपत अब तनु त्यागी ॥ जैहौं सुरपुर अति दुख पागी ॥

दो॰ तहँ मुहि लखि कहिहै पिता मोरि प्रतिज्ञा टारि
क्यों आयो असमय अधम धिक तुहि अनुचितकारि

मिथ्या वच नी मन्मथ दासा ॥ बनिता बसवर्ती जस नासा ॥
कौन कहानैं मम ढिंग आई ॥ सुनि पितु वच रहिहौं शिर नाई
तातैं प्रिया कृपा करि मोरा ॥+॥ दर्शन देय हरऊ दुख घोरा ॥
यौं भाषत रामहिं लाषदीना ॥ पंक मग्न गज जिमि छवि छीना

बोले लखन मृदुल कर जोरी ॥ नाहिं आश्रम मैं जनक किशोरी
तजि बिषाद धरि धीरज नाना ॥ का बिगुलाऊ मुहिं गुनजन ग्याना

दो० नाथ अनन खोजऊ सियहि पैहो नाहिं निदान
जैसें वलिसें बिष्णु नैं लीनी अबनि सुजान १६७

राम वचन

तात जनक तनया नहि पैहे ॥ तौ मुहि कातर लोक बतैहै ॥
गये अवधि केकाथ हासि कहिहै ॥ सिया सहित गोसो संग नहि है
मृदु बचनी शशिमुखि सियहीना ॥ कसधसिहौं अंतःपुर दीना ॥
पुछिहै मोहि जनक कुशलाई ॥ कसकाहि हौं बन सिया गमाई
तातें मैं घर चालि हौं नाही ॥ मारिहौं प्रिया वियोग इहांही ॥
अब तू जाऊ अवधि मैं ताता ॥ कहियो ह्यां कनी सब बाता ॥
कौसल्या केकयी सुमित्रा ॥ कहियो इनहि म नाम पवित्रा
सिया हरन मामरन तयारी ॥+॥ कहियो कौसल्याहि विस्तारी

कवि वचन

दो० यौं विलपत लखि राम कौं सिय विहीन अतिदीन
भये विकल मन लखन हू ज्यौं सफरी जल हीन

राम वचन

लक्षमन नहि मो सम अघ कारी ॥ त्रिभुवन मै दुखतें दुख धारी ॥
राज्य गयो विछुरे मम लोगा ॥ पितु बिनाश निजजनानि बियोगा
सब भूल्यौ सिय संग बन मांही ॥ सिय विन अब सब मोहि दहांही
पुनि लखि मृगगन दृग जल धारी ॥ कहि प्रभु कित है जनक कुमारी ॥
सुनि मृग मुरि सब दषिन लखाये ॥ पुनि पुनि प्रभुहि देखि नित धाये
तब लछमन कहि दछिण ओरा ॥ है सिय हरन कै नान किशोरा ॥
सो सुनि प्रभु दिश दषिन पलाने ॥ मग सिय शिरच्युत पुष्प पिछाने
पुनि नर खोज लख्या अति भारा ॥ तहँ सिय खोज लख्यो नियार

दो॰ इत उत धावत सियहि संग नर के खोज निहारि ॥
धनु तरकस रथ भग्न लखि ह्वै ग्रति विमन खरारि ॥

रामबचन

बोले लखन लखहु महि माही ॥ कनक बिंदु सिय भूषन ग्राही ॥
रुधिर बिंदु महि परे ग्रनेका ॥ तिनतें मोमन होत बिबेका ॥
जनक सुता जुग ग्रसुरन ग्राई ॥ काटि रु बाँटि बाँटि के खाई ॥
धर्म शिवादिक कीनि न रक्षा ॥ मोहि जानि निर्बिक्रम दक्षा ॥

दो॰ ताते ग्रबहि त्रिलोक कौं करौं भस्म निरधार ॥
देखि लखन मो वीर्य कौं एक मुहूर्त मझार ७३

यों कहि कुप भरि करि दृग लाला ॥ फरकत ग्रधर तरेरि स्वभाला ॥
वल्कल ग्राजिन बांधि कटि सोई ॥ जटाभार कसि सज्जित होई ॥
महा भयंकर सर धनु रोपा ॥ २ ॥ करन राम त्रिभुवन को लोपा ॥
लेत सास पुनि पुनि रिस पाई ॥ प्रलयकाल शंकर की नाई ७४

दो॰ पूर्व लख्यौ नहि लखन नै प्रथम देखि कुप सोय
हाथ जोरि बोले नमित ग्रति भय व्याकुल होय ॥
सर्व भूत हित रत मृदुल दांत सदा शुचि भाव ॥
प्रकृति त्यागि ग्रब क्रोध वस होहु न कोशलराव

न्रपमांधाता सगर भगीरथ ॥ रघु ग्ररु ग्रंबरीष ग्रादिक गथ ॥
सुनी प्रजा पाली सुभ रीती ॥ २ ॥ लीनो सुजस धारि न्रप नीती ॥
तुम रबिकुल भूषन जस ताके ॥ ग्रति बल्लक हौ पाल प्रजाके ॥
रबि मैं प्रभा चंद मैं श्रीरह ॥ बेग बात मैं क्षमा भूमि गह ॥
ये चारिउँ तुम मैं जस साथा ॥ नित्य बिराजत त्रिभुवन नाथा ॥
इकने कीन दोष तिहि माँही ॥ त्रिभुवन नाश उचित नहि ग्राही
हरी जानकी खोजहु ताही ॥ उद्यम निफल जैहै नाँही ॥ २ ॥
सो सुनि साग्रज लीन उसासी ॥ रिस निवारि हर्षित ग्रसुरारी ॥

दो॰ लियो लाय उर अनुज कौं शीश सूंघि हसि हाल
सहित सनेह प्रशंसि सिय हेरन चले कृपाल॥

आगे रुधिर लिप्त महि माँही ॥ पस्यौ पर्वताकार महाही ॥+॥
तिहिं लखि काहि लछमन सौं साँई॥ तात जनक तनया इहिं खाई॥
सोवत है तिहिं भांस अघायो॥ अवसि मूढ जमपुर घर आयो॥
सों कहि राम धनुष सर तान्यो॥ सुनि जटायु बोल्यो भय सान्यो॥
मारिन मोहि मृतक कहँ ताता॥ मै जटायु हौं असुर निपाता॥
सिय हित कीनों मैं रन भारा॥ ताने यह गति कीन उदारा॥
लखि खग गति सुनि बच मृदुलाई॥ रोवत भूमि परे दोउ भाई॥
सिया हरन सुनि लखि खग नासा॥ पुनि पुनि लेय राम अति सासा॥

दो॰ परसि तासु तनु बिकल मन बोले करुणा धारि
किन कीनी तुव दुर्दसा तात कहहु बिस्तारि २७७

गीधवचन

राम लषन तुम गे बन ओरा॥ आयो रावण सिय को च्योरा॥
नभ मारग रथ सें बिलपाती॥ मै देषी जागी सिय अकुलाती॥
तब तिहिं रोकि ठानि रन भारी॥ बिरथ कीन मै बिकल सुरारी॥
मै अति वृद्ध थकित भौ ताता॥ तिहिं असि तें मो पंख निपाता॥
पुनि सिय गहि गो दच्छिन ओरा॥ है लंका पति राक्षस च्योरा॥+॥
राम काज जनि सोच सुजाना॥ मिलिहै जनक सुता बलवाना॥

दो॰ रावन हनि लै सियहि संग जैहौ अवधि निदान॥
मिलि जननी भरतादि सैं पैहौ अति कल्यान २७८

सो सुनि राम लाय उर ताही ॥+॥ रोये लखन सहित दुख दाही॥
रुधिर वमत फिर व्याकुल निदाना॥ पस्यो धरनि खग तजि निज प्राना॥
तिहिं लखि राम होय दुख दीना॥ बोले खग तनु परसि प्रवीना॥
लछमन असुरन वाल मझारा॥ वसत रह्यो यह जून जुगारा॥

आयो आज काल बस सोई ॥ परमारथ कृत मम हित होई ॥
नृप दसरथ सम सो हितकारा ॥ पूज्य मान्य है गीध उदारा ॥
यों कहि मृदु मन करुणा धामा । निज कर दाह दीन तिहि रामा ॥
उदक देय हनि मृग मन भाये ॥ मांसपिंड करि खग तृप्ताये ॥

दो० पितुवत क्रिया जटायु की करि हरि करुणाधाम
नयन नीर भरि मृदुल मन बोले विलपत राम १९२
गीधराज मो पितु सखा हो सहाय अति मोर ॥
सिय रक्षा कृत सो न रह्यो देषि दिनन को जोर १९३
वैदेही बिछुरन लखन मुहि दुख भयो अपार
गीध मरन ताते दुगुन भो बिषाद भय कार १९४
गदा चक्र दर पद्मधर विष्णु रूप हर्षाय ॥+॥
बिमानस्थ लाग्यो करन खग अस्तुति शिर नाय १९५

वारिज बदन बादन जग जालं ॥ वारिज कर हर विपति करालं ॥
वारिज माल वारिज गल दामं ॥ वारिज नयनं नमामि रामं ॥+॥
विमल भाल उर बाहु विशालं ॥ अधर पानि पद नख अति लालं
सुतनु मदन मद रद कर श्यामं ॥ कर सर चापं नमामि रामं ॥
अति विक्रम महि आगत रूपं ॥ अगणित गुण लावन्य अनूपं
त्रिभुवन पालक करुणा धामं ॥ सुखमा सदनं नमामि रामं ॥+॥
भक्तजनगन से अति दूरं ॥+॥ भव विमुखन मन समता पूरं ॥
सरधन विद्य त्यागी निष्कामं ॥ दायक स्वपद नमामि रामं ॥

दो० सुनि अस्तुति अति मुदित मन बोले खग से राम
तात होउ कल्यान तुहि जाउ शीघ्र मो धाम ॥
विष्णु पारषद चारि करि पूजित हिय हर्षाय ॥
सूर्य मान बोगीन करि जात भयो खग राय ॥

पुनि लछमन जुत धीरज धारी ॥ दक्षिण दिसि गमने असुरारी ॥

तीन कोस चलिगये तहाहीं ॥ क्रौंचारण्य गहन बन मांहीं ॥
आई अयोमुखी निशिचारी ॥ अग्रचलत लछमनहिं निहारी ॥
दौरि अंक भरि हिय हर्षानी ॥ बोली श्रीपति हो गुनखानी ॥
लखन काढि असि कारि रिसभारी ॥ नाक कान कुच काटि बिडारी ॥
महाभयंकर तनु धरि सोई ॥ गई भागि अति दुःखित होई ॥
दो० फेरि बिपिन खोजन सियहिं चले अग्र रघुराय ॥
इक जोजन विस्तृत भुजन विन्हि आये दोउ भाय १८६
प्रभु कहि यह राक्षस कोउ आही ॥ बिन सिर लखि बल सुख उर माहीं
भुज समेटि अब जैहै खाई ॥+॥ कहु लछमन का करिय उपाई ॥
बोले लषन बिकल मन होई ॥ आन उपाय न सूझै कोई ॥+॥
मुहि कारि असुर भेट तुम जाऊ ॥ पैहो सिय कहँ झट रघुराऊ ॥
पुनि पैहो निज राज महाना ॥ तँहँ मुहि सुमिरत रहियो जाना ॥
महा प्रेमभय संजुत बानी ॥+॥ सुनि लछमन की आरत सानी ॥
दो० बोले दीन दयालु प्रभु तुव समान जन भ्रात ॥
करैं न चिंता बिपति मैं होइ सजग हर्षात १८८
सुनि धीरज धरि कहि अहि नाहा ॥ छेदिय भुज दोउ सहित उमाहा
राम लखन असि काढि सराही ॥ दहिन वाम भुज हनी तहाहीं ॥
कही असुर तुम को सुकुमारा ॥ सुर दुर्लभ भुज छेदन हारा ॥
तब प्रभु निज वृत्तांत सुनायो ॥ सुनि दानव बोल्यो हर्षायो ॥
आज धन्य भो मै रघुनाथा ॥ आये मो ढिंग त्रिभुवन नाथा ॥
मै गंधर्व राज हौ सोई ॥ गर्वित जोवन रूप महाई ॥
दो० तप करि बिधि सैं लैवर तनु अवध्य सुरराय
लोकन मैं बिचरत रह्यो मनमथवत मद माय१८०
मुनि अष्टावक्र कहि इक वारा ॥ हस्यो देषि तिँहिं कुअ्अकारा ॥
कुपि तिँहिं मुनि मुहि राक्षस कीनो ॥ पुनि मुनि दीन देषि वर दीनो ॥

मभानि है तुव भुज माई ॥+॥ कहै है तू गंधर्व तदाई ॥+॥
नि मै सुरपति सें हठ ठान्यौ ॥ तिहिं मो मस्तक पविते भान्यौ
ब सु हि दाह देहु रघुराऊ ॥ सियमारग मैं तुमहिं बताऊं ॥
हत तन सो भौ गंधर्वा ॥+॥ बोल्यो जय जग दीस अगर्वा ॥
म सुरपाल अनादि अनंता ॥ सूक्षम थूल रूप भगवंता ॥+॥
क्षमरूप जीव तुव आहीं ॥ स्थूलरूप लोरिथयत सबठाहीं ॥
दो॰ तउ श्यामलतनु चाप शर धरें जटा मुनि चीर ॥
सिय खोजत लछमन सहित मो उर रघुबीर २८४
ऋक्ष रजस सुत सूर सुत बालि भ्रात सुग्रीव ॥
कपि पति आलि सति बसत है गिरि पर प्रभु बलसीव
अति कृतज्ञ है काम सरूपा ॥ सत्यवाक धृति मान अनुपा
द भ्रगल्भ परा क्रम बाना ॥ अग्रज करि पीडित दुख साना ॥
हि छाजो ता तें साहै सारी ॥ करिहै सिय शोधन अरि हारी ॥
करहु मित्रता जाय सुजाना ॥ बड़ अभिलाषी है हितवाना
पंपा सर तट ऋषि गन नाना ॥ बसत मतंग शिष्य मति वाना ॥
हैं मतंग परे चर्या कारी ॥+॥ श्रमणी सबरी अति मति बारी ॥
ऋषि प्रभाव करि राम सदाहीं ॥ धसिन सकै गज आश्रम माहीं
ऋष्यमूक गिरि है तिहिं पासा ॥ पुष्पित द्रुम खग करत उलासा
दो॰ ऋष्यमूक गिरि शीश पै सोवै पुरुष सुजान ॥
मिलै स्वप्न मैं वित्त सो जागत लहै निदान २८५
पापी तिहिं गिरि सोवै जाई ॥ सोवत ही तिहिं राक्षस खाई
ग्राल उच्च गिरि सघन महाना ॥ सिंहरी छ गज विचरत नाना ॥
ला ऊपर इक गुहा बिशाला ॥ तिहिं आगे सीतो दक नाला
बसत तहां सुग्रीव सुजाना ॥ चारि सचिव हैं तिहिं संग आन
दो॰ रावण राक्षस लंक पति तिहिं सिय लई चुराय

हे माते बिकल वियोगीनी महादुखित रघुराय

नाथ कछुक आगे पग दीजे ॥ सवरी आश्रम पावन कीजे ॥
है वह तुव दासी असुरारी ॥ भक्ति विलीन महा माते वारी
सो सब कहिहै सिय की बाता ॥ सुनि गम्मने त्रिभुवन सुखदाता
लखि सवरी निज आश्रम आये ॥ राम लखन अतुलित छवि छाये
दौरि दूर तें चरनन माही ॥ परी दंड लौं हर्षि महाही ॥
सादर बर आसन बैठाये ॥+॥ चरन धोय ननु भवन सिचाये
विधिवत पूज्य मूल फल नाना ॥ दिये गुरख्ये परषि निदाना
अपि हर्षाय सराहि अघाई ॥ बैठे आसन पुनि रघुराई ॥+

दो० हाथ जोरि सिर नाय परि बार बार प्रभु पाय ॥
तनु पुलकित बोली मृदुल सवरी हिय हर्षाय ॥

जब तुम चित्रकूट पग धारा ॥ तब मम गुरु हरि धाम सिधारा
कही मोहि हां लछमन रामा ॥ ऐहैं जग पावन माते धामा ॥
करि दर्शन तिनको पद नाई ॥ पैहै तू सद्गति मन भाई ॥+
तब तें बन फल परषि अपारा ॥ राखे तुम लायक उपहारा ॥
मगजोवत रहि प्रभु सब काला भइ हम कृत्य आज जन पाला
सुनि प्रसन्न ह्वै हिय हर्षाई ॥ बोले मधुर बचन रघुराई १६

सो० हम मतंग बन कौं सुमति देख्यों चहत निदान
तू संग चालि दिखाय सब जो यह तुव मन मान

हर्षि जाय सब बनहि दिखाई ॥ सादर निज आश्रम पुनि लाई
बर आसन बैठाय पुनीता ॥ बोली गद्गद बचन बिनीता ॥
मैं तिय जाति हीन मति हीना ॥ तुव दासन के दास प्रवीना ॥
गन संख्या तरतिन की दासी ॥ होन सकौं अधमा अघरासी ॥
तिहिं तुव दर्श दीनजन त्राता ॥ कोमल मन त्रिभुवन पितु माता
नहिं जानौ अस्तुति करि साईं ॥ होउ प्रसन्न दीन सुखदाई ॥

राम अस्तुन

दो॰ पुरुष नपुंसक नारि वा आश्रम नाम सुजाति
नहि कारन सो भजन को भक्ति हि कारन ख्याति

वेदाध्ययन यज्ञ तप दाना ॥ तीरथ क्रिया कर्म शुभ नाना ॥
इन संजुत सो भक्ति विहीना ॥ लहैं न मोर दर्श अति दीना ॥
तातें भामिनि बिन विस्तारा ॥ साधन कहौं भक्ति हित कारा ॥
सत संगति साधन है आदी ॥ दूजो है मम कथा सवादी ॥+॥
तीजो साधन सो गुण गाना ॥ चौथो मोर वचन हित वाना ॥
पंचम गुरु कहँ सो सम मानै ॥ छठम मोर पूजन नित ठानै ॥
सप्तम राम नाम रट लावै ॥ अष्टम सरल सबहित सरसावै
तत्व विचारन नवमजिहिं माही ॥ तिंहिं मम भक्ति मिलै अघदाही

दो॰ भक्ति होत लही तत्व को अनुभव होय निदान ॥
तबहि मुक्ति ह्वै मुक्ति को कारन भक्ति हि नान

तू सो भक्ति युक्त है वाला ॥ तातें दर्शन दीन रसाला ॥
जानत है तुव नाथ सुबामा ॥ कित है सिय किंहिं हरी ललामा
तुम सब जान त्रिभुवन राई ॥ तउ पूछे तें कहौं गुसांई ॥+
रावण हरी सु लंका माही ॥ अव है सीता दुखित महा ही ।
ऋष्यमूक गिरि पर रघुनाथा ॥ रह सुग्रीव चारि कपि साथा
जाऊ तहां बह्न तुव सब काजा ॥ कारि है धर्मातम कपिराजा ॥

दो॰ पुनि वह सबरी प्रभुहि वार वार शिर नाय ॥
जारि अग्नि तनु अनघ सो हरि पुर पहुंची जाय ।
जाति हीन मति हीन अति तिय आचार विहीन ।
सब विधि पसुनी ताहि प्रभु मुनि दुर्लभ गति दीन
नाना ज्ञान विशेष मत मंत्रन की नाति त्यागि ॥
रामहि सुमिरै सो सुधर स्याल तनु अनुरागि २०९

मंदहास्ययुत मधुर अमोला ॥ कब कानन परिहै सिय बोला ॥
दो० ॥ सभा माहि जब जनक सुहि पुछिहै सिय कुशलात
तब मिथिलापति कौं कहा देहौं उत्तर तात २१४
सिय बिन लखि कौसल्या मोहू ॥ पूछहि कित है मोरि पतोहू ॥
ताको उत्तर कहा सुनाऊं ॥ तातें नान नमें घर जाऊं ॥+॥
अब तू जानिज भवन प्रवीना ॥ मैनहि बाचि हौं प्रिया बिहीना ॥
यौं बिलपत रामहि लखि भ्राता। बोले मृदु नय संजुत बाता ॥
तजऊ नेह मन धारऊ धीरा ॥ हौ निर्मल मन बचन शरीरा ॥
नेह दुखद है प्रभु सब भाती ॥ जरै नेह भर आलि ऊ बाती ॥
रावन दिति गर्भ ऊ के माही ॥ धासि है तउ हनि हौं मै ताही ॥
सियहि लाय हौं तजऊ गलानी होय शोक सैं कारज हानी २१५
दो० ॥ प्रभु बल है उत्साह ही धारऊ मन उत्साह ॥
कारज उत्साही न कौं नहि दुर्लभ नर नाह २१६
नर उत्साह वंत जग माही ॥ कर्मन सैं दुख पावत नाही ॥
लहि उत्साह तुमऊ मतिवाना ॥ पैहौ सो तहि शीघ्र सुजाना ॥
भ्रातबचन सुनि राम उदारा ॥ शोक मोह तजि धीरज धारा ॥
करि अस्नान बऊरि दोउ भाई ॥ बैठे तरु छाया हर्षाई ॥+॥
तब तहं सुर स्टाषि आय तमामा करि अस्तुति गे निज निज धामा
पुनि आये नारद मुनि धीरा ॥ मिले हर्षि तिन सैं रघुबीरा ॥
सुनि बिस्तान संत गुण गाथा ॥ गये सदन सुमरत रघुनाथा ॥
तब सिय हेरन हिय हर्षाई ॥ चलत भये लछमन रघुराई ॥
दो० ॥ पंपा सर गमनत अमल श्यामल गौर शरीर ॥+॥
चंदकला के उर बसौ धनुसर धारण धीर २१८

इति श्रीमदवनिमण्डल मण्डनायमान बुन्दीपुरन्दर श्री रामसिंहात्मज श्रीरघुबीरसिंह महीन्द्राश्रित वंदिवंशावतंस कविराज श्रीमद्राव गुलाबसिंहस्य कृती चंद्रकला कृत रामचरित्रे आरण्यकाण्ड संपूर्णम् ॥

रामचरित्र

अर्थात

वाल्मीकीय १ अध्यात्म २ अग्निवेश्य ३ पद्मपुराण ४ नृसिंहपुराण ५ अद्भुत ६ तुलसीकृत ७ रामचंद्रिकादि ८ अनेक ग्रंथ मतानुसार

श्रीयुत चक्रवाण वंशावतंस हड्डकुल कलश बुन्दीन्द्र महाराजाधिराज महाराव राजा जी श्री श्री श्री श्री श्री १०८ श्री रघुवीरसिंह जी के कविराज राव जी श्री गुलाबसिंह जी की किंकिरी चंदकला बाईकृत

का

आरण्य कांड

[illegible] गढ़

[illegible] श्री पं० जगन्नाथ प्रसाद के प्रबंध से छापा गया

[illegible] ५००] [[illegible]]

विज्ञापन

चंद्र कला बाई कृत राम चरित्र के सातो कांड तैयार हैं
कवि-व-चित्रकार के मैनेजर फ़तहगढ़ अथवा चंद कलाबाई
बूंदी को लिखने से
मिलसक्ते हैं

श्री गोस्वामी तुलसी दास जी कृत रामायण का-

श्रीयुत विद्या सागर ग्रूस साहिब बहादुर का किया हुआ अति
उत्तम और विख्यात इंगरेज़ी अनुवाद
(पांचवी वार छापा गया)

उत्तम अंगरेज़ी लिखना सीखना चाहो तो इस अनुवाद को पढ़ो सोचो और स्मरण रक्खो कि कैसी २ कठिन बातों को श्री ग्रूस साहिब ने किस योग्यता से उत्तम अंगरेज़ी में प्रगट किया है. और जैसी उत्तम अंगरेज़ी ग्रूस साहिब लिखते हैं वैसी बिरले ही अंगरेज़ी लिख सके हैं-

उस विद्यार्थी को बड़ा अभागा और अल्प बुद्धि समझना चाहिये जो ऐसे रत्न को जैसा यह अंगरेज़ी अनुवाद है न ले. यह अनुवाद आठ रुपया में बिकता था परंतु विद्यार्थियों के सुभीते के लिये हम इस से उक्त अनुवाद करता के चित्र सहित निम्न लिखित थोड़े से मूल्य में देते हैं. मूल्य ३) रु० डाक महसूल ।~) यदि कोई १० पुस्तकें ले अर्थात ३०) डाक महसूल के सिवाय भेजे तो उसको एक जिल्द मुफ़्त मिलेगी-

पता पंडित कुंदन लाल फ़तहगढ़ ॥

कान्यकुब्ज कुल कौमुदी पंडित द्वारिका प्रसाद कृत यह पुस्तक ब्राह्मणों के देखने योग्य है पुस्तक मिलने का पता जगत् प्रकाश प्रेस फ़तहगढ़ ॥

श्रीगणेशायनमः ॥

अथ आरण्यकाण्ड लि० ॥

दोहा

पाप दुःख अज्ञान हर सुख संपति के धाम।
धर्म ज्ञान बैराग्य कर नमो नमो श्री राम ॥१
पीत बसन तनु स्यामकर सर धनुकटि तूणीर।
जटा मुकुट सिय लखन संग जय जय श्री रघुबीर २

चौपाई

लगनहि अगहन मास सुजाना ॥ राम लखन सिय कीन पयाना
धसे दंडकारण्य मझारा ॥१॥ जँह खग मृग जल जंतु अपारा
फूले फले लता तरु नाना ॥ झुके धरनि मैं लसत महाना ॥
बने मुनिन के भवन बिशाला। ब्रह्म भवन सम रहित कसाला।
ब्रह्म घोष सुनि लखि छबि धामा अति हर्षे लछमन सिय रामा ॥
आयेसन सुख मिलन मुनीसा। जटा चीर धर ब्रह्म सरीसा ॥
राम लखन सिय छबि लखि सोई। रहे ठगेसे इकटक होई ॥१॥
सादर मिले परस्पर सारा ॥१॥ गये लेय ऋषि कुटिन मझारा ॥
३ दो० करि पूजा सत्कार अति कोमल बचन सुनाय ॥
राखे आश्रम मे तिनहि बरफल मूल खवाय ३
प्रात होत करि कृत्य उदारा ॥ सुनन स्वस्ति वाचन हितकारा
मिलत मुनिन सें ठामहि ठामा ॥ चलेजात मगमें श्री रामा ॥
सैल शृंग सम रूप भयंकर ॥ देख्यो असुर महा स्वन दुखघर
व्याघ्र चर्म के बसन बनायें ॥ बसा रुधिर तनु मेल पठायें ॥
तीन सिंह अरु च्यार बघेरा ॥ दो वृक दश मृग शिर गज केरा ॥
ठके सूलमै आय सु दौरा ॥ सियहि उठाय कहे बच घोरा ॥

को तुम बनमें फिरो अकेला॥ तियजुत तजि करि जीव नवेला
मैं बिराध राक्षस इहि कानन॥ विचरौं मुनि भक्षक मख नाशन
दो० बोले प्रभु हम क्षत्रि हैं रघुवंशी भय हीन॥
खल घालक शालक असुरि न प्रति पालक जन दीन६

बिराधवचन

मैं करिहौं इहिं तियहि स्वनारी॥ पीहौं रुधिर तुमहिं अब मारी॥
सो सुनि सिय डरि कंपन लागी जिमि कदली अति मारुत पागी॥
तिहिं लखि कहि लछमनसें रामा। देखिभई का गति मो वामा॥
यह आई मो संग हित रीती॥ आज बनी केकयि की चीती॥
पिता मरन सुनि गये स्वराजू॥ जुन भा मुहि दुख सो भा आजू॥
सुनि कहि लछमन तुम जगनाथा किमि भाषौ बच यथा अनाथा
मैं तुम्हरो जन अब करि कोपा॥ करों छाड़ि सर इहि को लोपा॥
जो मो कोप भरत पर आही॥ आज सु मैं काढौं इहिं माहीं७
दो० सुनि विराध वोल्यो गरजि धारि अभिमान विशाल
जव रुशत इन्द्रा को सुवन मैं हौं तुम्हरो काल ८॥
मैं तप करि बिधि बचन प्रमाना॥ भो अवध्य तनु अति बलवाना
तातें तुम तिय तजि घर जाहू॥ जनि पितु मातन के उर दाहू॥
सो सुनि राम सात सर मारे॥ पृथक पृथक तिहि अंग विदारे॥
तब करि कोप सियहि तजि धाई। प्रभु लषनहि गहि गयो पलाई
प्रभु लछमन की गति लखि सीता रोवन विलपन लगी सभीता॥
तिहिं तनु शस्त्र अवध्य निहारी॥ मार्यो गरत माहि खल डारी॥९
दो० तिहिं निज तनु धरि जोरि कर कहि मैं हौं गंधर्व
नाथ धनद के सापसें राक्षस भयो सगर्व॥१०॥
सो मैं पुनि तुंबर भयो तुव प्रसाद करि नाथ॥+॥
अब जाऊं निज भवन को जय जय जय रघुनाथ ११

तुम जगदीश चराचर ताता ॥ सिय स्रजि पालनि त्रिभुवन माता
लछमन शेष विश्व आधारा ॥ लिय अवतार हरन महि भारा ॥
नाथ महा भव भंजन हारा ॥ रहो मोर उर ध्यान तुम्हारा ॥
रसना करै गुरगन के गाना ॥ श्रवन सुनै तुव गुण विधि नाना
मो कर प्रभु पद पूजन ठानै ॥ शिर चरनन मै नमि सुख मानै ॥
भक्ति तुम्हारि रहै उर छाई ॥ कवि गुलाब यौ यह वरसाई १४

दो० बोले विहसि दयालु प्रभु तुव मांगे सब होहि ॥
मो माया जग मोहिनी अब नहि व्यापै तोहि १३
पुनि प्रभु सियहि बिसालि कै लेय शशि कला साथ
आश्रम मुनि सरभंग के पहुंचे त्रिभुवन नाथ १४

तब आयो सुरपति मुनि पासा ॥ तब रावत लखि तिहिं अघ नासा
भानु अग्नि सम प्रभा अपारा ॥ हरित वाजि रथ अति छबिवारा
महि नहि परसत तिहिं आरूढा बिमल छत्र धर तेज अगूढा ॥
पंच विंस संवत् वय सारे ॥ शत शत जन चक्र धार खवारे ॥
बर्ष पचीश आयु सुर केरा ॥+ रहत सदा बुध कहत घनेरा ॥
लखि लछमन यह पुरुष अनूपा सुरपति दीपत है बर रूपा १५

दो० ताते ह्यां सिय सहित तू ठहरि मुहूर्त निदान ॥
जितनै जानौं याहि मैं को है रथ थित जान ॥ १६॥

राखि लषन सियकौ तिहि ठांहीं गये दूका की प्रभु मुनि पांही ॥
लखि रामा गम पूजि मुनी तहि ॥ गोन मिल्यौ प्रभु से कुसमय लहि
पुनि प्रभु सिय लछमन मुनि चरना गहे जाय बिधिवत अघहरना
दै आसीस मुनि हिय हर्षाये ॥ कंद मूल फल मधुर खवाये १७

दो० बर आसन बैठाय पुनि बोले मुनि कर जोरि ॥
दै दरशन प्रभु तुम करी मनसा पूरन मोरि ॥ १८

दीन दयाल भक्त हितकारा ॥ अवधि निवासी जन मन हारा ॥

सियलछमनजुल श्यामसरीरा॥ बसो मोर उर घर रणधीरा ॥
मो मन तुम चरनन तें न्यारा॥ होय न यह बर देऊ उदारा ॥
एवमस्तु कहि पूछ्यो रामा ॥ मुनिसें सुरपति आगम कामा ॥
कहि मुनि मो तप कारन आयो॥ लेजावन विधि धाम सुहायो ॥
मै तुम आगम जानि गुसांई॥ गयो न सुरपति संग रघुराई ॥
अब तुमसें मिलि निज तनु त्यागों॥ जैहों ब्रह्मलोक हित पागों ॥
निकट सुतीक्षण बसबन माहीं॥ तुम्हरो भक्त मिलहु प्रभु ताही॥
दो॰ यों कहि रामहि दै सुफल पुनि करि अग्नि प्रवेस॥
ब्रह्मलोक शरभंग गो लहि नूतन तनु वेस ॥२०
पुनि तहं धार्मिक प्रभु निकट आये ये ऋषि राज॥
विपति निवेदन आपनो कष्ट निवारन काज ॥२१
वालखिल्य वैखान सरु तापस पत्रा हार ॥+॥
संप्रक्षालमरीचिपरु पुनि मुनि सलिला हार २२
दांतरु दंतोलूखली स्थांडल सायी सोय ॥+॥
अश्मकुट्ट उन्मज्जकरु पंचतपोन्वित होय २३
वायु भक्ष आकाश गृह सजप आर्द्रा पट वास
अनवकाशिकरु असयन सुतपो निष्ठ गिरिवास २४

मुनि बचन

प्रभु असुरन अगनित मुनि खाये॥ देखहु तिनके अस्थि निकाये
तिनहि बिदारि हरहु मुनि पीरा॥ जनपालक खल घालक धीरा ॥
करुणाकर बोले असुरारी ॥+॥ राक्षस हीन करों महि सारी ॥
देखहु अनुज सहित मो कामा॥ कवि गुलाब सब बसहु स्वधाम
दो॰ यों पन करि मुनिगन सहित गये सुतीक्षण पास॥
मिले हर्षि उठि छबि लषत मिटत न मुनि चष प्यास २५
मुनि कहि प्रभु तुव दर्शन हेतू॥ मारग जोवत रह्यो निकेतू ॥+

नतु मैं जातो स्वर्ग गुसाँई ॥ मोहिं लैन आयो सुर राई ॥
तुम सब प्रानिन के उर वासी सबद्रष्टा सम रूप प्रकासी ॥
तउ तुव मंत्र जाप करि लीना ॥ तिनहिं करौं निज माया लीना ॥
नामाश्रित की हरे स्वमाया ॥ जिमि न्रप कौं सेवक सम छाया ॥
इक तुम थिति पालन लयवारा विधि हरि शंकर रूप उदारा ॥
सब कँहँ भासत त्रिविधाकारा ॥ जिमि दिन नायक वारि मझारा
मोह पास गत मोहि निहारयो ॥ सदन आय जन जानि उधारयो
दो० नाथ कौन अभि दीन पर कृपा कृपाल महान ॥
सदा लखन सिय सहित प्रभु मो उर बसहु सुजान २०
सुनि मुनि बर की मृदु बर बानी ॥ बोले राम हरषि सुख दानी ॥
मैं ऋषिराज तुमहि सब लोका ॥ देहौं जेहैं अगम अशोका ॥
अबसे कहाँ बसौं मुनि राया ॥ स्थान बताबहु मुहि करि दाया
तुम सब जानन सब हित कारा ॥ कह्यो मोहि शरभंग उदारा ॥
मुनि बोले यह आश्रम रामा ॥ है रमनीय बसहु मति धामा ॥
बसत महा मुनिगन ह्याँ नाना ॥ रहत मूल फल सदा महाना २१
दो० पै ह्याँ आवत बहुत मृग विक्रम रूप दिखाय ।
मोह नसन मुनिजनन को है यह दुख रघुराय २२
राम वचन
मैं ते मृग हनिहौं तुहि याना ॥ कस तुम्हरे सन्मुख भगवाना
ताते ह्याँन रहौं चिर काला ॥ हनौं अनन वाले मृग विकराला ।
यौं कहि संध्या करि रघुराई ॥ अमृत समान मूल फल खाई
सोये निशि सिय लखन समेता ॥ मान नित्य कृत करि चित चेता
पूछि सुतीक्षण सें मग गाथा ॥ नाथ शीघ्र गमन्यौ जय साथा ।
कहि मुनि लखि बन ऋषिगन ठामा पुनि आवहु तुहि आश्रम राम
दो० ऐसें कहि प्रभु लखन जुत करि प्रदक्षिणा तास ॥

चले राम सिय लखन त्रय मुनिगन जुत सङ्लास ३१

सीताबचन

कामजतीन दोष है नाथा ॥ मिथ्याबचन रूप रतिय साथा ॥
बिना बैर रौद्रत्व निदाना ॥ तुम सब दोषन रहित सुजाना ॥
अब मृगअसुर नाशयन कीना ॥ सो मिथ्या नहिं होय प्रवीना ॥
पै अपराध बिहीन बिनासा ॥ अनुचित दोष तहैं अरि त्रासा ॥
तुम धर्मिष्ठ सत्य ब्रत धारी ॥ पितु सासन रत जग हित कारी ॥
मुनि बिनती सुनि बिन अपराधा। चले करन असुरन कौं बाधा ॥
जुगल शस्त्र धर तिनहिं निहारी हनिहौं मैं मनमैं निर्धारी ॥
तातें प्रभु अब पावन माहीं ॥ चलिवो मो मन मानत नाहीं ॥

दो० नाको कारण है यहै छत्रि अगिन के पास ॥
होय शस्त्र इंधन तबै बढ़ै तेज बल नास॥ ३२

पूर्वे इतो इक मुनि बन माहीं॥ खग मृग रत शुचि मन अघ दाहीं
तिहिं तप विघन करन मन मानी आयो सुरपति भट तनु ठानी ॥
खड्ग धरोरि धस्यौ मुनि नाहीं॥ राखै तिहिं करि जत्न महाहीं
कंद मूल फल लेनङ्ग जाबै ॥ खड्ग राखि संग हियङ्लसावै
नित्य खड्ग बंधन के साथा ॥ भई क्रूर मति मुनि की नाथा ॥
त्यागि स्वधर्म मत्त अति होई ॥ गयो नरक मैं मुनिबर सोई ३४

दो० होनशस्त्र सैं कलुषमति तातें धारि मुनि बेष ॥
धरौ धर्म ही धर्म सें पावत सर्म अशेष ॥ ३५

धर्म कष्ट सैं सुख संसारा ॥+॥ लहत न सुखसैं सुख अरि हारा
नित्य धर्म रत शुचि मन आपू॥ त्रिभुवन व्यापक पाम प्रतापू ॥
सर्वे तत्व वित हौ विज्ञानी ॥ है त्रिभुवन की बात न छानी॥
तिय स्वभाव करि बात जनाई करङ्ग बिचार सहित दोउ भाई

दो० सुनि सियके हित युत बचन बोले श्री रघुराय ॥

प्रिया कहे तैं धर्म जुत बचन सदा सुखदाय ॥ ३७

पै यह क्षत्र धर्म है प्यारी ॥ सुनै न आरत बचन धनु धारी ॥
आति आरत ऋषि दंडक बासी आये मोर सरन खल त्रासी ॥
कही सबन हूमि ऋषि तपसाना खाये खल असुरन ने नाना ॥
होम पर्व के समय सदाही ॥ देत महा दुख दोष बिनाही ॥
शाप देय हम तिनहि नशावैं पै तप बिगरत देखि सकावैं ॥
रक्षक हेरत बहु दिन बीते ॥ आज मिले प्रभु तुम चित चीते
आये सरन रावरी ताता ॥+॥ हरो घोर दुख त्रिभुवन त्राता ॥
मैं सुनि दीन बचन निर्धारा ॥ असुर नाश कीनों स्वीकारा ॥ ३८

दो० बिना कहे हू सर्वदा मैं टारौं मुनि ताप ॥+॥
अब तौ तिनकी सुनि बिनय स्वीकृत कीनौं आप ३९

तजौं न पन मन भावत मोही ॥ त्यागौं जीवन लछमन तोही
कहे बचन तैं मोहित साना ॥ तिनतैं मुहि भो हर्ष महाना ॥
हैं ये बच तुव कुल अनुरूपा ॥ धर्म तिया है मोरि अनूपा ॥
प्रानहु तैं मुहि अधिक पियारी पति रत पावन आति मति वारी
यों कहि धनु सर धर रघुनाथा ॥ चले बिपिन सिय लछमन साथा ॥
आगे जाय तड़ाग निहारा ॥ आति सुंदर जोजन बिस्तारा ४०

दो० ताके जल निर्मल बिषे सुनियत बाजा गीत ॥
बिन जन लषि बिस्मत भये राम लखन अरु सीत

पूछौ मुनिहि धर्म भृत नामा ॥ का यह आचिरज कहु सुख धामा
यह पंचाप्सर नाम तड़ागा ॥ मांडकर्णि मुनि रचित सभागा
तिन तप कीन सहस दश साला ॥ भषि बर बात पैठि इहि ताला
तप लखि सकल सुरन दुख माना मुनि चाहत किहुं सुर का स्थाना
सब मिलि पंच अप्सरा प्रेरी ॥ तिन माया फैलाय घनेरी ॥+
मुनि मन स्ववस कीन छिन माही कीन स्वपति पंचन मुनि ताही

दो॰ ते मुनि सुत इहिं ताल मधि रमत रहत सुख साथ,
तिनके भूषन गान को है यह रव रघुनाथ ४३

सुनि प्रभु तहाँ बसे निशि पाई ॥ पुनि क्रम क्रम मुनि आश्रम जाई ॥
बसे वर्ष दश तहाँ सुजाना ॥ आये बहुरि सुतीक्षण थाना ॥
कछुक मद्रक संयत रघुराई ॥ बसे तहाँ भक्तन सुखदाई ॥
इक दिन मुनि ढिंग बैठि सुजाना ॥ पानि जोरि बोले भगवाना ॥
नाथ अगस्त्य बसत बन माहीं ॥ तिनको आश्रम जानौं नाहीं ॥
देउ बताय तहाँ अब जैहैं ॥ मुनि दर्शन करि कृत २ ह्वैहैं ॥

दो॰ रामचन्द्र न शुचि सरल सुनि बोले मुनि हर्षात॥
राम आजु हि मैं हौं यही कहन चहत हौ तात ४५

मन भावतु अबहीं चित चाऊ ॥ प्रभु ह्याँ तें चव जोजन जाऊ ॥
दक्षिण दिक इक आश्रम आही ॥ तहं अगस्त्य को भ्रात रहाही ॥
तातें इक जोजन पर सोई ॥ है अगस्त्य मम गुरु मुनि राई ॥
सो सुनि मुनिहि नाथ सिर रामा ॥ गमने इध्मवाह मुनि ठामा ॥४६

दो॰ सो आश्रम लखि राम ने कहि लछिमन सैं बात
ह्याँ पहिलें खल असुर जुग भ्रात इते द्विज घात ४७

वातापी इल्वल खल खानी ॥ इल्वल द्विज बनि संस्कृत बानी ॥
श्राद्ध भाखि द्विज नेवत लगावै ॥ वातापी सुमेष बनि जावै ॥+॥
तिहि हनि करि तिहि मांस रसोई ॥ द्विजन जिमावै इल्वल सोई ॥
जीमे पर कहि आवहु भाई ॥ तब सो उदर फारि कढि जाई ॥
हने हजारन द्विज इहि रीती ॥ तब देवन अति जानि अनीती ॥
कहि अगस्त्य सैं तिन तहँ आई ॥ भाख्यो सुमेष मुदित मुनि राई ॥
तब कहि इल्वल कढि मम ताता ॥ मुनि कहि जम घर गो तुव भ्राता
तब कोपि इल्वल मुनि पर धायो ॥ नयनानल करि ताहि जरायो ॥४८

दो॰ सुनि मुनि सैं मिलि वासी निशा कंद मूल फल खाय॥

मातमुनिहि शिर नाय प्रभु चले रजायसु पाय ४९

देख्यौ ऋषि अगस्त्य थल पावन॥ फूलि फले तरु लता सुहावन॥
बैर रहित खग मृग गन डोलैं॥ शुक पिकादि कोमल कल बोलैं
होम धूम करि भौ बन श्यामा॥ चीर माल थापित सब ठामा॥
दक्षिण दिसि लखि लखन सुजाना॥ ऋषि प्रभाव करि अभय निदाना
लाग्यौ बाढ़न विंध्य गिरीसा॥ रविमग रोकन धरि मन रीसा॥
सो अगस्त्य मुनि आय निवास्यौ॥ बढ़ैन अबलौं बचन प्रचास्यौ

दो० दीर्घ आयु तप तेज जुत है अगस्त्य मुनि राय॥
क्षमा दमादम शांति धर शुचि मन दीन सहाय ५१

ह्यां बसिहौं बन के दिन शेषा॥ करिहैं मुनि कल्यान बिशेषा॥
सुर मुनि सिद्ध यक्ष गंधर्वा॥ नियमित असन बसहि ह्यां सर्वा
कूट शठ निर्दय अरु पापी॥ हिंसक बसि ह्यां बचैन कापी॥
अल्पज्ञ तप करि इहिं पद मांहीं॥ लहै परम पद संसय नाहीं ५२

दो० चौंकाहि प्रभु सिय लखन सह मुनि अगस्त्य ढिंग जाय
नमि करि आशिर्वाद लहि बैठे आय सुभाय॥ ५३॥

कुशल प्रश्न करि भोजन दीना॥ सादर रामचंद्र सिय कीना॥+॥
पुनि आसन बैठाय अनूपा॥ हाथ जोरि बोले मुनि भूपा॥
हौ तुम एक आदि जग कारी॥ मूल प्रकृति है शक्ति तुम्हारी॥
सो माया तुव इच्छा पाई॥ महत्तत्व कौं रचे गुसांई॥+॥
तातें अहंकार उपजावै॥+॥ अहंकार तें गुन प्रगटावै॥
सात्विक राजस तामस सोई॥ विष्णु बिरंचि ईस तुम होई॥
जन हित लीला करन अनंता॥ निर्गुन तुमहि होत गुनवंता॥
सो तुव माया द्वै विधि रामा॥ विद्या और अविद्या नामा॥

दो० पुरुष अविद्या बान सब हैं प्रवृत्ति मग लीन
विद्या बस वर्ती मनुज मग निवृत्ति रत चीन ३९

रत संसार अबिद्या वारे ॥ बिद्या तुत निर्व धन सारे ॥+॥+॥
नामजपत तुव भक्त न माही ॥ छिद्या प्रगट त राम सदाही ॥
तातैं मुक्त भक्त तुव आही ॥ ज्ञान मुक्त सपने हू नाही ॥+॥
मुक्ति हेतु केवल सत संगा ॥ जातैं रुचि कै कथा प्रसंगा ॥+॥
सो मुहि देऊ सदा रघुराया ॥ हरन मोह ममता मद माया ॥
कवि गुलाव तुव भक्ति विहीना ॥ लहै न दर्शन परम प्रवीना ॥३६

दो॰ आज सफल मम जन्म औ भये सफल मख सर्व
दीर्घ काल तप सफल भौ लहि तुव दर्श अगर्व ३७

पुनि सुरपति ने धरे अनूपा ॥ राम हेत अक्षय बर रूपा ॥+॥
मुनि असि धनु सर नरकस दीने ॥ सादर करि प्रणाम प्रभु लीने
हँसि प्रसन्न ह्वै बहुरि मुनीशा ॥ बोले मृदुल सुनहु जगदीशा ॥
मग श्रम सहि आये मो ठामा ॥ कीन्ह मोहि प्रभु पूरन कामा ॥
राज कुंवरि सिय अति सुकुमारी ॥ आई वन संग प्रेम प्रचारी ॥
सहन महा दुख मग बन माही ॥ रह हर्षित जिमि रघुवर याही ॥
यह तासीर तियन की आही ॥ रह सुखमें दुख देखि पलाही ॥
तड़ित चपलता असि पै नाई ॥ रहन तियन मैं पवन तुराई ॥३८

दो॰ सियहु न दोष नरहित है महा पूज्य पति लीन ॥
ज्यौ धनी यज्यौं सुरनमें अरु धर्तौं अघ हीन ३९

पुनि कहि तुव कर्तव्य बिचारी ॥ पठवौ अनन विम्ब हित कारी ॥
ह्यां तें द्वै जोजन इक ठाँऊ ॥ पावन पंचवटी तिहिं नांऊ ॥
तहँ बसि पालहु ऋषिन समाजा ॥ हनि गन असुर करहु सुर काजा
सो सुनि मुनि चरनन सिर नाई ॥ बोले विमल बचन रघुराई ॥
प्रभु कृत कृत्य भये हम आजू ॥ कौन प्रसंसा तुम मुनि राजू ॥+॥
यौं कहि बार बार शिर नाई ॥ गमने हर्षि रजाय स पाई ॥४०

दो॰ पंचवटी के मार्ग मैं लख्यौ गीध वल धाम ॥

महाकाय तिहिं प्रभु कह्यौ कोतू कहि कुल नाम

बोल्यौ गीध राम हित बाना ॥ मैं हौं दशरथ मीत सुजाना ॥
मानि महामति पितु को मीता ॥ पितुवत पूज्यौ राम पुनीता ॥
बहुरि गीध बोल्यौ हर्षाई ॥ सुनहु मोरि उत्पति रघुराई ॥
पूर्व काल मे ये दश साता ॥ भये प्रजा पति शुचि मन ताता ॥
कर्दम प्रथम विकृत पुनि सेषो ॥ संश्रय पुनि बहुपुत्र बिशेषा ॥
स्थाणु मरीचि रु अत्रि सचेता ॥ क्रतु पुलस्त्य अंगिरा प्रचेता ॥
पुलह दक्ष विवस्वान निदाना ॥ अरिष्टनेमि रु कश्यप जाना ॥
भइ दक्ष के साठि सुताही ॥ + ॥ तिनतें कश्यप तेरह ब्याही ४२

दो० अदिति दिति रु दनु कालका ताम्रा क्रोधवसा रु
मनु अनला इन आठ की संतति वर्णौं च्यारु ४३
जने अदिति तेतीस सुर आदित्य रु वसु आन ॥
रुद्र रु अश्विन अथ जने दिति ने दैत्य निदान ४४

अश्वग्रीव भयो दनु बालक ॥ जने कालका नरक रु कालक ॥
क्रौंची भासी श्येनी आना ॥ धृतराष्ट्री रु शुकी बलवाना ॥
पांच सुता ताम्रा उपजाई ॥ तिनतें उपजे खग समुदाई ॥
क्रोधवसा के भइ दश कन्या ॥ तिन उपजाये पशु अहि धन्या
मृगी हरी मृगमंदा श्वेता ॥ भद्रमदा कद्रु को सचेता ॥
मातंगी सुरसा शार्दूली ॥ + ॥ सुरभी दश भगनी अनुकूली ॥
मनु के उपजे मनुज अपारा ॥ अनला के तरु अखिल उदारा
सुता शुकी की नता निदाना ॥ नता सुता बिनता मति वाना ॥

दो० बिनता के सुत दोय भे गरुड अरुण विख्यात
अरुण सुवन संपाति अरु मैं जटायु भौ तात ॥४६

रहिहौं मै तुव वास सहाई ॥ जब सह लषन सिकारहि जाई
तब करिहौं सियकी रखवारी ॥ रहि करि आश्रम शून्य मझारी

सो सुनि राम ताहि सनमान्यौ ॥ हर्षित भये पिता सम जान्यौ ॥
संग लेय तिहिं कीन पयाना ॥ गये गोमती तीर सुजाना ॥
पंचवटीआश्रम रुचि राई ॥ लखि लछमन सें कहि रघुराई
समिध पुष्प कुशजल ह्वै नीरा ॥ लता वृक्ष महि मन हर धीरा ॥
रचहु कुटी तंहँ बिसद बिशाला तुहि मुहि सियहि सुखद सबकाला
लहि प्रभु संमति कुटी बनाई ॥ कुशकाश रु शर पर्ण न छाई ॥
दो॰ महि लवारि अस्नानकरि अमल फूल फललाय ॥
बास्तुशांति करि बर कुटी दीनी प्रभुहि दिखाय ॥+॥
लखि प्रभु महा मनोहर ताई । ह्वै हर्षित लखनहिं उर लाई ॥
बोले महत्त कर्म लखि तोरा ॥ महा प्रसन्न भयो मन मोरा ॥
आतिधर्मज्ञ कृतज्ञ सुजाना ॥ कला कुशल सबबिधिबलवाना
तें करि काम मोर मन भायो ॥ सदन त्याग पितु मरन भुलायो
दो॰ यौं भ्रातहि सनमानि सिय अनुज सहित रघुराय
बसत भये तंहँ गीधजुत कबि गुलाब हर्षाय ५०
इक दिन लछमन कहि मम नाथा कहु प्रभु मोहि मुक्तिप्रद गाथा
बोले राम सुनहु प्रिय भाई ॥ माया कल्पित विश्व सदाई ॥
दीषत यौं आत्मा में ताना ॥ रज्जुहि सर्प कहत अज्ञाना ॥
अस नस कल है सुन्यौ लख्योऊ जैसें स्वप्न मनोरथ दोऊ ॥+॥
जीवतु बुध्यादिक तें आना ॥ परमात्मा सो आहि निदाना ॥
ताको ज्ञान होइ इहि रीती ॥ मान दंभ हिंसादि अभीती ॥+॥
पर कृत निंदा सहि ऋटजु रहई ॥ मन बच तनु करि गुरुहित गहई
बाहरि भीतरि शुद्ध सदा रह ॥ सत क्रियादि में थिरता अति गह
दो॰ ॥ कायबचन मन दमन करि विषय चाह तजि देय
अहंकार तजि जन्म अरु जरा मरण सुधि लेय ५२
पुत्र कलत्र धनादिक माहीं ॥ होय न सक्त विरक्त रहाहीं ॥+॥

इष्ट अनिष्ट प्राप्ति की वारा ॥ धरै चित्त समता अति वारा ॥
राखै मोमैं भक्ति अनन्या ॥ प्राकृतजन रति तजि अतिधन्या
आत्मज्ञान हित रत उद्योगा ॥ करवेदांत अर्थ मैं योगा ॥+॥
इनतैं होइ ज्ञान बिज्ञाना ॥ सोहै जीवन मुक्त निदाना ॥
पै मम भक्ति विमुख कौं ताता ॥ है अति दुर्लभ मुक्ति बिख्याता
ज्यौं सदृगङ्ग कौं निशि नाहि भासै ॥ दीप धरें सब वस्तु प्रकासै ॥
यौं मम भक्तिजुक्त कौं भाई ॥ भलीभांति आत्मा दरशाई ५३

दो० है कारण मो भक्ति को मो भक्तन को संग ॥
मो सेवा मो जनन की सेवा करन असंग ५४

ग्यारसि व्रत करि कर जागरना ॥ ममउत्सव ठानै मन हरना ॥
श्रवन पठन व्याख्यान अपारा ॥ करै सदा मो गुणानु कारा ॥
रटै नाम पूजन मन धारै ॥+॥ तब मम भक्ति हृदय बिस्तारै
तातैं होय ज्ञान बिज्ञाना ॥+॥ मुक्ति तासु कर बसै निदाना ॥

कबिवचन

दो० पंचवटी मैं बसत इमि पावत हर्ष अनंत ॥
बीती बर्षा शरद ऋतु आवत ऋतु हेमंत ५७

बडे प्रात इक दिन रघुबीरा ॥ जात लषन सिय सहसरि नीरा
बोले लषन लषङ्ग रघुराई ॥ चहुं दिशि हिम ऋतु की सरसाई
सस्यवती महि अति नीहारा ॥ भौ जल दुखद अगिनि सुखकारा
असन पाक गोरस अति आही ॥ विचरत भूपति देशन माही ॥
रवि लहि दक्षिण भई अपीची ॥ तिलक हीन तिय तुल्य उदीची
लहि तुषार भो धूसर भानू ॥ श्वास अंध आदर्श समानू ॥
धून्यो ज्यौं न्हतु बार मलीना ॥ लसत न ज्यों सिय घाम विलीन
इह ओदित नीहार मकारा ॥ रवि शशि सम लागत सुकुमार

दो० शीतल सघर सहिम मिलित पश्चिम पवन तुसार

बहत सदा पर अति दुखद है प्रभात की बार॥
आफ उदल जब गोड़न मांही ॥ ओस बिंदु मुक्तन सम आहीं ॥
उदित भानु अति राजन क्यारी ॥ सारस क्रौंचन के नद बारी ॥
दीसत हिम व्यापित बन छीना ॥ शीत दग्ध तरु पल्लव हीना ॥
भोहिन अल्प मध्य सुख देना ॥ शीत बली भइ दीरघ रैना ॥+॥
दो० मत्त त्रषित जल पावहित द्विरद ताल ढिग जाय
अति शीतल जल छुवत ही लेत स्वहस्त हटाय ६०
जल चर खग हू थित जल तीरा ॥ धसैं न शीत बिकल सर नीरा ॥
पुष्प रहित अति हिम तम साजी ॥ सूतीसी दीखत बन राजी ॥+॥
भाफ भर्यो जल सारस नीरा ॥ सोहत सरिता शीत सरीरा ॥
जरे पुष्प पल्लव बिन्हि नाला ॥ दीसत कौंलन के कलना ला ६२
दो० शीत भरी अतिसय दुखद ऋतु हेमंत प्रकार॥
करत भरत तप अवधि मैं तुम्हरो भक्त उदार॥
त्यागि भोग महिमा नर जाई ॥ महि सोवत मुनि अन्नन खाई
बड़े भोर सरजू जल माही ॥ करत भरत स्नान सदाहीं ॥
अति सुख लायक तनु सुकुमारा वह तप बन अति परत तुषारा॥
धसि हिम शीतल सरजू नीरा ॥ करत भरत जप कस रघुबीरा॥
कमल नयन श्यामल श्री माना॥ धर्म सत्य रत अति मति बाना॥
प्रिय मृदु भाषा सरल सुभाऊ ॥ नाजितय सब सुख कोसलराउ
जीत्यो स्वर्गहि भरत स धर्मा ॥ घरवासि कारि तुम सम बन कर्मा
लोन स्वभाव मात को लोका ॥ भरत कीन मिथ्या यह कोका ६३
दो० पति जाको दशरथ न्रपति साधु भरत सुत तास
क्योंकरि माता केकयी क्रूरा भइ प्रकास ॥६४
धार्मिक लछमन की सुनि बानी ॥ सत्य सनेह विनय नय सानी ॥
सहि न सके जननी परि बादा ॥ बोले कोमल सहित प्रसादा ॥

तात तोहि माता कैकेयी ॥ नाहिं निंदा कर्तव्य कदेयी ॥
रघुकुल नाथ भरत की गाथा ॥ कहहु सदा ल छमन सुख साथा
मो मति दृढ़ वृत जुत है भाई ॥ तदपि भरत हित कर बिकलाई
मृदुल मधुर प्रिय अमृत समाना ॥ सुमरौं भरत वचन नित जाना
कब ह्वै है वह दिन सुखकारा ॥ मिलिहैं जब भ्राता हित कारा ॥
यों बिलपत पुनि २ रघुबीरा ॥ पहुंचे सरि गोदावरि तीरा ॥ ६५

दो॰ करि सनान सिय लखन जुत तर्पि पितर रघुनाथ ॥
करि अस्तुति रवि उदित ही चल आये सब साथ ६६
कहत सुनत विस्तान तहँ धर्म कथा न्रप नीति ॥
सिय ल छमन मुनि बालन सों इक संवत गो बीति

रावण की भगनी तिहिं वारी ॥ सूर्पनखा आई निशिचारी ॥ ६७
सु धमा धाम काम सम रामा ॥ श्यामल तनु भ्रकुटी बर बामा ॥
चंद बदन दृग कंजल जाना ॥ महा बाहु उरपति उप माना ॥
गज गामी न्रप चिन्ह अपारा ॥ जटा मुकुट धर अति सुकुमारा ॥
नख सिख सुभग देषि रघुबीरा ॥ काम विवस ह्वै भई अधीरा ॥
धरि वर रूप राम ढिंग जाई ॥ कुटी माहिं बोली मुसकाई ॥
मैं रीझी लषि रूप तुम्हारा ॥ करो मोहि तुम अंगी कारा ॥ ६८
हौं रावण भगिनी बर वामा ॥ मोहि बरें ह्वै हौ सुष धामा ॥

दो॰ कहि प्रभु मैं तिय सहित हौं है यह मुहि अति प्यारि
तातैं तोहि न होय सुख असह सौति दुख नारि ॥

बोली तिय आवै हित चाहो ॥ ताहि तजें ह्वै दोष महा हो ॥ ६९
मैं हौं काम कलान प्रवीना ॥ मुहि भजि त्यागि याहि रति हीन
सुनि कहि राम बहुरि इमि बानी ॥ नहिं परसौं पर नारि सयानी ॥
तातैं कहुं इक आन उपाऊ ॥ मो समान तुहि अनुज बताऊं

दो॰ सब लक्षण संपन्न शुचि लक्ष्मण शील महाहि

तिहिं संग नारी नाहि
है बाहिरजा नाहि भजि तिहिं संग नारी नाहि
...थ लखन हिग मृदु मुसकाई॥ कहि तुम मम पति होउ गुसाँई॥
...हि लछु मनमें उन कर चेरा॥ दासी भये कौन भल तेरा ॥+॥
...तिं त्रिभुवन पति की वाला॥ रघुपत्नी बनि हो सुख शाला॥
...वर रूपा लघु वय बारी ॥ क्है हैं तुव वस कट असुरारी ॥
...सुनि प्रभु हिंग गइ लछमन प्रेरी॥ समुझि हास्य रस भौंह तरेरी॥
...सीस रूप धारि तिय पै धाई ॥ तब बोले रघुनाथ रिसाई ॥
...क्रूर कुटिल शठ सें परि हासा॥ नहि करिये यह है फल तासा॥
...सुनि रिस रोकि कह्यो जग पाला॥ डरपावति सीतहि क्यों वाला॥
...दो० तोहि वताये मैं अनुज तूं आई तिहिं टारि ॥
पुनिजा ताही के निकट करि है तोहि स्वनारि
सुनि बोली मैं गइ तिहि पासा ॥ फिरि आई इहि हेतु प्रकासा॥
तुव अनुरूप आहि तुव भ्राता ॥ सुनें न क्यौंहू एकहु वाता ॥+॥
तू अनुजहि चह मोहि विवाहो॥ तो द्वै आखर लिखिदे ताही
लिखी लखन कुटिला है नारी॥ नाक कान हनि देउ विडारी॥
दो० प्रभु लिपि लखि ली ज्ये लखन नाक कानतिंहि काटि
मनु दशशिर भुजबीस को लियो सकल बल छाटि
बीते द्वादश वर्ष वन लगत तेर वौं साल ॥+॥
मार्ग शुक्ल एकादशी सूर्प नखा तिहिं काल ॥
...रोइ कही हा दशशिर भ्राता ॥ कुंभ करण अति बल बिख्याता
हा गुण खानि बिभीषण भाई॥ महा कष्ट मे करहु सहाई ॥
यों बिलपति खर दूषन पाहीं ॥ जाय पुकारि परी महि माहीं॥
खर कहि तुव असि गति किन कीनो किहिं अंगुरी अहि मुखमें दीनो
काल पास निज कर गरडारी ॥ कोजैहै जम पुर विष धारी ॥
काम रूप तूं सबल महाही ॥ को अस बली तोहि जिहिं दाही

तिँहिँ महि डारि सरन तनु भानी। करिहौं गीध काक मिज मानी
सुनि खर बचन सकोप सम्हारी ॥ कही कथा रघुबर की सारी ७
दो० पुनि कहि भ्राता तू जबै हनिहै तिनहि सुखेन ॥
तब मै तिनको माँहि परत पीहौं रुधिर सफेन ७४
यह मम प्रथम काम है भ्राता ॥ करहु बेगभारि हर सुरघाता।
सो सुनि खर ने प्रवल चतुर्दस ॥ पठये तिनहि हतनहित राक्षस
कहि फट न्टप सुत मारि गिरावो॥ मम भगिनी को रुधिर पिवावो
ते करि कोप राम पै धाये ॥ तिनहि मारि प्रभु भूमि गिराये
पुनि गइ सूर्पनखा खर पासा॥ सो सुनि दल सजि चल्यौ अत्रा
असगुन अमित भये मग माही॥ अति असंक माने तिँहिँ नाही
छप्प० पृथुग्रीव दुर्जय रु श्येन गामी रुधिहंगम ॥
यज्ञ शत्रु सर्पास्य हेम माली समम छम ॥
परुष महा माली रु काल कार्मु करु धिराशन
करवी राक्षस सचिव द्वादश खरके मन भावन।
बढि चल्यो सेन सैं खर तबै आस पास येऊ भये
करि क्रुद्ध उद्ध भट जुद्ध हित रामचंद्र के ढिंग गये
दो० स्थूलाक्ष रु त्रिसिरा अपर महा कपाल प्रमाथ ॥
है कराल च्यारउ चले ये दूषन के साथ ७७
तिनहि देषि सिय सहित गुसाँई॥ लषनहिँ दिय गिरि गुहा पठा
कवच धारि धनु शर धरि हाथा॥ लगे लरन तिन सैं रघुनाथा।
प्रथम सहस सर खर ने मारे ॥ पुनि सब असुरन शस्त्र प्रहारे
ते सब राम काटि रज कीने ॥ पुनि शत सहस बान प्रभु दीने,
होन परस्पर शस्त्र प्रहारा ॥ भागे असुर राम सर मारा ॥
दूषन तिनहि बिसारि बहोरी ॥ आयो कोपि राम पै दौरी ॥ ७
गरजि गरजि भट अगनित धाये॥ अस्त्र शस्त्र तरु गिरिवर साथे।

काटि राम रजसम सब कीने॥ तब खल असुर भये मद हीने॥
दो॰ बहुरि राम गांधर्व सर छाडि सहस करि दीन॥
सेन पदूषन सहित दल पांच सहस किय षीन ॥७९
पुनि प्रमाथ स्थूलाक्ष स क्रोधा॥ महा कपाल तीन अति जोधा॥
तिनहू अस्त्र शस्त्र बहु डारे ॥ छिनमहि राम मारि महि पारे॥
खर सुनि पांच सहस भट हानी॥ सचिवन सहित चल्यौ अभिमानी
कोपि कोपि तिन सस्त्र चलाये॥ काटि काटि रघुनाथ टलाये ॥
पुनि करि कोप राम सर मारे ॥ तुरतहि खर भट सकल संहारे
पुनि त्रिसिरा कौं मारि गुसांई ॥ खर सैंन लरन लगे रघुराई ॥
तिहिं खल प्रभु को कवच विदार्यौ तव प्रभु कोपि ताहि महि पार्यौ
इंद्र नमुचि बल वृत्र संहारा ॥ हर अंधक त्यौं प्रभु खर मारा ८०
दो॰ जन स्थान वासी गये चौदह सहस नसाय॥
ज्यौं करका भषि ब्राह्मणी अंतक सदन बसाय ८१
कछुकम घटिका तीन मैं मारे राम उदार ॥
सुमन वृष्टि नभतैं भई दुंदुभि बजे अपार ८२
चंद कला सीता लखन आये आश्रम माहि॥
देखि पराक्रम राम को वाढ्यौ हर्ष महाहि ८३
भागि तहांतें गयो अकंपन ॥ जाय कथा सब कहि रावनस
सुनि कहि राम कोपि सर धारै॥ तौ पूरन सरिवेगाहि टारै ॥+
करै अकास हिन षत बिहीना॥ अवनि उधारै दुःखबिलीन
वेला तजत जलधि कौं डढै ॥ सर सजि वात प्रवाहहि पाढै
तातैं तून जौति सक रामहि॥ ज्यौं अघ कारक नर सुर धामहि
है तिहि नाशक एक उपाऊ ॥ करहु बेग चित लाय सुनाऊं
तासु तिया सीता अति लौनी ॥ है श्यामा सम तनु गज गौनी
नगी पन्नगी देव कुमारी ॥ नहि तिहिं सम कानरी बिचा

दो॰ तिंहिं हरिलावै यत्नकरि बिपिन अचानक जाय
मरै राम ताके बिरह पुनि लषनऊ मरि जाय ८५
सुनि नभचर रथमै चढ़ि धायो ॥ झट मारीच सदन सो आयो ॥
कहि रावन इक नृपसुत रामा ॥ खल खरादि भट हने नसामा
हरि लाऊं तिंहिं तिया किशोरी ॥ होहु सहाय तात तू मोरी ॥+॥
सुनि बोल्यो मारीच प्रवीना ॥ सिया हरन मन किंहिं तुहि दीना
सोहै मित्र रूप अरि तोरा ॥+॥ राक्षसकुलहि चहत जलबोरा
जो यह तुहि उत्साह करावै ॥ सो तोपै अहि डाढ परावै ॥८६
दो॰ कानै अनुचित कर्म खलु सिखयो कठिन नवीन
रावन तुव सुख सोत यह किंहिं मस्तक सरदीन
सुद्धवंश भव सुंड वर तप मद रद जुग हाथ ॥
रन सन्मुख कोउ लखि न सक गंधकरी रघुनाथ
रन बन थित मध्यम बयस राक्षस मृग मृगराय
सरपूरण तनु डाढ आसि तिंहिं सूतहि न जगाय ८८
चाप ग्राह सर ऊर्मि गन भुज बल पंक अथाह
घोर राम रन जलधि मे जानि परि राक्षसनाह ८०
समुझायो मारीच को रावन ह्यो यहि रास ॥
आयो लंका मे प्रविशि बैठ्यो सभा स त्रास ॥८१
सूर्प नखा हू लखि खर नासा ॥ जलद नाद सम रोय प्रकासा
महा दुखित रावन ढिंग आई ॥ देख्यो सिंहासन थित भाई
लसन सचिव गन माझ महाना ॥ सुरगन माहि सुरेस समाना ॥
करत बिलाप गई तिंहिं पासा ॥ नाक कान हत निपट उदासा ॥
को पित होय रोय दुख दीना ॥ बोली कठिन बचन छवि छीना
मत्त भोग रत लुब्ध अमानी ॥ काम विवस भूपजु अभिमानी
मानत ताहि न प्रजहित कारा ॥ चिताज्वाल कौं जिमिं संसारा ॥

समय त्यागि जो करै स्वकाजा॥ राज्य सहित बिनशै वह राजा॥
दो० अनुचित कार नियादि बस नरपति मौसर टाल।
तजत ताहि सब लोक जिमि नदी पंक को ब्याल ९३
कटु बचनी गार्बित शठ रु सू मप्रमत्त स्वभाय ॥
बिपति परे अस स्वामि की कोउ न करै सहाय॥ ९४
सचिवन मत का मन करै भयतें भय नल हाय ॥
छूटि राज्य कै शीघ्रही त्टरा सम दीन सुराय ९५
शुष्क काष्ट हू काम कर लोह रजऊ कर काम ॥
भ्रष्ट थान महिपाल सें होय न तन कछु काम ९६
ज्यौं हैं भोगे बसन अरु मर्दी माला सोय ॥
त्यौंहि निरर्थ समर्थ हू राज्य भ्रष्ट नृप होय ९७
अप्रमत्त इंद्रिय जित रु धर्मसील सर्वज्ञ ॥+॥
थिर नृपता लह भूप सो पर उपकारि कृतज्ञ ९८
तू सब दोषन सहित है सब गुण रहित निदान
राज्य भ्रष्ट अब शीघ्रही कै है असुर अयान ९९
दशरथ सुवन नाम रघुबीरा ॥ तिंहिं खरादि मारे रण धीरा ॥
लखिन सकौ तू चर चख द्वारा॥ सोवन है मद वस जित दारा ॥
सुनि खरादि बध राम प्रतापा ॥ भौरा बन मन अति संतापा ॥
भगनी बिकल देखि दुखसानी॥ रिस भरि बोल्यौ तिंहिं सनमानी
दो० कहहु रूप बल राम को शस्त्र खरादि बिनास॥
तोहि बिरूपा कीन सो भाषहु दोष प्रकास१०१
बोली राघव श्याम शरीरा ॥ बाहु बिशाल धरे मुनि चीरा॥
काम सरूप नयन अरु नासा ॥ आनन अमल कमल मद हासा॥
वृषभ कंध वल सिंह समाना॥ शक्र चाप सम चाप निदाना॥
ताहि कर्षि सर करत बिभागा॥ निकसत मनहु महा विषनागा॥

खैंचत शरनहि दीषत चापा॥ मरतहि दीषत सुभट ग्रमापा॥
हनै सस्य कौं कर का धारा॥ त्यौं राघव सर ग्रसुर संघारा॥
एक मोहि टारी बल वाना॥ नियबध शंका जानि सुजाना॥
तासु ग्रनुज है इक समनाही॥ मति गुण विक्रम तेज महाही॥
दो॰ भक्त प्रेमरत विजय प्रद शुचि मन गौर शरीर॥
प्रानह्र ते प्रियराम की दक्षिणभुज रण धीर॥२०३
राम प्रियासीता मृदु बैना॥ शशिबदनी मृग सावक नैनी॥
कनक बरन तनु ग्रतिसुकुमारी॥ श्री सम सोहत विधिन सकारी॥
रक्त तुंग नख नासा कीरा॥ उन्नत कुच रदना वलिहीरा॥
शील शनी सब भांति ललामा॥ तिंहि नख सम नहिं तिहूं पुरवामा॥
भरै ग्रंक मैं जाहि सुवाला॥ तिंहिं पग रज सम नहिं सुरपाला॥
सो तुब लायक लखिबर नारी॥ ग्रतिउत्तम तिहूं लोक उजारी॥
तुब ढिंग लावन हित मति धारी लागी करन उपाय मुरारी॥+॥
लछमन नाम राम के भ्राता॥ तिंहिं ग्रघ नासा कान निपाता॥
दो॰ तू लखिहै भ्राता जबै सीताहि बन मैं जाय॥
सुरी किन्नरी ग्रासुरी कोउन ग्रैहै दाय॥२०५
मन भावै तौ करि उपचारा॥ जाय विपिन मैं लखि इक बारा॥
मो मत तौ हरि ग्रानि किशोरी॥ पुनि ग्रसि दीठि न परिहै तोरी॥
सो सुनि सचिवन देय बिदाई॥ ग्राप इकांत निजासन जाई॥
सिया हरन मत मन ठहरायो॥ इकलो मन जब रथ चढ़ि धायो॥
दो॰ मग मैं नाना बाग बन गिरि मुनि थल सरि नाल॥
देखत देख्यो सिंधु तट बट को वृक्ष बिशाल॥२०७
घन सम श्याम सघन ग्रलि रूरा॥ नाम सुभद्र ऋषिन जुन पूरा॥
शत शत जोजन शाखा तासा॥ तिंहिं ग्रबसर तंह पन्नग नासा॥
ग्राये गज कच्छप गहि भारा॥ बैठे वट पर करन ग्रहारा॥+॥

त्रयके चार भंग भो डारा ॥ तिंहिं तर मुनिगन नशत निहारा
गहिं सो शाखा गरुड़ उड़ाये॥ मगमें गज कच्छप ते खाये ॥
पुनि शतजोजन स्कंध गिराई॥ दियो निषाद देश बिनशाई॥
तिंहिं लषि दशमुख हियहर्षायो। झट मारीच सदन पुनि आयो।
नमि पूछी मारीच दयाला ॥ कसभा पुनि आगमतत्काला ॥
दो॰ कहि सब कथा खरादि की सूर्पनखा को हाल॥
पुनि कहि चलि मो संग ज्यों हरौं राम की वाल१०९
हूजै नकनक कुरंग बिचित्रा॥ सीता सन्मुख बिचरि पबित्रा॥
लख सीता प्रेरित दोउ भाई ॥ तुहिं मारन चलिहैं हर्षाई ॥
तब मैं सियहिं लायहौं ताता॥ करझ बिलंब न उठि हर्षाता ॥
सो सुनि बिकल होय मारीचा॥ बोल्यो प्रभु आई मो मीचा ॥
राम तेज पावक मर आही॥ जरिहैं असुर सलभ धसि ताही
जो सुख चाहो तौ तुम ताता॥ छाड़झ राम बैर की बाता ११०
दो॰ बाल बयस मैं मुनि सदन बिन फर मार्यो तीर
तिहिंते मैं आयो इहां अति बल है रघुबीर १११
अबहू मैं दंडकबन माहीं ॥ धरि मृगरूप कराल महाहीं॥
होय असुर संग लै अति घोरा॥ भषत ऋषिन बिचरौंचझं ओरा
तहं ऋषि रूप राम मुहिं पायो॥ सिय लछमन जुत सरस सुहायो
तब मैं पूर्ब बैर उर आनी॥ गयो तिनहिं मारन अभिमानी
तिन त्रयलखि छोरे त्रय बाना॥ ते द्वै मरे बचे मो प्राना ॥ + ॥
तबतें मुनि बनि छाडि कुकर्मा॥ रहौं इहां नियमित धरि धर्मा
अबसु हि नभ जल थल सब ठोरा। दीषत राम धनुर्धर घोरा ॥+॥
सोवत स्वप्न माहिं तिंहिं देषी॥ उठौं पुकारि अचेत बिशेषी ११२
दो॰ तातें सिय अभिलाष तजि राम बैर निर्वारि ॥+॥
भवन गवन रावन करझ निज कुल कुशल विचारि

काहि राव न तू चलि करि काजू देहौं अर्ध मोर तुहि राजू ॥
नाहि चलिहै तु भानिहौं माया॥ सो सुनि डराय लग्यौ तिंहि साथ
तिंहि संग ले प्रभु आश्रम गयऊ॥ तँह मारीच बिमल मृग भयऊ॥
रजत बिंदु जुत कनक शरीरा॥ रत्न सींग मणि खुर गति धीरा॥
नीलरत्न लोचन मन हारा॥ तडित प्रभ्रा सम प्रभा अपारा॥
अस माया मृग टहरत धायो॥ सीता सन्मुख झट चलि आयो॥

दो० तबही करी प्रवेस प्रभु सिय कँह पावक माहि
राखी छाया मात्र यह लखन न जानी नाहि ११५

माया सीता लखि मृग ताही॥ हसि बोली पति सौं अतिचाही
देखहु नाथ मनोहर हिरना॥ मुहि मोहत है इत उत फिरना॥
लखन कही मारीच न होई॥ अस मृग लख्यो सुन्यो नहि कोई
इहि मृग बनि मृगया के माही॥ हने बहुत नृप सो खल आही॥
पुनि सिय बोली विस्मय मानी॥ याहि पकरि आनो दिन हानी॥
बनवासांत अयोध्य ले जैहैं॥ भरतादिक लखि बिस्मय पैहैं॥

दो० जियत न आवै हाथ तो मारि हीन कौ राम ॥
देहु लाय करिके मया मोकौं उत्तम चाम ११७

राम बचन

लखन लखी तै सिय अभिलासा॥ माँगत मृग के चर्महि तासा॥
तातै मै जाऊं बन माही॥ गहि लाऊं कै हनि मृग याही
है मारीच जु मृग तनु धारी॥ तउ मारब उचित नहि अघकारी
चले राम सुर काज बिचारी॥ लखन नहि सौंपि सिया रखवारी

दो० असि धनु सर तूणीर धर आवन लखि रघुराय
माया मृग प्रगटत दुरत भय भरि चल्यो पलाय ११८

बन मैं दूर जाय मृग मार्यौ॥ तिहिं प्रभु बच सम बचन उचार्यौ
हा सीता लछमन इमि बानी॥ कह्यौ उच्चस्वर आरत सानी॥

तजि मृग रूप रूप निज धारी ॥ रुधिर लिप्त महि यसौ सुरारी ॥
तब प्रभु मन बिचार इमि कीना ॥ सिय लछमन सुनि ह्वैहैं हीना ॥
तातैं शीघ्र आन मृग मारी ॥ तिँहिं पल गाँहि गमने असुरारी ॥
सीता प्रभु बच जानि अकुलाई ॥ लछमन सौं बोली मुरझाई ॥
दो० संकट है तुव भ्रात कौं जाऊ वेग तिहिं पास ॥
आरत सुर मुनि राम को होत मोर मन त्रास १२१

लछमन बचन

तिँहिं कहि राम चराचर ताता ॥ तिनको सोच करहु जनि माता ॥
पन्नग असुर देव गंधर्वा ॥+॥ जीतिन सक रामहि मिलि सर्वा ॥
समर अवध्य आहिं रघुबीरा ॥ तजहु सोच मन धारहु धीरा ॥
है यह बच कोउ राक्षस केरा ॥ फिरत बिरोधी असुर घनेरा ॥
गये समाल सौंपि प्रभु मोही ॥ तातें नहिं जाऊं तजि तोही ॥
लखन बचन सुनि कोपित होई ॥ बोली कठिन बचन भय भोई ॥
तू पापी शठ है कुविचारा ॥ चाहत भ्रात मरन निर्द्धारा ॥
पुनि चाहत मुहि ग्रहन अगूढा तातें जात न प्रभु ढिंग मूढा ॥
दो० पै मैं श्यामल अमल तनु कमल नयन की नारि
परसौं पुरुष न आन कौं रघुबीरहि निवारि १२३

अब तुव आगे तजि हौं प्राना ॥ धसि जल मैं कै करि विष पाना ॥
अगिन प्रविसि कै गर धरि दामा ॥ नहिं जीवौं छिन हूं बिन रामा ॥
यौं कहि रोय विलापि महाही ॥ कूटन लगी उदर दुख दाही ॥
तिँहिं लखि लखन होय दुख दीना ॥ बोले जोरि हाथ हित हीना ॥
अनुचित शंका करत अयानी ॥ तैं मो भक्ति रीति नहिं जानी ॥
न्याय पथस्थ राम बच धारी ॥ मैं तुव से बारत हित कारी ॥
धिक तुहिं कहत बचन विपरीता ॥ दीषत नाश निकट तुव सीता ॥
अब मैं जाऊं जहां प्रभु जाना ॥ कबि गुलाब हो तुहि कल्याना ॥

दो० वनदेवी वन देव कौं सौंपि तासु रखवारि ॥
लखन चले रघुनाथ ढिंग चंद्रकला मन मारि
माघ शुक्ल चौदशि दिवस विंद मुहूर्त मझार ॥
लखनहि गमनत आश्रमाहि लखि निर्जन निर्धार
मुनि तनु धारि रावन तहँ आयो॥ ब्रह्म घोष करि हिय हर्षायो ॥
जानि महा ऋषि सिय हर्षानी॥ अर्घ्य पाद्य पूजा अति ठानी ॥
सिय छबि निरखि कामबस होई॥ बोल्यो कोमल छल उर जोई
को तू सुंदरि सुमुखि सलोनी ॥ उमा रमा कि गिरा गज गौनी ॥
देवी यक्षी रति गंधर्वी ॥+॥ मूर्ति अप्सरा सिद्ध स गर्वी ॥
तुव पति शिव वसु मरुत कि वारी सुहि दीसत है देव कुमारी २७
दो० उत्तम सुवरन वरन वर तनु लावन्य सथान ॥
मै महि मंडल मै तिया लखी न तोसो आन ॥
शशि सम आनन अमल अपारा॥ भाल अर्ध शशि मन मद हारा।
भृकुटी कुटिल मदन धनु टारा ॥ नयन बिशाल असित अति तारा॥
शुक सम नासा अति मन हारी॥ गोल कपोल बिमल दुति धारी॥
अधर बिंब सूक्षम रत नारे ॥ रद सम सित चिक्कन अनियारे
चिबुक मनोहर दर दर ग्रीवा॥ बाहु लता कर तल छवि सीवा
कुच उन्नत मुख पीन कठोरा ॥ ताल फलोपम चिक्कन तोरा ॥
तिन पर मणि मुक्तन के हारा॥ लेत चोरि चित अति छवि वारा
जघन विशाल पीन अति नीका॥ करि कर तुल्य ऊरु हर हीका ॥
दो० रूप बयस सुकुमारता निर्जन बिपिन मझार॥
बास तोर मृग लोचनी मोमन करत बिकार ॥
उचित न तोहि बाम इहिं ठोरा॥ नगर महा मंदिर थल तोरा ॥
कस आई इकली इहिं थाना॥ कहु सो कारन मोहि सुजाना॥
राक्षस थल ह्याँ दवन आवैं ॥ मृग वृक सिंहादिक सरसावैं ॥

तिनतें भय मानत नहिं बाला ॥ कोहै किन हैं तुव रखवाला ॥
दो० सुनि सीता मृदु मधुर बच ताहि महा क्रोधधारि
आदिहि तें सब आपनी कही कथा बिस्तारि १२८
पुनि कहि सानुज मो पति आही ॥ उनचालीस बर्ष वय ताही ॥
अति समर्थ विजयी अरि हारा ॥ अस्त्र शस्त्र वित् अति मति बारा
अब पति देवर गे बन माही ॥ मृग वधि ऐहैं शीघ्र इहांही ॥
लावहिंगे पल फल बिधि नाना ॥ करिहैं सब बिधि तुव सनमाना
दो० अब कहु मुनि तुम कौन हो नाम जाति निज दाम ॥
फिरहु दंडकारन्य में द्विज इक ले किहि काम १२९

रावन वचन ॥

दो० जिहिं वस कीने लोक सब देव असुर नर नाग ॥
सो हौं राक्षस लंक पति रावन नाम सभाग १३०
अब मैं तुहि करि हौं निज वामा ॥ पटरानी लै जाय स्वधामा ॥
पंच सहस बर भूषन बारी ॥ ह्वै हैं तुव दासी सुकमारी ॥
सुनि सीता बोली कटु बानी ॥ मैं हौं सिंह पुरुष हित सानी ॥
तू जंबुक सिंही को चाही ॥+॥ पैठन काल गाल के माही ॥+॥
प्रभु तजि मैं परसौं नहि तुहि इमि महा भाग आदित्य प्रभा जिमि
राम प्रिया कहं तू अब चाहत ॥ अहि मुख मैं अंगुरी अब गाहत
दो० क्षुधित सिंह सें मिलन है मंदर चहत उठान ॥
दृग सूची धरि विलभषत चाटन छुरी अयान १३२
तरत जलधि गर धरि शिला रवि शशि गहत स्वहाय
अग्नि भुजाबल बसन सें जो मुहि चहत अनाय १३३
सिंह स्यार कंचन अयस हंस गीध संबंध ॥
गज बिडाल सम राम अरु तोमें अंतर अंध १३४ ॥
सुनि बोल्यो भय रोष मकारा ॥ भागे शक्रादिक सुर सारा ॥+॥

बैठौं तंहं वहं मंद बयारी ॥ तजैं उष्णता शीघ्र तमारी ॥+॥
चलत महानद हौं हिं पगारा ॥ निश्चल दल द्वै मग तरु सारा ॥
मम अंगुरी सम नहिं रन रामा ॥ है मानुष भिक्षुक च्युत दामा ॥
आयो मै तुव भाग्य वसाई ॥ चलि संग लै त्रिभुवन ठकुराई ॥
यौं कहि वाम हस्त गहि केसा ॥ पकरि दहिन कर जानु विसेसा
निज तनु धरि गहि अंकमझारी ॥ सियहि लेय रथ चढ्यो सुरारी
ज्यौं अकामकौं काम बसाई ॥ पन्नग इंद्र वधुहि गहि जाई

दो॰ तब अति बिवसा जानकी रामहि दूर बिचारि
दुखित भ्रांत चित्त मत्त लौं रोवन लगी पुकारि १३६

चल्यो गगन मग रथ मन मीता ॥ बिलपन लागी भय भरि सीता ॥
हा लछमन हा राम उदारा ॥ कौन सुनौं मो दीन गुहारा ॥
लियें जात मुहि रावन क्रूरा ॥ तुम न लखो यह मम अघपूरा
हौ समर्थ पर सुधि नहि मोरी ॥ मैं हतभाग्य तुमहि नहि खोरी
हे खग मृग तरु किसलय नाना ॥ दीन विनय मम सुनौ सुजाना ॥
लियें जात रावण करि जोरी ॥ सो सुधि प्रभु सैं कहि यो मोरी १३७

दो॰ गीधराज मम ससुर के सखा ससुर सम मोर ॥
कौन करै मो परस या है भरोस अति तोर १३८

यौं कहि रोवन लगी पुकारी ॥ सो जटायु ने जागि निहारी ॥
रावणाक गत लखि सिय दीना ॥ गीधराज बोल्यौ भय हीना ॥
रे खल तू नाहि जानत रामहि ॥ लियें जात जगपति की वामहि
सकल लोक पति राम उदारा ॥ इंद्र वरुण सम जग हित कारा ॥
तासु धर्म पत्नी है सीता ॥+॥ सब करि रक्षा योग्य पुनीता ॥
करत अकारण राम विरोधा ॥ कालपास गर धरत अबोधा ॥
सूर्पनखा ह्वै गइ प्रभु पासा ॥ देन लगी सीतहि अति त्रासा ॥
तब श्रुति नासा लछमन भाना ॥ तिहिं हित गे खरादि भट नाना

दो० अस्त्र शस्त्र गहि कुपित ह्वै मारन लागे ताहि
तबले मारे होंय ह्यां कौन राम को आहि २५०

अबलौं बसन बांधि अहि लीना ॥ पैहै ताको फल अति पीना ॥
बहुरि बहुरि सठ लखि बल मोरा ॥ गीधराज मैं अंतक तोरा ॥+
साठि सहस संवत बय मोरी ॥ तउ करिहौं पूरन बय तोरी ॥
सो सुनि रावन अति रिस छायो ॥ गीधराजपर झार कर लायो ॥
पुनि खगराज चूंच नख केरा ॥ रावन तन छत कीन घनेरा ॥
पुनि रावण तीक्षण दश तीरा ॥ मारे कुपकरि गीध शरीरा ॥
तब खगपति तिहिं बपुष बिदास्यौ धनुष तोरि धरनी मे डास्यौ ॥
आन धनु ले करि अति क्रोधा ॥ सर वर्षा ये अगनित जोधा ॥२५२

दो० तब रिस धारि जटायु ने रथ वाहन रथवान ॥+।
छत्र ध्वजन हनि रावनहि महि पटक्यौ बलवान

सियहि अंक धरि व्याकुल होई ॥ पस्यौ अधोमुख महिमे सोई ॥
तब खगपति तिहिं पीठि बिदारी ॥ पुनि पुनि चूंच चरण छत धारी
बहुरि उपारे केश बिसेसा ॥ कीन महा छत पुनि शिर देशा ॥
तब अति रिस धरि असुर तदाही ॥ बाम अंक मे धारि सियाही ॥
दहिन करन सें थापर दीनी ॥ गीधराज पर परसो लीनी ॥+॥
पुनि दशवाम भुजा तिहिं केरी ॥ काटि गीधपति महिमे गेरी ॥
पुनि ते भुजा कटी तिहिं बारी ॥ ज्यौं बावीतें अहि बिष धारी ॥
सियहि त्यागि तब रावण जोधा ॥ खग सें लरन लग्यो करि क्रोधा

दो० मुष्टि रु चरण प्रहार बहु गीधराज तनु दीन ॥
गीधराज हू असुर तनु चूंच चरण छत कीन २५४

करत परस्पर जुद्ध महाही ॥+॥ थकित गीध महि पस्यो तहाही
रावण खड्ग काढे तिहिं बारा ॥ तासु पार्श्व पग पक्ष निवारा ॥
पुनि रावन सीतहि गहि लीनी ॥ लगी पुकारन सो भय भीनी ॥

हा लछमन रघुनाथ उदारा॥ डूबत हौं दुख जलधि मझारा॥

दो० कारि आति कृपा जटायु नै कीनी मोरि सहाय॥

मो अभाग्य तें यह परयो मारि साहिसे खगराय २४६

धारि अंक सै चलत सुरारी॥ लता तरुन पकरत सुकुमारी॥

छोड़ि२ कहि पुनि पुनि रोई॥ केश गहें गमनत खल सोई॥

तिहि अवसर भो जगत मलीना॥ थकित प्रभंजन रवि छबिहीना

बिधि ऊ बिलोकि दिव्यदृग ताही॥ भये अंद कृत कर्म तदाही॥

ऋषिन ध्यान त्यागो सनि सोका॥ व्याकुलता व्यापी सबलोका

स्यंदन हीन यधारि खल सोई॥ चल्यौ गगन मग हर्षित होई

दो० तव आति बिलपति रोवती बोली सिया सुजान॥

हे खग पति तें मोर हित ठान्यौ मरन निदान॥+॥

तातें रामप्रसाद उदारा॥+॥ जैहै विस्नुलोक निर्धारा॥+॥

जवलगि राम मिलहि तुहि आई॥ तब लगि प्रान राखु खगराई

ऋष्यमूक गिरि पर पुनि पीना॥ वानर पंच जनक जा चीना॥

भूषन छोरि फारि निज सारी॥ तामहि बाँधि दीन तहँ डारी॥

यौं गनि आअैहैं रघुनाथा॥ तौ परि जैहैं तिन के हाथा॥

कपिन उठाय लिये तिहिं वारा॥ सकल शोक सनि ऊर्ध निहारा॥

हा लछमन हा रघुबर रामा॥ इमि बिलपति देखी नभ बामा

लषि न सक्यो रावन सियकामा॥ विकल अधोमुख भयवस रामा

दो० चल्यौ अग्र लै ताहि खल व्है मन माहि अशंक॥

ताहि जानै यौं कालबस है भुजगी सो अंक २४८

मृत्युकाल से ज्यौं नर नाना॥ करै काम बिपरीत निदाना॥+॥

रोग ग्रसित कौं पथ्य न भावै॥ खाय अपथ्य वस्तु हर्षावै॥+॥

त्यौं असुराधम काल बसाई॥ जल निधि लाँधि शीघ्र हर्षाई॥

पहुँचि लंक रण वास मँझारी॥ कहि सिय सौं तू हो मो प्यारी॥

दो० राक्षसकत्तिस कोटि भट हैं बस मोर सयानि ॥
तू तिन सबकी पालनी होऊ मोरि पटरानि १५०

जलनिधि घेरी नगरी लंका ॥ हैं सुर गनसैं अगम अशंका ॥
बानाहि बाँधें कलगह हाथा ॥ तौ तुहि पाय सकै रघुनाथा ॥
त्रिभुवन मै दीषत नहिं मोही ॥ जो मोतै सिय लै सक तोही ॥
रामकीन अति दुष्कृत कोई ॥ बन बन ताहि भ्रमावे सोई ॥
तै कोउ कीनौं पुन्य महाई ॥ ताको फल भोगन ह्यां आई ॥
सो सुनि बिन्च त्टण धरि सियबोली ॥ रे खल मृत्यु तोर सिर डोली ॥
है अब जीवन शठ अति थोरा ॥ यूपबद्ध ध्यों पशु की सम तोरा ॥
लखिहैं प्रभु तुहि कारि दृग लाला ॥ ह्वैहै भस्म मूढ तिहिं काला ॥

दो० जो प्रभु राशि कों माहि पटाकि छिनमै सकैं नसाय
जलधि सोखि सो तोहि हनि करिहैं मोरि सहाय
जो वेदी मख मध्य गत सुर ऋषि पूजित काल ॥
वेद मंत्र करि पूत तिहिं परसि न सक चांडाल १५४

त्यों मुहि धर्म पत्नी व्रत लीना ॥ तू न परसि सक खल अघपीना ॥
हंस संग तजि पंकज जाली ॥ बसै न वायस सदन मराली ॥
मैं जीवन की करौं न चाहा ॥ मारि मोहि कट राक्षस नाहा ॥
सुनि रावन भय प्रीति जनाई ॥ बहुत भांति पुनि २ समुझाई १५५

दो० कह्यौ न मान्यौ जनकजा पचि हार्यौ दशसीस
तब अशोक बन मे रषी चंद कला ह्वै षीस १५६
पुनि कहि द्वादश मास मैं जो न मोर मत मान ॥
तौ तुहिं काटि कलेव मम करिहैं मूद सुजान १५७

जब अशोक बन मैं सिय राखी ॥ तब बिरंचि सुरपति सें भाषी ॥
हित त्रिलोक निशिचरन अहेता ॥ कीन लंक मै सिया निकेता ॥ +॥
तँहँ तू जाहु विताहि खवाई ॥ आवहु असुरन दीठि दुराई ॥

सुनि सुरपति गो सिय हित कारी॥ माया सीय सोहि निर्धारी॥
बोल्यो सियसें मै सुर पाला॥ आयो अन्न खुवावन वाला॥
वर्ष सहस दस छुधा पियासा॥ लगे न याहि भखें कछु हासा॥
सिय बोली पहिचाना तोही॥ पहिलो रूप दिखावै मोही॥
जो सरभंग सथान मझारा॥+ देख्यो मैं पति देवर लारा॥+॥
दो० वही स्वरूप सुरेशने करि लीनो तिहिं बार॥
मनगन दशरथ जनक सम लीनो पायस चार
पति देवरहि निवेदि पुनि खायो सो सिय लाल॥
बहुत भांति बिश्वास तिहिं सदन गयो सुरपाल
राम मारि मृग कीन पयाना॥ मग आवत लखि लखन निहाना
बिबरन बदन विकल मन दीना॥ बोले कठिन होय मसु हीना॥
कहहु तात मम सासन टारी॥ क्यों आयो तजि जनक कुमारी॥
जो सुर सुख सम सदन बिहाई॥ राज्य भूष संग छाडि बन आई॥
बिपदा साथ निप्रान अधारा॥ क्यों तिहिं तजि आयो सुकुमारा॥
भूमि राज सुरराज सुजाना॥ सिय बिन मुहि जग सदन समाना
फरकत बाम बाहु उर नैना॥ असगुन होत सकल दुख दैना॥
तात चलहु झट आश्रम माहीं॥ सोमत सीता मिलि है नाहीं॥
दो० मै मरिजैहो सिय बिना तब तू जैहै धाम॥
जानि केकयी यह दशा ह्वैहे पूरन काम १६०
भ्रात राज सुख सुत वती लहि केकयि अभिमान
अव सूत पुत्रा को सल्या कस करि है गुजरान १६१

लक्ष्मण बचन॥

मै निज काज हेत नहि आयो॥ सियने हठ करि मोहि पठायो॥
कहि तुव भ्रातहि है कठिनाई॥ जाहु बेगि तिहिं करहु सहाई॥
मै कहि यह बच प्रभु को नाहीं॥ प्रभु सम कवन असुर जग माहीं॥

त्रिभुवन रक्षक किहिं अभिलाषै।
दीन वचन सो आनन न भाषै ॥ रामहि करै पराजय सोई ॥+॥
भयो न है नहिं आगे होई ॥+। तूराघत है मम अभिलाषा ॥+।
सो सुनि सिय नै कुपि इमि भाषा ॥ भ्रात मरन चाहत मति हीना ॥
मिल्यौ भरत सैं है छललीना ॥ कवि गुलाब आयो तजि ताही ॥
यौं सुनि कोपित होय तदाही ॥ सुनि सियबात

दो॰ बोले प्रभु नहिं कीन भल अनुचित सुनि सियबात
कोपवती पै कोप करि आयो तिहिं तजि तात ॥
सीता दर्शन लालसा शीघ्र चले रघुराय ॥+॥
देख्यौ आश्रम शून्य जहँ रहे काक गन छाय ॥
सिय विहीन रोवन लगे विकल होय दोउ भ्रात
तबहिं मूर्छि महि मैं परे राम अधिक अकुलात

लछमन रामहि चेत करायो
मंद मंद जल सींचि सुहायो ॥ कै मुहि लखि कउँ रही लुकाई
कहि प्रभु सिय किंउ हरी कि खाई ॥ न तु मम जीवन कठिन बिनीता।
तो अब बिहसि निकसि है सीता ॥ सिय कँहं खोजन लगे खरारी ॥
करि बिलाप आश्रमहि निहारी ॥ हे अशोक तरु विल्वतमाला ॥
हे आश्रम हे खग मृग जाला ॥ तुम देषी मम प्रिया सुजाना ॥
लता पुष्प पल्लव फल नाना ॥ होय राम व्याकुल अति दीना ॥
सब आश्रम लखि सिया बिहीना ॥ जैहौं सुरपुर अति दुख पागी ॥
बोले बिलपत अब तनु त्यागी ॥

दो॰ तहँ मुहि लखि कहिहैं पिता मोरि प्रति आटारि
क्यों आयो अस मय अधम धिक तुहि अनुचितकारि

बनिता बसवर्ती जस नासा ॥
मिथ्या बच नीतिन्यय दासा ॥ सुनि पितु बच रहिहौं शिर नाई
कीन कहानैं मम ढिग आई ॥ दर्शन देय हरउ दुख घोरा ॥
तातैं प्रिया कृपा करि मोरा ॥+॥ पंक मगन गज जिमि छवि छीना
यौं भाषत रामहिं लषि दीना ॥

बोले लखन मृदुल कर जोरी ॥ नहि आश्रम मैं जनक किशोरी
तजि बिषाद धरि धीरज नाना ॥ करबिगुलाल मुहि जुनजन ज्ञाना
दो० नाथ अनत खोजऊ सियहि पैहौ नाहि निदान
जैसें वलिसैं बिष्णुनैं लीनी अवनि सुजान १६७

रामबचन

तात जनक तनया नहि पैहै ॥ तौ मुहि कानर लोक बतैहै ॥
गयें अवधि केकयि हसि कहिहै ॥ सिया सहित गो सो संग नहि है
मृदुबचनी शशिमुखि बिलसि यहीना ॥ कस धसि हौं अंतःपुर दीना ॥
पुछिहै मोहि जनक कुशलाई ॥ कस कहि हौं बन सिया गसाई
तातैं मैं घर चलि हौं नाही ॥ मरि हौं प्रिया बियोग इहांही ॥
अब तू जाऊ अवधि मैं ताता ॥ कहियो स्यों बनी सब बाता ॥
कौसल्या केकयी सुमित्रा ॥ कहियो इनहि प्रनाम पवित्रा
सिया हरन मो मरन तयारी ॥+॥ कहियो कौसल्याहि बिस्तारी

कबिबचन

दो० यौं बिलपत लखि रामकौं सिय बिहोन अति दीन
भये बिकल मन लखन हू ज्यौं सफरी जल हीन

रामबचन

लछमन नहि मो सम अघकारी ॥ त्रिभुवन मैं दुखतैं दुख धारी ॥
राज्य गयो बिछुरे मम लोगा ॥ पितु बिनाश निजजननि बियोगा
सब भूल्यौ सिय संग बन मांही ॥ सिय बिन अब सब मोहि दहाही
पुनि लखि मृग गन दृग जल धारी ॥ कहि प्रभु कित है जनक कुमारी ॥
सुनि मृग मुरि सब दखिन लखाये ॥ पुनि पुनि प्रभु हि देखि नित धाये
तब लछमन कहि दक्षिण ओरा ॥ है सिय हरन व तात किशोरा ॥
सो सुनि प्रभु दिश दखिन पलाने ॥ मग सिर शिर च्युत पुष्प पिछाने
पुनि नर खोज लख्या आनि भारा ॥ तँहँ सिय खोजऊ लख्यो निधारा

दो॰ दूलउल धावत सियहि संग नर के खोज निहारि ॥
धनु लखकस रथ भग्न लखि ह्वै अति विमन खरारि॥

रामवचन

बोले लखन लखहु महि माही ॥ कनक बिंदु सिय भूषन आही ॥
रुधिर विंदु महि परे अनेका ॥ तिनतें मोमन होत विवेका ॥
जनक सुता जुग असुरन ह्वांई ॥ काटि रु वांटि वांटि कै खाई ॥
धर्म शिवादि जु कीनि न रक्षा ॥ मोहि जानि निर्विक्रम दक्षा ॥
दो॰ तातें अवहि त्रिलोक कों करों भस्म निरधार ॥
देखि लखन मो वीर्य कौं एक मुहूर्त मझार ७३
यों कहि कुप भरि करि दृगलाला ॥ फरकत अधर तरेरि स्वभाला॥
वल्कल अजिन बांधि कटि सोई॥ जटाभार कसि सज्जित होई ॥
महाभयंकर सर धनु रोपा ॥+॥ करन राम त्रिभुवन को लोपा ॥
लेत सास पुनिपुनि रिस पाई ॥ प्रलयकाल शंकर की नाई ७४
दो॰ पूर्व लख्यो नहि लखन नै प्रथम देखि कुप सोय
हाथ जोरि वोले नमित अति भय व्याकुल होय॥
सर्व भूत हित रत मृदुल दांत सदा शुचि भाव॥
प्रकृति त्यागि अव क्रोधवस होऊ न कोशलराव
नृप साधाता सगर भगीरथ ॥ रघु अरु अंवरीष आदि क गथ ॥
सुनी प्रजा पाली सुत रीती ॥+॥ लीनौ सुजस धारि नृप नीती ॥
तुम रविकुल भूषन जस ताके ॥ अति वर्द्धक हो पाल प्रजा के ॥
रवि मै प्रभा चंद मै श्री रह ॥ वेग वात मैं क्षमा भूमि गह ॥
ये चारिऊं तुम मे जस साथा॥ नित्य बिराजत त्रिभुवन नाथा
इक के कीन दोष तिहि मांही ॥ त्रिभुवन नाश उचित नहि आहे
हरी जानकी खोज जु ताही ॥ उद्यम निर्फल जैहै नाही ॥+॥
सो सुनि सायक लीन उतारी ॥ रिसा निवारि हर्षित असुरारी ॥

दो॰ लियो लाय उर अनुज को शीश सूंघि हँसि हाल
सहित सनेह प्रशंसि सिय ढेरन चले कृपाल॥

आगे रुधिर लिप्त महि माँही ॥ पर्यो पर्वताकार महाही ॥+॥
तिहिं लखि कहि लछमन सैं साँई ॥ तात जनकतनया इहिं खाई ॥
सोवत है तिहिं मांस अघायो ॥ अवसि मूढ जमपुर घर छायो ॥
यों कहि राम धनुष सर तान्यो ॥ सुनि जटायु बोल्यो भय सान्यो ॥
मारिन मोहि मृतक कँहँ ताता ॥ मैं जटायु हौं असुर निपाता ॥
सिय हित कीनौं मैं रन भारा ॥ ताते यह गति कीन उदारा ॥
लखि खग गति सुनि वच मृदुलाई ॥ रोवत भूमि परे दोउ भाई ॥
सिया हरन सुनि लखि खग नासा ॥ पुनि पुनि लेय राम अति सासा ॥

दो॰ परसि तासु तनु बिकल मन बोले करुणा धारि
किन कीनी तुव दुर्दसा तात कहहु बिस्तारि ९७७

गीधवचन

राम लषन तुम गे बन ओरा ॥ आयो रावन सिय को चोरा ॥
नभ मारग रथ सैं बिलपाती ॥ मैं देषी जागि सिय अकुलाती ॥
तव तिहिं रोकि ठानि रन भारी ॥ बिरथ कीन मैं बिकल सुरारी ॥
मैं अति वृद्ध थकित भौ ताता ॥ तिहिं असि तैं मो पंष निपाता ॥
पुनि सिय गहि गो दक्षिण ओरा ॥ है लंका पति राक्षस चोरा ॥+॥
राम काज जानि सोच सुजाना ॥ मिलिहैं जनक सुता बलवाना ॥

दो॰ रावन हनि लै सियहि संग जे हौ अवधि निदान॥
मिलि जननी भरतादि सैं पैहौ अति कल्यान ९७८

सो सुनि राम लाय उर ताही ॥+॥ रोये लखन सहित दुख दाही ॥
रुधिर वमत शिर ध्वनित निदाना ॥ पर्यो धरनि खग तजि निज माना ॥
तिँहिं लखि राम होय दुख दीना ॥ बोले खग तनु परसि प्रबीना ॥
लछमन असुरन वास मकारा ॥ वसत रह्यौ यह जूल कुमारा ॥

आचो आज काल बस सोई ॥ परमारथ कृत मम हित होई ॥
नृप दशरथ सम सो हित कारा॥ पूज्य मान्य है गीध उदारा ॥
यों कहि मृदु मन करुणा धामा निज कर दाह दीन तिहिं रामा ॥
उदक देय हाने मृग मन भाये ॥ मांस पिंड करि खग त्पताये ॥
उदक देय हाने मृग मन भाये ॥ मांस पिंड करि खग तृप्ताये ॥

दो० पितु कृत क्रिया जटायु की करि हरि करुणाधाम
नयन नीर भरि मृदुल मन बोले बिलपत राम१८२
गीधराज सो पितु सखा हौ सहाय अति मोर ॥
सियरक्षा हित सो नश्यौ दोष दिनन को जोर१८३
बैदेही बिछुरत लखन मुहि दुख भयो अपार
गीध मरन ताते दुगुन भौ बिषाद भय कार१८४
गदा चक्र दर पद्मधर विष्णु रूप हर्षाय ॥+॥
बिमानस्थ लाग्यो करन खग अस्तुति शिर नाय१८५

बारिज बदन कदन जग जालं॥ वारिज कर हर विपति करालं॥
सहोक्ति निर्धारि॥१५६॥ टीका॥ यहां मुग्धा मध्या
प्रौढा परकीया सामान्या को पहिलो लक्षण धारो॥ सा
थ शब्द करि के सुन्दर बर्नन होय सो सहोक्ति निर्धारो
१५६॥ अथ प्रोषित पतिका सहोक्ति उदाहरन।
दोहा॥ कछु दुबराई लखि परी पिय वियोग की पीर
॥१५७॥ टीका
दुबराई संग सेनता छाई सकल शरीर॥१५७॥ टीका
थोरी सी दुबराई जानि परी पीतम का वियोग की पीड़ा
सैं दुबराई के साथ सेतता सम्पूर्ण शरीर में छाई॥ इ
हां थोडी दुबराई सैं मुग्धा प्रोषित पतिका है॥ और
दुबराई के साथ सेतता वर्नी यातें सहोक्ति है॥१५७॥
अथ विनोक्ति लक्षण॥ दोहा॥ सो विनोक्ति प्र
स्तुत जहां होय कछुक विन हीन॥ द्वितिय विनोक्ति
कछु विना पावे सोभ नवीन॥१५८॥ टीका॥ जहां
प्रस्तुत कछु बिना हीन होय सो विनोक्ति है कछु बि-
ना नवीन शोभा पावे सो दूसरी विनोक्ति है॥१५८॥

अथ मध्या प्रोषित पतिका प्रथम विनोक्ति उदाहरन ॥ दोहा ॥ बिरहा नल कल जर निशि पर रखी री कि प्रवीन ॥ तउ जानी आलीन ने बिन लाली छवि छीन ॥ २५९ ॥ टीका ॥ बिरहानल की झलकी जरीन प्रवीन ने जीव में रोके राखी ॥ तो भी सखीन नें ने लाली बिना छीन छवि जानी ॥ यहाँ बिरह की झर नायिका ने रोकी सखीन ने जानी याते मध्या प्रोषित पतिका नायिका है और ललाई बिन छवि छीन भई याते पहिली विनोक्ति है ॥ २५९ ॥ अथ प्रौढा प्रोषित पतिका द्वितीय विनोक्ति उदाहरन दोहा ॥ सब तनु लाली दुरि गई जरि बिरहानल ताप ॥ त-उ मन मोहत आलिन को पीरी प्रभा अमाप ॥ २६० ॥ टीका ॥ सम्पूर्ण तन में लाली छिप गई बिरहानल की ताप से जरि कारे के तोभी अलीन को मन मोहे है अमाप पीरी प्रभा है सो यहाँ पूरण बिरह सें प्रौढा प्रोषित पतिका नायिका है लाली बिना पीरी प्रभा ने अधिक शोभा पाई याते दूसरी विनोक्ति है ॥ २६० ॥ अथ समा शोक्ति परि कर लक्षण ॥ दोहा ॥ समा शोक्ति प्रस्तुत विषे अप्रस्तु फुरि जाय आशय कढे विशेषणादि सो परि कर ठहराय ॥ २६० ॥ टीका ॥ प्रस्तुत पद के विषे अप्रस्तुत फुरे सो समा शोक्ति अलंकार है विशेषण पद में आशाय कढे सो परिकर अलंकार ठहरावो है ॥ २६१ ॥ अथ परकीया प्रोषित पतिका समा शोक्ति उदाहरन ॥ दोहा ॥ उद्धव देषउ आ... है है कपटी वे पीर ॥ तीज वर बिमला मालती सेवन कला

पाली कों सेवै है ॥ यहाँ कपटी वे पीर कहि यातैं परकीया प्रोषित पतिका नायिका है ॥ और भव रोगालनी कनीर कोकली आसंगिक हैं याते समाशोक्ति अलंकार है ॥ २६२ ॥

अथ गनिका प्रोषित पतिका परिकर उदाहरन

दोहा ॥ पाती प्रीतम धनद की बांचित प्रिया प्रवीन ॥ लखि लखि हिमकर बदन नें सखि गन शीतल कीन ॥ २६३ ॥ टीका ॥ प्रीतम धनद की पाती प्रवीन प्रिया नें बाचतां हिमकर बदन सें देखि देखि के सखीन को गन शीतल कर्यो यहाँ धनद की पाती सें गनिका प्रोषित पतिका नायिका है और हिमकर विशेषण पद सें शीतल करवो आशय है याते परिकर अलंकार है ॥ २६३ ॥

अथ खंडिता लछन

दोहा ॥ अन्य तिया संभोग के चिन्ह धारि निज गात ॥ ले खंडिता जासु के आवै पिय परभात ॥ २६४ ॥ दूजा पूछी लाव सुनो अनुकूल सेना ॥ चेष्टा हैं निश्वास अरु आदि अनुहालाप ॥ २६५ ॥

अथ परिकरांकुर श्लेस लछन

॥ दोहा ॥ आशय सहित विशेष्य पद परिकर अंकुर सोय ॥ बहुत अर्थ पद में कछू श्लेस अलंकृति होय ॥ २६६ ॥ टीका ॥ विशेष्य पद आशय सहित होय सो परिकरांकुर अलंकार है ॥ पद में बहुत अर्थ कहै सो श्लेष अलंकार होय है ॥ २६६ ॥

अथ मुग्धा खंडिता परिकरांकुर उदाहरन

॥ दोहा ॥ प्रात आय निशि बस को आन बताया धाम ॥ भोले लाल लखि लाल को रही नाय सिर वाम ॥ २६७ ॥ टीका ॥ सवेरे ही आकीर के रात्र में बस वाको और धाम बतायो लाल को भोले लाल देखि के वाम है सो शिर नवाय रही यहाँ सापराध देखि शिर नवो यासूं मुग्धा खंडिता

नायिका है और भाल विशेष्य पद में सापराध पर्यो जाय है ॥ यातै परि करांकुर अलंकार है ॥ १६७ ॥ दोहा ॥ श्लेषसु वर्ण्य रु वर्ण्य करि॰ वर्ण्य अवर्ण्य विजोय ॥ तृतिय अवर्ण्य अवर्ण्य करि कवि गुलाब मत होय ॥ १६८ ॥ टीका श्लेष अलंकार है सो उपमेय उपमेय करि कै उपमेय उपमान करि कै और तीसरा उपमान उपमान करि कै गुलाब कवि का मत मैं होय है ॥ १६८ ॥ अथ मध्या खंडिता वर्ण्य वर्ण्य श्लेष ॥ दोहा ॥ दंपति कंपत विरस बस-बोलत करत न लाग ॥ इक टक चितवत चलत नहि अरे खरे हग राग ॥ १६९ ॥ टीका ॥ दंपति जो नायिका नायक है सो विरस के वस सैं कांपते हैं ॥ विरस को अर्थ नायिका में विना रस नायक में विशेष रस बोले नहीं मिलाप करे नहीं इक टक देखै है चलै नहीं नेत्र खरे राग सैं अरे हैं [illegible] को और रंग को है ॥ यहां नायक की [illegible] विरस भई लाज से बोलि नहीं सकी यातैं मध्या खंडिता है और दोनू उपमेय हैं विरस और [illegible] राग पद के दोय अर्थ हैं यातैं वर्ण्य वर्ण्य श्लेष है ॥ १६९ ॥ अथ अवर्ण्य अवर्ण्य श्लेष ॥ दोहा ॥ द्विज कपि हित कर पीन घर अरि हारक रण धीर ॥ [illegible] प्रयास रघुवीर ॥ २७० ॥ टीका ॥ और रघुवीर कैसे हैं द्विज ब्राह्मण कपि भगवान सैं हित करे है पीन के घर हैं अरिन के हारक हैं रण मैं धीर हैं [illegible] पालक हैं ॥ प्रयास रघुवीर कैसे हैं ॥ द्विज पक्षी जटायु [illegible]

उपमान हैं याते वराये वराये श्लेष है ॥ २७० ॥ कापिनीसि
लह के सारवा सृगेच मधुसूदने ॥ इति मेदिनी ॥ दो०
सुखद मदन दर वीर्य घर राज राज हित धीर ॥ उपमा ज
तज शुचि भूति धर गिरिजा पति रघुवीर ॥ २७१ ॥ टीका
गिरिजा पति कैसे हैं सुख स्वर्ग का दाता है मदन कामदे
व का विदीरी करवा वाला है ॥ वीर्य जो शुक्र प्रभाव तेज
सामर्थ्य इनके घर हैं ॥ राज राज कुबेर सौं हित हैं धीर धी
रज वान है ॥ उमा पार्वती जलज चन्द्रमा। शुचि अग्नि। सू
ति भस्म। इन कों धारण करवा वाला है ॥ रघुबीर कैसे हैं।
सुख आनंद का दाता है मद नहीं है। दर भय नहीं है। वी
र्य जो तेज सामर्थ्य के घर है ॥ राजान के राजा जो सार्व भौम
जिनसैं हित है ॥ धीर पंडित और धीरज वान है उमा जो की
र्त्ति कांति ॥ जलज मोती ॥ शुचि श्रृंगार शुद्ध मंत्री। भूति सं
ति। इन कों धारन करने वाले हैं ॥ यहाँ रघुवीर उपमेय है
गिरिजा पति उपमान हैं ॥ याते वराये वराये श्लेष है ॥ २
सुखं शर्म्मशाना केच ॥ वीर्य्यं शुक्रे प्रभावेच ॥ तेजः सा
यो र्यपि ॥ राज राजः कुबेरे पि सार्व भौमे सुधा करे ॥ धी
न्विते स्वैरे बुधे स्त्री वंतु कुंकुमे ॥ उमा । तसी हे म व
कीर्त्ति कान्ति सु ॥ शुचि ग्रीष्माग्नि श्रृङ्गारे प्या स
मन्त्रिणि ॥ इति मेदिनी ॥ चिंता तंत्रे
श्लेष ॥ दोहा ॥ वाहक बृष दाहक
अन चाहक काम ॥ अति चाहक वन चरन के
बास ॥ २७२ ॥ टीका ॥ राम कैसे हैं धर्म के चलावे
हैं ॥ अधर्म के दाहक हैं कामना के अत्यंत अन
॥ वानरान के अति चाहक हैं ॥ वाम कैसे हैं बेल के

हक हैं। अकल्यान के दाहक हैं॥ कामदेव के अत्यंत अ-
न चाहक हैं॥ भूत पिशाचादिक के अति चाहक हैं॥ ऐ-
से राम वाम मैंने नहीं सुमरे॥ यहाँ राम और शिव उपमान
है याते अवरार्थ अवरार्थ श्लेष है॥ १७२॥ अथ अप्र
स्तुत प्रशंसा लछण॥ दोहा॥ जहँ प्रस्तुत के कार-
णे अप्रस्तुतहि प्रशंस॥ होय तहां भूषन यहे अप्रस्तुत
प्रसंस॥ १७३॥ टीका॥ जहाँ प्रस्तुत के वास्ते अप्रस्तुत
कों प्रसंसे तहाँ अप्रस्तुत प्रशंसा अलंकार होय है॥ १७३
छप्पय॥ बरनि अप्रस्तुतहि माँहि जहँ प्रस्तुत निकसे॥
आस संबंध हि माँहि अलंकृति यह निति विकसे॥ समरू
रूप के माँहि जहाँ सम रूप जु निकरे॥ सो सारूप्य निबं
ध नाँहि मिद पहिलो उघरे॥ निकसे विशेष सामान्य में
सो सामान्य निबंधना॥ सामान्य विशेषहि में कढ़े सुहे
विशेष निबंधना॥ १७४॥ दोहा॥ कारण में कारज कढ़
ै हेतु निबंधन सोय॥ कारज में कारण कढे काय निबंध
न होय॥ १७५॥ अथ प्रौढा खंडिता सारूप्य नि
बंधन उदाहरन॥ दोहा॥ बक धरि धीरज कपट क
रि जो बनि रहे मराल॥ उघरे अंत गुलाब कबि अपनी बो
लनि चाल॥ १७६॥ टीका॥ बक है सो धीरज धरि कर
के कपट करि के जो मराल बनि के रहे है गुलाब कबि कहे
है अंत में उघड़े अपनी बोली चाल सें। यहाँ सदोष ना-
यक सों नायिका चतुराई करि कहे है याते प्रौढा खंडिता
है। और बक हंस वर्ण वामें समान रूप मूरख का पंडि
त बणवो निकसे है। याते सारूप्य निबंधना है। १७६
अथ परकीया खंडिता सामान्य निबंधना॥

निकसे है याते कारन निबंधना है ॥२७९॥ अथ कार्य
निबंधना उदाहरन ॥ दोहा ॥ तुव पद नख की द्युति
कछुक गइ धोवन जल साथ ॥ तेहिं कन मिलि दधि मथनमें
चंद भयो है नाथ ॥ २८०॥ टीका ॥ तुम्हारा पद का नख की
कछुक द्युति धोवन जल के साथ गई ताका कनका मिलि करि
के दधि का मथवामें हे! नाथ चन्द्रमा बन्यो है ॥ यहाँ चंद्र
मा कारज को बर्नन में नख द्युति कारन की बड़ाई है याते
कार्य निबंधना है ॥२८१॥ अथ कलहाँतरिता ल-
क्षण ॥ दोहा ॥ पिय आयें मानें नहीं फिरि पाछे पछि-
ताय ॥ कलहान्तरिता नायिका ताही कोविद सुरस गाय ॥२८२
भ्रांति और संताप पुनि सम्मोह रु निश्वास ॥ ज्वर रु प्रलापादि
क सकल याकी चेष्टा आस ॥२८३॥ अथ प्रस्तुतांकुर
लक्षण ॥ दोहा ॥ प्रस्तुत वर्णन करि अपर प्रस्तुत द्यो
तन होय ॥ तहाँ प्रस्तुतांकुर कहत कवि गुलाब बुध लोय
२८४॥ टीका ॥ प्रस्तुत को बर्नन करिके प्रस्तुत को प्रका
स होय गुलाब कवि कहै है बुध लोग है सो तहाँ प्रस्तुतां
कुर अलंकार कहै है२८५॥ अथ मुग्धा कलहाँतरि-
ता प्रस्तुतांकुर उदाहरन ॥ दोहा ॥ अली न रोके
मालती अली अनत जब जाय ॥ ता पाछे मन मानि दुख कली
काहि कुम्हिलाय ॥२८६॥ टीका ॥ हे अली अली और पै
र जावे जब मालती नहीं रोके ताके पाछे मन में दुख मानि
करि के कली क्यों कुम्हिलावे ॥ यहाँ नायक गये पै पछिता-
ती नायका सों सखी ने कली कही याते मुग्धा कलहाँतरि-
ता नायिका है ॥ और कली भी विद्यमान है ता प्रस्तुत में ना-
यिका प्रस्तुत निकसे है याते प्रस्तुतांकुर अलंकार है ॥२८७

अथ पर्यायोक्त लक्षण ॥ दोहा ॥ जहं रचना सों वात सों पर्यायोक्त प्रकार ॥ जहं मिस करि कारज करें द्वितिय भेद निर्धार ॥ १८६ ॥ टीका ॥ जहां रचना सौं बात होय सो पर्यायोक्त अलंकार है ॥ जहां मिस करि कै कारज सधे सो दूसरो भेद है निर्धार निश्चय ॥ १८६ ॥ अथ मध्या कलहांतरिता उदाहरन ॥ दोहा ॥ नम्बर दर्शन लाख लघु आदि अंक को भाव ॥ सादर राख्यो ते नसो अली आज नहि आव ॥ १८७ ॥ टीका ॥ नंबर दर्शन लाख लघु इन च्यारोंन का आदि अंक को भाव तैने आदर सहित नहीं राख्यो सो हे अली आज नहीं आवे ॥ यहां नायिका नें नायक कौ बुलावो चाह्यो यातें मध्या कलहांतरिता नायिका है और नंबर को नं। दर्शन को द। लाख को ल। लघु को ल। कयातें नंदलाल नामनिकस्यो यह रचना सौं बात कही यातै पर्यायोक्त अलंकार है ॥ १८७ ॥ अथ प्रौढा कलहांतरिता द्वितीय पर्यायोक्त उदाहरन ॥ दोहा ॥ जब नांहि मान्यौं मोर मत क्यौं अब तचत निकाम ॥ सो पिारम (?) र कत प्रीति सें ले अे हों घन श्याम ॥ १८८ ॥ टीका ॥ जब मेरो मत नही मान्यो अब बिना काम क्यों तचे है मेरो शरीर भर कै हे आराम भया पै घनश्याम कौं लियाऊंगी यहां तब वासों और सखी को कह्यो नही मानि वासौं प्रौढा कलहांतरिता भर क वाका मिस करि के नहीं जावो कारज साध्यो याते दूसरो पर्यायोक्त अलंकार है ॥ १८८ ॥ अथ व्याज स्तुति लक्षण ॥ दोहा ॥ इक की निंदा सतुति मिस स्तुति निंदा जहं जोय ॥ पर की निंदा सतुति सें पर स्तुति निंदा होय ॥ १८९ ॥ टीका ॥ जहां एक की निंदा और

अस्तुति का मिस करि के वाही की अस्तुति निंदा देखो पैला की निंदा अस्तुति से पैला की अस्तुति निंदा होवै॥ २८८॥ दोहा॥ पर की अस्तुति से जवै पर की अस्तुति साज॥ व्याज स्तुति यौं पाँच बिधि कहत सकल कबिराज॥ १८०॥ टीका॥ पैला की अस्तुति सें जब पैला की अस्तुति साजे ओसें व्याज अस्तुति पाँच प्रकार सें सम्पूर्ण कबिराज कहें हैं॥ २८०॥ **अथ वाही की निंदा सें वाही की स्तुति॥ दोहा॥** रंक सुदामादिकन के भरि दीने भंडार॥ कंसादिक कीने निधन हे हरि बिनहि बिचार॥ **टीका॥** हे हरि सुदामादिक कंगालन कों घणो धन दीनो कंसादिक कों नाश कर्‍यो बिना ही बिचार यहाँ कृष्ण की निंदा में स्तुति है याते प्रथम व्याज स्तुति है॥ २८१॥ **अथ पर कीया कलहाँ तरिता वाही की स्तुति सें वाही की निंदा दोहा॥** तेरी सुघराई सखी मो पै कही न जाय॥ पर भय भरि बोलो न तब अब कर मलि पछिताय॥ २८२॥ **टीका** हे सखी तेरी चतुराई मो पै कही नही जाय॥ तब पैला का भय में भरि करि के बोली नही अब हाथ मसलि करि के पछितावे है॥ यहाँ पर भय सें परकीया कलहाँ तरिता है और सुघराई स्तुति में प्रगट निंदा निकसे है याते द्वितीय व्याज स्तुति है॥ २८३॥ **और की निंदा सें और की स्तुति॥ दोहा॥** दश शिर कुमति करान ने कर्‍यो राम अपकार॥ तज्यो बिभीषन ताहि सो कीनो काम उदार॥ २८४॥ **टीका॥** काल कुमति वालो दश शिर है ऊने राम को अपकार कर्‍यो॥ ताको बिभीषन ने तज्यो सो बड़ो काम कर्‍यो यहाँ रावन की निंदा से बिभीषन की अस्तुति है याते ...

री व्याज स्तुति है ॥ २८३ ॥ और की स्तुति सें
और की निंदा ॥ दोहा ॥ धन्य विभीषन राम कौ आ
यो सरन सुजान ॥ धिक है जाने अनुज आस दियो निकासि
निदान ॥ २८४ ॥ टीका ॥ विभीषन कौं धन्य है सुजान रा
म के सरनैं आयो ताकौ धिक्कार है जानें ऐसा भाई कौं नि
श्चय निकासि दियो यहां विभीषन की अस्तुति सें रावण
की निंदा है यातें चौथो व्याज अस्तुति है ॥ २८४ ॥ और की
स्तुति सें और की स्तुति ॥ दोहा ॥ धन्य धन्य है
राधिका पाये पति भगवान ॥ धन्य राधिका मात जिहि जाई
सुता सुजान ॥ २८५ ॥ टीका ॥ राधिका कौं धन्य है धन्य है
भगवान पति पाया राधिका की माता कौं धन्य है जौंनें सु
जान सुता जाई यहां राधिका की स्तुति सौं राधिका की माता
की स्तुति है यातें व्याज अस्तुति को पांचवों भेद है ॥ २८५ ॥

अथ व्याज निंदा लक्षण ॥ दोहा ॥ पर की निन्दा
सें जहां पर की निंदा होय ॥ तहां व्याज निंदा इकहि भेद कह
त कबि लोय ॥ २८६ ॥ टीका ॥ जहां पैला की निंदा सें पैला
की निंदा होय तहां व्याज निंदा को एकही भेद कबि लोग क
हे है ॥ २८६ ॥ अथ [illegible] व्या
ज निंदा उदाहरण ॥ दोहा ॥ सुर तरु सम पिय तजि
गयो करि बिनती उपचार ॥ भाल और तू निंद्य है निंद्य तोहि
धिक्कार ॥ २८७ ॥ टीका ॥ कल्प वृक्ष की समान पीतम हो सु
तजि करि के गयो बीनती जतन करि कै है मेरा भाल तू निंद्य
और तेरी लिखि कराबा वालो निंदा लायक है यहां धनबान
श्र या मैं पांचनावै है यातें कौनका काल हां तीस्ता है और भा
कौ निंदा सें ब्रह्मा की निंदा है यातें व्याज निंदा अलंकार

२९७॥ अथ विप्रलब्धा लक्षण॥ दोहा॥ तिय
संकेत निकेत से जाय न देखै पीय॥ कही विप्रलब्धा यहै
दुखित होय अति जीय॥ २९८॥ निर्वेद रु निस्वास पुनि स
खिन उराहन आनि॥ अश्रुपात चिंतादि ही याकी चेष्टा जा
नि॥ २९९॥ अथ प्रथम द्वितीयाक्षेप लक्षण॥
दोहा॥ आक्षेप सु कहि आपु ही फेरै बात विचारि॥ क
हि वच कैरै निषेध सो द्वितिया क्षेप निहारि॥ २००॥ टी॰
आपही कछु करि कै विचार करि कै बात कौं फेरै सो प्र
थमा क्षेप है॥ वचन कहि करि कै निषेध करै सो दूसरो
आक्षेप है॥ २००॥ अथ मुग्धा विप्रलब्धा प्रथमा
क्षेप उदाहरन॥ दोहा॥ अबही घर चलि कै गली उ
दय होन दै चंद॥ यों कहि भोरी भामिनी परी सेज दुति
मंद॥ २०१॥ टीका॥ अबही घर चलि कै गली चंद्रमा
को उदय होवा दै॥ ऐसे कहि करि कै भोरी भामिनी है सो
मंद दुति सैं सेज पै परी॥ यहाँ अबही चलि कै चंद्रमा
को उदय होवा दै या पराधीन बात सैं मुग्धा विप्रलब्धा
नायका है॥ और अब ही चलि यों बात कहि करि कै फे
री चंद्रमा उदय होया दै यातै प्रथमा क्षेप है॥ २०१॥ अ
थ मध्या विप्रलब्धा उदाहरन॥ दोहा॥ आई
नहीं सहेट में आली भूली चाल॥ भाषि बचन कछु कोप क
रि मौन गही बर बाल॥ २०२॥ टीका॥ सहेट में नहीं
आई है आली चाल भूली हौं यों वचन भाषि करि कै कछु
कोप करि के सुंदर बाल ने मौन गही यहाँ काम सैं थोड़ो
कोप कर्यो और लाज सैं मौन गही यातै मध्या विप्रलब्धा
नायका है और सहेट मैं आवो कहि करि कै निषेध कर्यो

याते दूसरो आक्षेप है ॥२०२॥ **अथ तृतीया क्षेप बिरोधाभास लक्षण ॥ दोहा ॥** गुप्त निषेध प्रकाश बिधि तृतिया क्षेप निकास ॥ है न विरोध विरोध सो भास बिरोधाभास ॥२०३॥ **टीका ॥** छिपि वातो मने कीर वो होय आक्षर में कर वो होय सो तृतीया क्षेप को निकास है बिरोध तो नहीं होय बिरोध सो भासे सो बिरोधाभास अलंकार है २०३॥ **अथ प्रौढा विप्र लब्धा तृतीया क्षेप उदाहरन ॥ दोहा ॥** आली घर चलि चलतही कीरि हैं प्रान पयान ॥ पहुंचत ही घर होय गो येरी मोहि ससान ॥२०४॥ **टीका ॥** हे आली घर चलि चलतों ही प्रान पयान करेगा पहुंचता ही येरी मोकों घर मसान होय गो यहां उत्कर्ष बचन बोले हे याते प्रौढ़ा विप्र लब्धा नायिका है और घर चलि यह बिधि बचन है घर चलती ही मरि जाऊं गी याते मति चले यह निषेध छिप्यो है याते तीसरो आक्षेप है ॥२०५॥ **अथ परकीया विप्र लब्धा बिरोधाभास उदाहरन ॥ दोहा ॥** सास ननद या तान कों आई नीति [illegible] वाय ॥ अब आली घर गमन की सुधि आये सुधि जाय ॥२०५॥ **टीका ॥** सास ननद द्योरानी जिठानी नकों नीति सुवा करि के आई हे आली अब घर चलि वाकी सुधि आया सों शरीर की सुधि जात है ॥ यहां द्योरानी जिठानीन कों सुवा करि के आई ऐसे यह बालों परकीया विप्र लब्धा नायिका है ॥ और सुधि आवा से सुधि जावो बिरोध सो भासे है विरोध नहीं याते बिरोधाभास अलंकार है ॥२०५॥ **अथ गनिका विप्र लब्धा विरोधाभास उदाहरन ॥ दोहा ॥** आई वर सत ला-

री मैं करि घन आसा धाम॥ भई बिहाल निरास लखि घन श्यामन घन श्याम॥२०६॥ टीका॥ बरसता जल में घन की आसा करि के ई धाम में आई विहाल भई निरास भई घन श्याम जो मेघ हैं उनकौ देखि के घन श्याम जो श्री कृष्ण उनकौं नहीं देखि के यहां धन की आसा करि के धाम में आई याते गनिका विप्र लब्धा नायिका है और घन श्याम है सो घन श्याम नही यह वि रोध सो दीख्यो याते विरोधाभास अलंकार है॥२०६॥ अथ उत्कंठिता लक्षण॥ दोहा॥ संकेत स्थल में गई पी-वन आयो होय॥ ताको कारन चिंत वे उत्का कहिये सो-य॥२०७॥ जंभा अगराई असित कंप रुदन संताप॥ स्था-वस्था कथनादि ये याकी चेष्टा थाप॥२०८॥ अथ विभावना लक्षण॥ दोहा॥ कारन बिन जह काज है तहं विभावना मानि॥ लघु कारण ते काज है दूजो भेद सुजानि॥२०९॥ टीका॥ जहाँ कारन विना काज होय तहाँ विभावना मानो॥ छोटो कारण सें कारज होय सो दूसरो भेद जानों॥२०९॥ अथ मुग्धा उत्कंठिता विभावना उदाहरन॥ दोहा॥ पिय ऐहैं ऐहैं न वा सोचत रहित उमंग॥ पिय रानी लाये बिना केसर के-सर रंग॥२१०॥ टीका॥ पीतम आवेगा अथवा नहीं आवेगा उमंग रहित सोचतां केशर लगाया विना केशर के रंग सी पीली जई। यहां पीतम आवेगा अथवा नहीं आवेगा ऐसें उमंग रहित सोचे है याते मुग्धा उत्कंठित नायिका है॥ और केसर कारन है ताका लगाया बिना केस र के रंग पीलो होवो कारज भयो याते प्रथम विभावना है

२२०॥ अथ मध्या उत्कंठिता द्वितीय विभावना उदाहरन ॥ दोहा ॥ खानि सनेह सकोच की सूनों सदन निहारि ॥ भई विकल मृदु शशि किरनि भई पार उर फारि ॥ २२१॥ टीका ॥ सनेह सकोच की खानि है सो सूनों घर देखि कै विकल भई चंद्रमा की कोमल किरनि है सो हृदा कौं फाड़ि करि कै पार भई यहाँ सकोच सनेह की खानि सैं मध्या उत्कंठिता नायिका है ॥ और चंद्रमा की कोमल किरनि थोड़ा कारण सैं पार होवो वड़ो कारज भयो यातै दूसरी विभावना है ॥ २२१ ॥ अथ तृतीय चतुर्थ विभावना लक्षण ॥ दोहा ॥ कारज पूरन होय जहं अति बंधक हू होत ॥ अवय अकारन वस्तु तें कारज करे उदोत ॥ २२२ ॥ टीका ॥ जहाँ अति बंधक जो रोकवा वालो है ताके होता सता वी पूरन कारज होय सो तीसरो विभावना है ॥ अकारन वस्तु तैं कारज उदोत कर सो चौथी विभावना है ॥ २२२ ॥ अथ प्रौढा उत्कंठिता तृतीय विभावना उदाहरन ॥ दोहा ॥ बरसत वारि बयार तउ भुरसि गई विन नाह ॥ आये पिय किंहि हेतु नहि यौं सोचत चित चाह ॥ २२३ ॥ टीका ॥ वारि बरसै है वयार चलै है तौभी नाह विना वलि गई पीतम कौंई कारन नहीं आयो ऐसैं चित्त की चाह सैं सोचै है ॥ यहाँ भुरसि वासैं चित्त की चाह सैं प्रौढा उत्कंठिता नायिका है ॥ और बरसिवो वयार चालिवो रोकिवा वालो है तैभी भुरसवो पूरन कारज भयो यातैं तीसरी विभावना है ॥ २२३ ॥ अथ परकीया उत्कंठिता चतुर्थ विभावना उदाहरन ॥ दोहा ॥ मै आई घ

घर काम तजि आये नहिं नंदलाल ॥ यौं कहि सो-
वत कलिन पै बाढै स्वेद विशाल ॥ २१४ ॥ टीका ॥
मैं घर को काम तजि करि कै आई नंदलाल नही आये
यौं कह करि कै फूलन की कलीन पै सोवतो घणो स्वेद
बढ्यो यहां घर को काम तजि वासौं परकीया उत्कंठिता
नायिका है ॥ और फूलन की कली अकारन वस्तु तें पसे-
व कारज भयो यातें चौथी विभावना है ॥ २१४ ॥ अ-
थ पंचम छठी विभावना लक्षण ॥ दोहा ॥
कारज हेतु विरुद्ध तें होय सु पंचम भाव ॥ कारज तें कार
न जनम षट विभावना भाव ॥ २१५ ॥ टीका ॥ विरुद्ध
कारण सें कारज होय सो पंचम विभावना है ॥ कारज
सें कारन को जनम होय सो छठी विभावना को भाव है
२१५ ॥ अथ परकीया उत्कंठिता पंचम विभा
वना उदाहरन ॥ दोहा ॥ कुल नारिन भय ताप स-
हि आई शीतल धाम ॥ ह्यां पिय विन हिमकर अली
जारत मोहि निकाम ॥ २१६ ॥ टीका ॥ कुल की स्त्री-
न को डर और दुख सह करि कै सीतल घर में आई है
अली यहां पीतम विना हिमकर चन्द्रमा है सो मोको
विना काम जलावे है ॥ यहां कुल नारीन का भय और
ताप सह वासौं परकीया उत्कंठिता नायिका है और
हिमकर सें जलावो विरुद्ध कारज भयो यातें पंचम वि
भावना है ॥ २१६ ॥ अथ सामान्या उत्कंठिता द्व
तीय विभावना उदाहरन ॥ दोहा ॥ धन दायक
आयो नही किंहि कारन ईहि थाम ॥ यौं भाषत चपक
अन तैं सींतना बही अजान ॥ २१७ ॥ टीका ॥ धन को

नहीं आयो ऐसें
देवा वालो ई घर में काई कारण सैं नहीं आयो ऐसें
भावना चल कथन से अमान करता वही यहाँ धन
को देवा वालो नहीं आयो ऐसें कह वासों गनिका
उत्कंठिता नायिका है ॥ और मच्छी कारज सैं सो कारे
ना कारन आयो यातें छठी विभावना है ॥ २१७ ॥ अ-
थ वासक सज्जा लक्षण ॥ दोहा ॥ पिय आव
न को अह दिवस मेरो ऐहै आज ॥ वासक सज्जा जानि
ये सजे सुरत को साज ॥ २१८ ॥ दूती प्रश्न मनोरथरु
सामग्री दर्शन आस ॥ सामग्री संपादन रु जानि सखी पी
हास ॥ २१९ ॥ अथ विशेषोक्ति असंभव लक्षण ॥
दोहा ॥ विशेषोक्ति और हेतु है तऊ काज नहि होय
कारज बिन संभावना होय असंभव सोय ॥ २२० ॥ टी०
अत्यंत हेतु होय तो भी काज नहीं होय सो विशेषो-
क्ति अलंकार है ॥ विना संभावना कारज होय सो असंभ-
व अलंकार है ॥ २२० ॥ अथ मुग्धा वासक सज्जा
विशेषोक्ति उदाहरन ॥ दोहा ॥ सोई सोहन से
ज पै लोचन मूंदि विशाल ॥ पिय मग देखन चाहत
उ खोलै नैन न बाल ॥ २२१ ॥ टीका ॥ सखाय मान सेज
के ऊपर सूती विशाल नेत्रन कौ मूंद करि कै प्रीतम काम
ग देखवा की चाह है तो भी बाल ऐसो नेत्रन कौं नहीं खो
लै ॥ यहाँ नेत्र नहीं खोलै यासैं मुग्धा वासक सज्जा ना-
यिका है और प्रीतम की मग देखबा की चाह कारण है
तो सो देखबो कारज नहीं भयो यातें विशेषोक्ति अलं-
कार है ॥ २२१ ॥ अथ मुग्धा वासक सज्जा असं-
भव उदाहरन ॥ दोहा ॥ को जानै हो यह दिवस मेरे

थ सैं दियो पवन में धरि दियो ॥ यहाँ दियो बयार में धरि वासों पर कीयो वासक सज्जा नायिका है ॥ और दिया को काम विना पवन की ठौर में धरि वाको है सो पवन की ठौर में धर्यो यातें दूसरी असंगति है ॥२२५॥ अथ तृतीय असंगति प्रथम विषम लक्षण ॥ दोहा ॥ आन करत आनहि करै तृतिय असंगति जानि ॥ अन मिलते के संग में प्रथम विषम मन मानि ॥ २२६ ॥ टीका ॥ और करतां और करै सो तीसरी असंगति जानों ॥ अन मिलते के संग में मन में प्रथम विषम मानों ॥२२६॥ अथ गनिका वासक सज्जा तृतीय असंगति उदाहरन ॥ दोहा ॥ सेज साजि भूषन वसन धरि उतारि उमाहि ॥ नथ पहरत किहिं कारने हरखि मन माहि ॥ २२७ ॥ टीका ॥ सेज साजि के मन में हरख करि के भूषन वसन धरि के नथ पहरता काई वास्ते उमंग करि के उतारि धरी। यहाँ नथ ले वाके वास्ते उतार धरी याते गनिका वासक सज्जा है नथ पहरता उतारि धरिवो और काम कर्यो याते तीसरी असंगति है ॥२२७॥ अथ स्वाधीन पतिका लक्षण ॥ दोहा ॥ आशय में सानि रहै सदा आज्ञाकारी पीय ॥ सु स्वाधीन पतिका कही कविन नियम करि तीय ॥ २२८ ॥ वन बिहार आदिक जिले मदनोत्सव में प्रीति ॥ मद रु मनोरथ प्राप्त पुनि अहंकार है रीति ॥२२९॥ अथ मुग्धा स्वाधीन पतिका प्रथम विषम उदाहरन ॥ दोहा ॥ सकल कला निधि लाल कित कित यह भोरी बाल ॥ अन मिल को जोति मेल ह्याँ अली लख्यो लिपि भाल ॥ २३० ॥

टीका ॥ सम्पूर्ण कल्सन की खानि लाल कहाँ यह भोरी वाल कहाँ यहाँ ग्रन मिल को ग्रत्यंत मेल है सो हे ग्रली ग्राल की लिपि सें जान्यौं यहाँ भोलापन सें मुग्धा है ग्रौर मेल हो वासै स्वाधीन पतिका नायिका है ॥ ग्रौर ग्रन मिल ता को संग है यातै प्रथम विषम है ॥२३०॥ ग्रथ द्वितीय त्तीय विषम लक्षण ॥ दोहा ॥ कारन कारज भिन्न रंग द्वितिय विषम गण नीय ॥ भले उद्यम ते ग्रभल फल होय सु बिषम तृतीय ॥२३१॥ टीका ॥ कारन को ग्रौर रंग होय कारज को ग्रौर रंग होय सो दूसरो विषम गणो भला उद्यम सें बुरो फल होय सो तीसरो बिषम है २३१॥ ग्रथ मध्या स्वाधीन पतिका द्वितीय विषम उदाहरण ॥ दोहा ॥ खुले ग्रन खुले चष निरखि रंगे लाल रंग श्याम ॥ ता लाली की झलक ते भयो सौति मुख श्याम ॥२३२॥ टीका ॥ खुल्या ग्रन खुल्या चक्षुन से देखि करि के श्याम को लाल रंग सें रंग्या तिस लाली को झलक सें सौतिन को श्याम मुख भयो यहाँ खुल्या ग्रन खुल्या चक्षुन सें मध्या स्वाधीन पतिका नायिका है ॥ ग्रौर लाली की झलक कारन को रंग लाल है सौतिन को मुख श्याम कारज श्याम रंग है यातै दूसरो बिषम है २३२॥ ग्रथ प्रौढा स्वाधीन पतिका तृतीय विषम उदाहरण ॥ दोहा ॥ केलि कला रस रीति करि मैं बालम बस कीन ॥ ग्रब ग्राली संतत मेल तें बोलि न सकौं ग्रलीन ॥२३३॥ टीका ॥ केलि कला रस की रीति करि कै मैंने वालम कों वस कर्यो है ग्रली ग्रब निरंतर मेल सें ग्रलीन सें नहीं बोलि सकौं यहाँ केलि कला करि

झनकार॥ प्रमुदित प्रफु
अद्भुत उज्जल वेष धर करि नूपुर झनकार॥ प्रमुदित प्रफु
लित सुख प्रगट चार मुखी अभिसार ॥२८५॥ अथ मु
रधा अभिसारिका विचित्रा उदाहरन ॥ दो
हा ॥ पिय पैं जात सखीन सँग सलाज सलोनी जोय॥
ज्यौं ज्यौं नीचो होत अति त्यौं त्यौं ऊंचो होय ॥२८६॥
टीका ॥ सखीन का संग में पिय पै जाती लाज सहित
नायिका जैसे जैसे अत्यंत नीची होय है तैसे तैसे ऊँची
होय है यहाँ सलज जावा सें मुग्धा अभिसारिका नायि-
का है और नीचा हो वासौं ऊँचो होवो उलटो फल भयो
याते विचित्र अलंकार है॥२८६॥ **अथ प्रथम द्वि**
तीय अधिक लछन ॥ दोहा ॥ अधिक अधिक
आधार तें आधे जसु अधिकाय॥ द्वितिय अधिक आधे
य ते जब आधार बढ़ाय ॥२८७॥ **टीका** ॥ बड़ा आध
र में आधेय अधिकावे सो पहिलो अधिक है॥ जब आ
धेय में आधार बढे सो दूसरो अधिक है॥ २८७॥ **अथ**
मध्या अभिसारिका प्रथम अधिक उदाह-
रन ॥ दोहा ॥ सानी लाज सनेह की तिया पिया पैजा
त ॥ तिहि लखि बढ़यौ अलीन मन त्रिभुवन मे न समा-
त ॥ २८८॥ **टीका** ॥ लाज सनेह को सनो भई तिया
है सो पिया पै जाय है ताकों देखि करि के अलीन को म
न बढ्यौ सो तीनों भवन में नही मावे यहाँ लाज और
सनेह की भरी भई तिया है सो पिया पे जाय है याते
मध्या अभिसारिका नायिका है॥ और त्रिभुवन आ
धार है तामें अलीन को मन आधेय नही मयो याते
प्रथम अधिक है ॥२८८॥ **अथ प्रौढा प्रेमाभि**

सारिका द्वितीय अधिक उदाहरन ॥ दोहा ॥ प्रेम पगी अति मंद गति चली अलीन मकार ॥ उजियारी मुख चंद की भरी गलीन अपार ॥ २४९ ॥ टीका ॥ प्रेम की पगी हुई अत्यंत मंद गति सें अलीन का वीचि मे चली मुख चंद्रमा की उजियारी गलीन मे अपार भरी यहाँ प्रेम से चली याते प्रौढा प्रेमाभिसारिका नायिका है और मुख चंद्रमा की उजाली आधेय है सो गली आधार मे मा गई याते दूसरो अधिक है ॥ २४९ ॥ अथ अल्प अन्योन्य लक्षण ॥ दोहा ॥ अल्प अल्प आधेय सें अल्प होय आधार ॥ अन्योन्य हि उपकार ते अन्योन्यालंकार ॥ २५० ॥ टीका ॥ अल्प जो आधेय है उसूं आधार अल्प होय सो अल्पालंकार है परस्पर उपकार से अन्योन्यालंकार है ॥ २५० ॥ अथ प्रौढा गर्वाभिसारिका अल्प उदाहरन ॥ दोहा ॥ कोरति जा निज भवन मे तुम्हे बुलावन आहि ॥ सुनि सुख भयो सु लाल के मन मे मायो नाँहि ॥ २५१ ॥ टीका ॥ राधिका अपना मकान मे हे लाल तुमकों बुलावे हे ॥ सुनि कोरति के सुख भयो सो लाल के मन मे नहीं माघो यहाँ पति कों अभिमान के वस से बुलावे है याते प्रौढा गर्वाभिसारिका नायिका है ॥ और सुख है सो आधेय है मन आधार है सो सुख छोटा आधेय तें छोटो है याते अल्प अलंकार है ॥ २५१ ॥ अथ प्रौढा कामाभिसारिका अन्योन्य उदाहरन ॥ दोहा ॥ चलत लली के लगि गये कीच लपटि अहि पाय ॥ अहि छवि छाई पगन तें तिन ते छवि भइ पाय ॥ २५२ ॥ टी० लली के चलता कीच मै लपटि कारे के अहि हैं सो पगन

से लोप गया पगान से सर्पन की छबि छाई सर्पन से प
गन की छबि छाई यहाँ कामांधा तासे पगान मे सर्प ल
न्या को ठीक नहीं पड्यो याते प्रौढा कामाभिसारिका
है और परस्पर उपकार है याते अन्योन्यालंकार है॥

२५२॥ अथ प्रथम द्वितीय विशेष लक्षण॥

दोहा ॥ विना ख्यात आधार के रहे आधेय विशेष॥
एक वस्तु कों बहुत ठौं वरनत दूजो वेष॥२५३॥ **टीका**
विख्यात आधार विना जहाँ आधेय रहे सो प्रथम वि
शेष अलंकार है॥एक बस्तु कों बहुत ठाम वरने सो दू
सरो विशेष है ॥२५३॥ **अथ परकीयाभिसारिका**
उदाहरन ॥ दोहा ॥ दुरि दुरि गुरु वनितान से चली ल
ली हित धारि॥पै डरि डरि पग मग धरत वन नभ कुसु
म निहारि॥२५४॥ **टीका ॥** गुरु बनितान सें छिपि छि
पि कार के लली है सो हित धारि के चली॥परन्तु डरि ड
रि के मग मे पग धरे है वन में आकास को फूल देखि
के यहाँ दुरि दुरि के जा वासों परकीया भिसारिका नायि
का है और आकास का फूल को बिना आधार वर्नन है
याते पहिलो विशेष है ॥२५४॥ **अथ कृष्णाभिस**
रिका द्वितीय विशेष उदाहरन ॥ दोहा ॥ प्य
स बसन भूषन प हरि चली अमावस राति॥ घने वन त
निज मनन में सखिन लखी छबि कांति॥२५५॥ **टी**
का॥ काला वसन और भूषन प हरि के अमावस की र
में चली तब नायिका है सो घन मे वन मे तम मे अ
मनन मे सखीन ने छबि को छाई छई देखी यहाँ क
कपड़ा पहरि वासों कृष्णाभिसारिका नायिका है और

एक वस्तु नायिका की छबि है सो घन बनादि में बसी याते दूसरो विशेष है ॥२५५॥ अथ तृतीय विशेष प्रथम व्याघात लक्षण ॥ दोहा ॥ अलघुल भ लघु जतन ते तृतीय विशेष सु ख्यात ॥ वरने हित कर वस्तु सें अहित सु है व्याघात ॥२५६॥ टीका ॥ छोटा जतन सें बडोलाभ हो जाय सो तीसरो विशेष है हितकारी वस्तु सें अहित वने सो व्याघात है ॥२५६॥ अथ शुक्लाभिसारिका तृतीय विशेष उदाहरन ॥ दोहा ॥ रजनी राका सरद की चली सेत साजि साज ॥ जिहि लखि जानी सखिन नें लखी शारदा आज २५७॥ टीका ॥ सरद की पुन्यों की राति में सुपेद साज साजि के चली यहां जिसकों देखि कै सखीन ने जानी आज शारदा देखी ॥ यहां सेत साज साजि के चली याते शुक्लाभिसारिका नायिका है और नायिका का देखि वासों सारदा को देखवो अधिक लाभ भयो यातें तृतीय विशेष है ॥२५७॥ अथ दिवाभिसारिका प्रथम-व्याघात उदाहरन ॥ दोहा ॥ सुरंग वसन आभरन साजि चली मध्य दिन बाल ॥ मग में घन आये घुमड़ि लखि कुम्हिलानी हाल ॥२५८॥ टीका ॥ लाल वसन आभरन सजि करिके बाल है सो दुपहरा ए चली गैला में घन घुमडि आया तुरत ही देखि करि के कुम्हिलाई ॥ यहां दिन में चल वासों दिवाभिसारिका नायिका है और घन घुमडिवो हित कर वस्तु सें अहित वन्यो यातें प्रथम व्याघात है ॥२५८॥ अथ द्वितीय व्याघात प्रथम कारण माला लक्षन ॥ दोहा

अथ द्वितीय कारन माला एकावली लक्षन

दोहा ॥ कारन माला दूसरी कारज कारन माल ॥ गहि गहि पद छौंड़े जहाँ एकावली रसाल ॥ २६२ ॥ टीका कारज और कारन की माल होय सो दूसरी कारन माला है जहाँ पद कों गह गह करिकै छोड़ै सो एकावली है सुंदर ॥ २६२ ॥ अथ गर्विताभिसारिका द्वितीय कारन माला उदाहरन ॥ दोहा ॥ जाती मन हुलसावनी कहती भरी उमंग ॥ गुन श्रम संग धन गुनसँग हि सकल काम धन संग ॥ २६३ ॥ टीका ॥ जाती हुई मन कों हुलसावती हुई उमंग की भरी हुई कहती है गुन है सो श्रम के संग है धन है सो गुन के संग है संपूर्ण काम है सो धन के संग है ॥ यहाँ धन की बड़ाई करै है यातै गर्विता भिसारिका नायिका है ॥ और पहिले गुन कारज कह्यो फेरि श्रम कारन कह्यो फेरि धन कारज कह्यो गुन कारन कह्यो यातै दूसरी कारन माला है ॥ २६३ ॥ अथ प्रवत्स्यत्पतिका लक्षण ॥ दोहा ॥ अगले छिन में जाहि को जैहे पीव परदेश ॥ ताहि प्रवत्स्यत्प्रेय सी बरनत सुकवि असेष ॥ २६४ ॥ कातर प्रेक्षण काकु वच निर्बेदरु संताप ॥ संमोहरु निश्वास पुनि गमन विघ्न को थाप ॥ २६५ ॥ अथ मुग्धा प्रवत्स्यत्पतिका एकावली उदाहरन दोहा ॥ आली पीव पयान दुख सोच भरि है परभात मन तें मुख मुख तें नयन अधिक अधिक मुरझात ॥ २६६ ॥ टीका ॥ हे आली पीतम का पयान को दुख वैसे ही जानि पड़ै गा ॥ मन तें मुख मुख तें नयन अधि

क अधिक मुरझावै है ॥ यहाँ मुरझावो थोड़ो दुख है या
ते मुग्धा प्रवत्स्यत्पतिका नायिका है और मन को छो
ड़ि करि के मुख मुख को छोड़ि करि के नयन गहे या-
ते एकावली है ॥ २६६ ॥ अथ माला दीपक प्रथ
म सार लछन ॥ दोहा ॥ मिलि दीपक एकावली
माला दीपक चार ॥ सरस सरस बरनें अपर निरस निर-
स सो सार ॥ २६७ ॥ टीका ॥ दीपक और एकावली मि
ल्या ये माला दीपक अलंकार है चार सुंदर ॥ अधिक
अधिक बनै और कम कम बनै सो सार अलंकार हो
य है ॥ २६७ ॥ अथ मध्या प्रवत्स्यत पतिका
माला दीपक उदाहरन ॥ दोहा ॥ प्रात गमन पि
य को कहत भो सखि मुख छबि छीन ॥ सखि मुख ल-
खि भौ तुरतही राधा बदन मलीन ॥ २६८ ॥ टीका ॥
सवेरे ही पीतम को गमन कहता सखी को मुख छीन
छबि भयो सखी को मुख देखि करि के राधा को मुख
तुरत ही मलीन हो गयो यहाँ काम से मुख मलीन-
भयो लाज से कछु बोली नही याते मध्या प्रवत्स्यत
पतिका नायिका है ॥ और सखी को मुख राधा को मुख
यह तो एकावली दोनूंन की अन्वय मलीनता में है ॥
याते माला दीपक है ॥ २६८ ॥ अथ प्रौढा प्रव-
त्स्यत्पतिका प्रथम सार उदाहरन ॥ दोहा
मांगत विदा विदेश कों सुनि भइ प्रिया उदास ॥ चिं
ता बढि दृग जल बढे तिन ते अधिक उसास ॥ २६९ ॥
टीका ॥ पीतम कों विदेश की विदा मांगतो सुनि
करि के प्रिया उदास भई चिंता बढि करि के दृगन मे

जल बढे तिन सैं अधिक उसाँस बढै ॥ यहाँ पीतम से बिछुटिवा सौं प्रौढा प्रवत्स्यतपतिका नायिका है और चिंता से दृग जल अधिक है तासौं उसास अधिक है याते प्रथम सार है ॥ २६९ ॥ **अथ परकीया प्रवत्स्यत्पतिका द्वितीय सार उदाहरन ॥ दोहा ॥** प्रात परोसी गमन को सुन्यौं नारि नैं नाम ॥ भई भूष ते प्यास सुधि तातें मति अति छाम ॥ २७० ॥ **टीका ॥** सवैरै ही परोसी का गमन को नारि ने नाम सुन्यौं भूष ते प्यास की सुधि छाम भई ताते मति अत्यंत छाम भई ॥ यहाँ परोसी को गमन सुनि वासौं परकीया प्रवत्स्यत्पतिका नायिका है और भूष ते प्यास छाम भई प्यास ते सुधि छाम भई ताते मति अत्यंत छाम भई याते दूसरो सार है ॥ २७० ॥ **अथ यथा संख्य लछन ॥ दोहा ॥** क्रम सैं कहे पदार्थ को क्रम से कथन जु होय ॥ यथा संख्य तासौं कहत कवि गुलाव बुध लोय ॥ २७१ ॥ **टीका ॥** जो क्रम से कहे ज्ञये पदार्थ को क्रम से कथन होय ॥ गुलाव कवि कहे है बुध लोग है सो तासौं यथा संख्य अलंकार है ॥ २७१ ॥ **अथ गणिका प्रवत्स्यत्पतिका उदाहरन ॥ दोहा ॥** माँगी विदा विदेश पिय गहि तिय कर कर बीचि ॥ करा मुंदरी लीन तिय कर अँगुरिन ते खींचि ॥ २७२ ॥ **टीका ॥** पिय ने विदेश की विदा माँगी तिय का कर को कर का बीचि मे गहि करि के तिय ने करा मूंदरी ले लिया कर अँगुरिन से खींचि करि के यहाँ करा मूंदरी ले वा

सगुन देखि काम के वससेंदीठि लगाई लाज के वस सै अधिक नही हर्षाई याते मध्या आगामिष्यत्पतिका नायिका है ॥ और एक दीठि मुजा मे और काक मे लगी याते दूसरो पर्याय है ॥ २७६ ॥ **अथ परिवृति परि संख्या लछन ॥ दोहा ॥** परि वृत्ति सु पलटो करे अधिक न्यून को कोय ॥ परि संख्या थल आन तजि इक थल जो थित होय ॥ २७७ ॥ **टीका ॥** अधिक न्यून को कोई पलटो करै सो परि वृति अलंकार है ॥ जो और थल कौं तजि करि के एक थल मै थित होय सो परि संख्या अलंकार है ॥ २७७ ॥ **अथ प्रौढा आगामिष्यत्पतिका परि वृति उदाहरन ॥ दोहा ॥** उठतहि प्रात उमंग भरि बोली प्रिया प्रवीन ॥ आली अधिक उछाह दे बिदा काक ने लीन ॥ २७८ ॥ **टीका ॥** सवेरे उठतें ही उमंग मे भरि करि कै प्रवीन प्रिया बोली है आली अधिक उछाह दे करि कै काक ने बिदा लीनी यहाँ अधिक उछाह सों प्रौढा आगामिष्यत्पतिका नायिका है और काक ने अधिक उछाह दे करि कै बिदा लीनी याते परिवृति अलंकार है ॥ २७८ ॥ **अथ परकीया आगामिष्यत्पतिका परि संख्या उदाहरन ॥ दो॰** सुनत परोसिनि को पिया ऐहै आजहि साझ ॥ रही कचन ही स्यामता कृशता कटि ही माझ ॥ २७९ ॥ **टी॰** परोसीन को पिया आज ही साँझ कौं आवेगो कालाप नो है सो बालन ही मे रह्यौ दुवराई कमरि में ही रही यहाँ परोसीन का पति से परकीया आगामिष्यत्पतिका नायिका है ॥ और कचन मै स्यामता रही कटि मे कृशता

रही॥ याते परिसंख्या अलंकार है॥२७९॥ **अथ विकल्प प्रथम समुच्चय लछण॥ दोहा॥** सम वल जुगल विरोध को कथन विकल्प वखानि॥ बहु भावन को संग कथन प्रथम समुच्चय जानि॥२८०॥ **टीका॥** समान वल दोनूं विरोध को कथन होय सो विकल्प बखानो॥ बहुत भावन को संग कथवो होय सो प्रथम समुच्चय जानों॥२८०॥ **अथ गनिका आगमिष्यत्पतिका विकल्प उदाहरन॥ दोहा॥** अवधि दिवस गनि आवती बोली हिय हर्षानि॥ आज राति दुख भानि है जमराज कि धन दानि॥२८१॥ **टीका॥** अवधि का दिनन कों गनि करि कै आवती जई हिया मे हर्षा करि कै बोली आज राति मे दुख भाने गो जमराज कै धन दानी कर्यो यहाँ या वासौं गनिका आगमिष्यत्पतिका नायिका है॥ और जमराज धन दानी समान वल है तिन मे मारिवो जिवावो विरोध है याते विकल्प है॥२८१॥ **अथ आगतपतिका लछण॥ दोहा॥** जाको पिय परदेश ते आयो तवही होय॥ आगतपतिका नायिका हर्षति जिय मे जोय॥२८२॥ **टीका॥** जाको पीतम परदेश ते तवही आयो होय सो आगतपतिका नायिका जीव मे हर्षती देखो॥२८२॥ **अथ मुग्धा आगतपतिका प्रथम समुच्चय उदाहरन॥ दोहा॥** पिय आये लखि नवल तिय हंसी जंभाय॥ कंपी अनुरागी बहुरि बैठी सिमटि लजाय॥२८३॥ **टीका॥** पिय कों आयो देखि कै नवलनी य है सो हर्षी हंसी जंभायी ली कंपी अनुरागी फेरि सिम

दि लज्जा कीर के बैठी यहाँ लाज वासे मुग्धा आगत प
तिका नायिका है ॥ और नायिका से हर्षादिक बहुत
भाव है याते प्रथम समुच्चय है ॥२८३॥ अथ द्वितीय समुच्चय लक्षण ॥ दोहा ॥ हौं पहिले हौं प
हल यौं बहुत मानि मन माँहि ॥ करे सिद्धि इक काज
को द्वितिय समुच्चय आहि ॥२८४॥ टीका ॥ हम प
हिलें हम पहिले ऐसे बहुत है सो मन मे मानि कीर
के एक काज को सिद्धि करे सो दूसरो समुच्चय है ॥२८४
अथ मध्या आगत पतिका द्वितीय समुच्चय उदाहरन ॥ दोहा ॥ पिय आये परदेश सें भेटत परि
जन भीर ॥ तनु चष श्रवनन चाह ने वाढि तिय करी अ
धीर ॥२८५॥ टीका ॥ पीतम परदेश तें आये कुटुंब
का समूह सों मिलतां तनु चष श्रवन की चाह ने वाढि
कीर के तिय कों अधीर करी यहाँ पहिले लाज से धीर
धरि रही फेरि काम से शरीरादि की चाह नें वाढ कीर
के अधीर करी ॥ याते मध्या आगत्पतिका नायिका है
और तनु चष श्रवनन की चाह ने वाढि कीर के अधी
रता एक कारज कर्यो याते दूसरो समुच्चय है ॥२८५॥
अथ कारक दीपक समाधि लक्षण ॥ दोहा
कारक दीपक बहु क्रिया क्रम से कारक एक ॥ आन हे
तु सें काज की सिद्धि समाधि विवेक ॥२८६॥ टीका ॥
क्रम से बहुत क्रियान को कारक एक होय सो कारक
दीपक अलंकार है ॥ और हेतु सें कारज की सिद्धि होय
सो समाधि है ॥२८६॥ अथ प्रौढा आगतपति
का कारक दीपक उदाहरन ॥ दोहा ॥ भजनी क

ही विदेश तैं प्रिया पिया ह्याँ आत ॥ दौरी फिरीरवरी रही पुनि पूँछी कुशलात ॥ २८७ ॥ **टीका** ॥ सजनी ने कही विदेश तें हे प्रिया ह्या पिया आवे हे दौरी फिरी रवरी रही फेरि कुशल पूछी यहाँ घरी हर्षी या ते प्रौढा आगत पतिका नायिका है ॥ और दौरी आदि अनेक भाव एक नायिका मे भये याते कारक दीपक अलंकार है ॥ २८७ ॥ **अथ परकीया आगत पतिका समाधि उदाहरन ॥ दोहा ॥** पारोसी परदेश तें आयो जिहि निशि माँहि ॥ घर के सब उत्सव मैं गये राखि घर ताहि ॥ २८८ ॥ **टीका** ॥ पारोसी परदेश तें आयो जो रात्रि मे घर के सब उत्सव न मैं गये ता नायिका कों घर राखि के जाकी पारोसी सैं प्रीति ही ॥ यहाँ पारोसी का परदेश सें आवा मे परकीया आगत पतिका नायिका है ॥ और घर का न को जावो अन्य कारज मे सिलाय कारज भयो याते समाधि अलंकार है ॥ २८८ ॥ **अथ प्रत्यनीक का व्यार्थापत्ति लक्षण ॥ दोहा ॥** प्रबल शत्रु के मित्र पै प्रत्यनीक बल घात ॥ यों है तो यह है कहा सो काव्यार्थापत्ति ॥ २८९ ॥ **टीका** ॥ प्रबल शत्रु के मित्र पै बल की घात होय सो प्रत्यनीक अलंकार है ॥ यों है तो यह काई है ऐसे होय सो काव्यार्थापत्ति अलंकार है ॥ २८९ ॥ **अथ गनिका आगत पतिका प्रत्यनीक उदाहरन ॥ दोहा ॥** आवत पति परदेश से लखि सासरन अमंद ॥ भे प्रसन्न मुख मैन नव कमलन मूँदे चंद ॥ २९० ॥ **टीका** ॥ पतिका परदेश से

आवता गहरगान सोहित देखि कै मुख नैन प्रसन्न भये तब चंद्रमा ने कमल मूंदे यहां नायक कों गहरगान सोहित देखि वासौंग निका आगत पतिका नायिका है और चंद्रमा ने मुख का पती कमल न कौं मूंद्या याते अत्यनीक अलंकार है ॥२८०॥ **अथ पति स्वाधीना लछण ॥ दोहा ॥** रूप प्रेम गुन आदि करि ह्वै पतिके वस नारि ॥ पति स्वाधीना कहत तिहिं कवि कोविद निर्धारि ॥ २८१ ॥ **टीका ॥** रूप प्रेम गुन आदि करि कै नारि पति के वस होय ॥ ताकौं पति स्वाधीना कहैं हैं कवि कोविद निर्धारि करि के ॥ २८१ ॥ **अथ मुग्धा पति स्वाधीना काव्यार्थापति उदाहरन ॥ दोहा ॥** आली मुख लखि लाल को रति ह्वै रहे लुभाय ॥ मैं वस भई तजि लाज सो गिनती गिनी न जाय ॥२८२॥ टी० हे आली लाल को मुख देखि के रति ह्वै लुभा करि के रहे ॥ मैं लाज कौं तजि करि के वस भई सो गिनती नहीं गिनी जाय यहां लाज कौं मुख माने है पति के वस है याते मुग्धा पति स्वाधीना नायिका है और जो कौं देखि के रति भी लुभा रहे तो मैं कांई हौं ऐसे कह्यो वासौं काव्यार्थापति अलंकार है ॥ २८२ ॥ **अथ काव्य लिंग लछण ॥ दोहा ॥** अर्थ समर्थन योग्य जो तासु समर्थ न होय ॥ काव्य लिंग भूषन तहां कवि गुलाब मत जोय ॥ २८३ ॥ **टीका ॥** समर्थन योग्य जो अर्थ ताकौ समर्थन होय तहां गुलाब कवि कास ते काव्य लिंग अलंकार है ॥२८३॥ **अथ मध्या पति स्वाधीना काव्य लिंग उदाहरन ॥ दोहा ॥** सोलि लई सी लखि रही बोलि न सकौ सचैन ॥ मोते रति आति व्यून है पति सोहन

मोलि लई सी लाख रहौं हों
या हेत ॥२८४॥ **टीका** ॥ मोलि लई सी लाख रहौं हौं या हेत अत्यंत न्यून
चेत सहित नहीं बोलि सकौं मोसे रति अत्यंत न्यून
है मोहन पति है या वास्ते यहाँ मोलि लई सी कारन
है बोलि न सकौं यह लाज है याते मध्या पति स्वाधी
ना नायिका है और मेते रति अति न्यून है यह बात
समर्थन योग्य है ताको समर्थन कियामेरो पति मोहन
है या वास्ते काव्य लिंग अलंकार है ॥२८४॥ **अथ
अर्थांत रन्यास लक्षण ॥ दोहा ॥** कै सामान्य
विशेष जब तब अर्थांत रन्यास ॥ दूजो गुण वत संग
तें लघु गुरु होय प्रकास ॥२८५॥ **टीका** ॥ सामान्य
होय फेरि विशेष होय तब अर्थांत रन्यास अलंकार
है ॥ गुण वत संग तें लघु गुरु प्रकास होय सो दूसरो
अर्थांत रन्यास है ॥२८५॥ **अथ प्रौढा पतिस्वा
धीना प्रथम अर्थांत रन्यास उदाहरन ॥ दो
हा ॥** सब के पति है सुभग पर मो पति सम कहुँ हैन
देखत स्याम सुरूप मुख औ चख तनक रुपैन ॥२८६
टीका ॥ सब के पति सुंदर है परंतु मेरा पति की स-
मान कहीं भी नहीं है स्याम को स्वरूप और मुख
देखतां मेरा चख तनक भी नहीं रुपे यहाँ पति कों
इक टक देखि वासौं प्रौढा पति स्वाधीना नायिका है
और सब के पति सुंदर है यह सामान्य वचन है
मेरा पति की समान कोई भी नही है यह विशेष
बचन है याते प्रथम अर्थांत रन्यास है ॥२८६॥
**अथ परकीया पति स्वाधीना द्वितीय अर्थांत
रन्यास उदाहरन ॥ दोहा ॥** रहौं ध्यान धरि चिन

सुन सुन हियो ऊलसाय ॥ यरी मुरली लाल की मो
चित लियो चुराय ॥ २८७ ॥ टीका ॥ बिना ही सुन्य
ध्यान धरि कै रह्यो हौं सुन्या सौं हियो ऊलसावै है
येरी लाल की मुरली नें मेरो चित्त चुरा लियो यहां
मुरली का सुन वासें वस भई याते परकीया पति-
स्वाधीना नायिका है और कृष्ण के जोग सें मुरलीनें
बडाई पाई याते दूसरो अर्थात रन्यास है ॥ २८७ ॥

अथ विकस्वर प्रौढोक्ति लक्षण ॥ दोहा ॥

विकस्वर सु विशेष पुनि ह्वै सामान्य विशेष ॥ प्रौ-
ढोक्ति जु कारन करै अकारनहि गनि वेष ॥ २८८ ॥
टीका ॥ विशेष होय सोमान्य होय फेरि विशे-
ष होय सो विक स्वर अलंकार है ॥ अकारन कौं वे
ष मानि कै कारन करै सो प्रौढोक्ति अलंकार है ॥ २८८

अथ गनिका पति स्वाधीना विकस्वर उदा

हरन ॥ दोहा ॥ आली लावत लाल धन जगतन की
अनुहारि ॥ तिहि लै वारौं दुगुनु धन आनन अमल-
निहारि ॥ २८९ ॥ टीका ॥ हे आली लाल धनल्य
वे है जगत काजन की अनुहारि ताकों लै वारि देउ
गुनु धन वारोंनि मल मुख देखि करि कै यहां दुगुनु
धन वार यासौं गनिका पति स्वाधीना नायिका है
और लाल धन लावत यह विशेष है जगत काजन
की अनुहारि यह सामान्य है फेरि लाल पै दुगुनु
धन बार वो यह विशेष है यातें बिक स्वर है ॥ २८९ ॥

अथ उत्तमा लक्षण ॥ दोहा ॥

अन हित कारी पीय पै हित ही करै जु वाम ॥ याकी चेष्टा उत्तम हि

जानि उत्तमा नाम ॥३००॥ टीका ॥ अनहित कारी पीय
पै जो वास अहित करै ॥ याकी चष्टा उत्तम है यातै उत-
मा नाम जानौ ॥३००॥ अथ उत्तमा प्रौढोक्ति उदा
हरन ॥ दोहा ॥ आये प्रीतम प्रात घर लाय महावर भा
ल ॥ तउ तनु जमुन तमाल द्युति लखि भइ हर्षित बा-
ल ॥३०१॥ टीका ॥ प्रीतम है सो सवैरे ही घर आया
भाल मै महावर लगा करि कै तो भी तनु मै जमुना को
तमाल की द्युति देखि कै बाल हर्षित भई ॥ यहाँ सापरा-
ध नायक कौ देखि कै हर्षित भई यातै उत्तमा नायिका
है और जमुना को तमाल अधिक श्यामता को कारन न
ही ताकौ कारन कयौ यातै प्रौढोक्ति अलंकार है ३०१
अथ मध्यमा लक्षण ॥ दोहा ॥ पिय के हित तै
हित करै अहित अहित तै होय ॥ चेष्टा हैं व्यवहार
सम जानि मध्यमा सोय ॥३०२॥ अथ संभावना मि
थ्याध्यवसित लक्षण ॥ दोहा ॥ जो यौं होय
तु होय यौं सु संभावना जानि ॥ मिथ्या हित मिथ्या कथ
न मिथ्याध्यवसित मानि ॥३०३॥ टीका ॥ जो यौं हो
य तो यौं होय असे होय सो संभावना अलंकार है
मिथ्या के वास्ते मिथ्या को कहबो होय सो मिथ्या
ध्यवसित मानौ ॥३०३॥ अथ मध्यमा संभाव-
ना उदाहरन ॥ दोहा ॥ प्रात पिया पा परत लखि
बोली रिसौहि नशाय ॥ राति जो न उत जावते तो क्यौं
परते पाय ॥३०४॥ टीका ॥ सवैरे ही पीतम कौं पग
न मै पडतो देखि कै रिस कौं नशा करि कै बोली जोरा
ति मै उत कौं नही जावते तो पगन मै क्यौ पडते ॥

यहाँ पीतम नै अपराध कस्यौ तब रोस कस्यो और पीतम पायन मे पड्यो तब राजी ह्रई याते मध्यमा नायिका है और जो राति मे उनकौं नही जावते तो पगन मे क्यौं पडते ऐसै कहु वासों संभवना अलंकार है॥ ३०४॥ अथ अधमा लछरा॥ दोहा॥ हितकारी हू पीय पै अहित करे जो नारि॥ चेष्टा याकी अधम यों अधमा कही विचारि॥३०५॥ टीका॥ हितकारी सौ पीतम पै जो नारि अहित करै याकी चेष्टा अधम है ऐसैं विचारि करि कै अधमा कही है॥३०५॥ अथ अधमा मिथ्या ध्यवसित उदाहरन॥ दोहा॥ पिय कर बिनती भाषता बोली अधिक रिसाय॥ नभ फूलन की माल जो धरै सु तुम्है पत्याय॥३०६॥ टीका॥ पीतम कौं सुंदर बीनती भाषता अधिक रिसा करि कै बोली जो नभ का फूलन की माल कौं धारण करै सो तुमकौं पत्यावै॥ यहाँ बीनती भाषता कठिन बोली याते अधमा नायिका है और नायक कौं विश्वास मिथ्या मानि नभ फूलन की माल को धर वो मिथ्या है याते मिथ्या ध्यवसित है॥३०६॥ अथ ललित लछरा॥ दोहा॥ जो कछु प्रस्तुत धर्म सै वर्नीय हुत्तात॥ अप्रस्तुत प्रति विंव करि वर्नत ललित सुख्यात॥३०७॥ टीका॥ जो कछु प्रस्तुत का धर्म को वर्नीय जोग्य वृतांत होय॥ अप्रस्तुत को प्रतिविंव करि कै वर्नन होय सो ललित है ख्यात जाहर ३०७॥ अथ अधमा ललित उदाहरन॥

दोहा ॥ वर्जत निशि मे गवन करि दीनौ माल ग-
माय ॥ भोर भये वर्जकन के काँहें पकरे पाय ॥ ३०८
टीका ॥ वर्जना निशि मे गमन करि के माल गमादि
यो भौंर भया पे वर्जवा वालान के पगान मे पड्या सौं का
ई है यहाँ नायक ने पग पकड्या तो भी नही मनी
याते अधमा नायिका है ॥ और माल गुमावा वाला
प्रस्तुत को वर्णन करि के नायक को वृत्तांत जनायो या
ते ललित अलंकार है ॥ ३०८ ॥ अथ नायक लक्ष
ण ॥ दोहा ॥ सुन्दर शील जु वासु घर केलि कला कु
ल वान ॥ शुचि उदार गुन वाने तिँहि नायक कहत
सुजान ॥ ३०६ ॥ अथ प्रथम द्वितीय प्रहर्षन
लक्षण ॥ दोहा ॥ प्रहर्षन सु बिन जतन ही वाँछि-
तार्थ हो जाय ॥ वाँछित तें अधिकार्थ की सिद्धि सु द्वित
य गनाय ॥ ३१० ॥ टीका ॥ बिना जतन ही वाँछित
अर्थ हो जाय सो प्रहर्षन है ॥ वाँछित सें अधिक अ
र्थ की सिद्धि होय सो दूसरो प्रहर्षन है ॥ ३१० ॥
अथ नायक प्रथम प्रहर्षन उदाहरन ॥
दोहा ॥ कर मुरली पट पीत धर शीश मुकट उर मा
ल ॥ वन तें आवत मग निरखि अति हर्षित ब्र
ज वाल ॥ ३११ ॥ टीका ॥ हाथ में मुरली पीता
म्बड़ा कौ धारण कर्या ऊया शीश पे मुकट हृदा में माल
धारा ऊया वन ते आवता मग में देखि के व्रज वाल
अत्यंत हर्षी यहाँ जतन बिना ही नायक कौ देखि-
वो वाँछित अर्थ होगयो याते प्रथम प्रहर्षन है ॥
३१२ ॥ अथ त्रिविधनायक लक्षण ॥ दोहा ॥

परन्यौं पीत उपपति सुनौ पर नारिन मे लीन ॥ वैसिक गनिका नाह यौं भाषत त्रिविध प्रवीन ॥ ३१२ ॥ टीका परन्यौं ऊयो पति है पैला की स्त्री न मे लीन होयसे उपपति नायक है वेश्या को पति वैसिक है यौं तीन प्रकार को भाषे है प्रवीन है सो ॥ ३१२ ॥ अथ प ति नायक द्वितीय प्रहर्षन उदाहरन ॥ दो० धनुष भंजि सब सें सरस लखि गहे निज पीय ॥ प्रापत दुर्लभ लाभ में अति हर्षानी सीय ॥ ३१३ ॥ टीका ॥ सब सें सरस धनुष भंजि के अपना पीत म कों ठाढ़ा देखि के दुर्लभ लाभ में प्राप्त हो के सीता अत्यंत हर्षाई ॥ यहाँ राम चंद्र पति नायक है और राम चंद्र की प्राप्ति वाँछित सें अधिक है यातें दूसरो प्रहर्षन है ॥ ३१३ ॥ अथ पति भेद ॥ दो० अनुकूल रु दछिरा रु शठ धृष्ट चारि पति मूल ॥ परनी इकहा नारि को हितकारी अनुकूल ॥ ३१४ ॥ टी० अनुकूल दछिरा शठ धृष्ट ये चारि पति के भेद हैं परनी ऊई एक ही स्त्री को हितकारी होय सो अनुकूल है ॥ ३१४ ॥ अथ तृतीय प्रहर्षन विषादन लछन ॥ दोहा ॥ जतन वस्तु जिहि हेर तें वही मिलै सु तृतीय ॥ वाँछित तें उलटो मिलै विषादन सु गनानीय ॥ ३१५ ॥ टीका ॥ वस्तु को जतन हेरतें वाही वस्तु मिलै सो तीसरो प्रहर्षन है ॥ वाँछित सें उलटो मिलै सो विषाद न गनो ॥ ३१५ ॥ अथ अनुकूल तृतीय प्रहर्षन उदाहरन ॥ दोहा ॥

पिय फुल वन हित सखी सग ... ॥

तवही सने सनेह में ज्ञान लखे मग राग ॥३१५॥ टी॰
त्रिय है सो पिय कों बुलावा के वास्ते धाम में सखी
को मग देखे ही तवही सनेह में सने ङये राम मग
में ज्ञाते देखे यहां राम ज्ञनुकूल नायक है ज्ञोर राम
का बुलावा कों सखी की वाट देखना राम ही मिले या
तें तीसरो प्रहर्षन है॥३१५॥ ज्ञथ दछिरा बि-
षादन उदाहरन ॥ दोहा ॥ गई बुलावन निजभ
वन बङत प्रिया पिय धाम॥ सब को सम सनमान की
ये वन में घनश्याम॥३१७॥ टीका॥ ज्ञपना भवन
में बुलावा के वास्ते बङत प्रिया है सो पिय के धा-
म गई॥ सब को बराबर सन्मान करि के घन श्याम
हैं सो वन में गये यहां सब को सनमान समान क-
र्यो यातें दछिरा नायक है॥ ज्ञोर कृष्णा कों बुला-
वा गई वे उलटा बन कों चल्या गया यातें विषाद
न है॥३१७॥ ज्ञथ उल्लास लछरा॥ दोहा॥
गुन दोषन करि एक के ज्ञानहि है गुन दोष॥ चारि
भेद उल्लास के वर्नत कवि मति कोष॥३१८॥ टीका
एक के गुन दोष करि के ज्ञोर को गुन दोष होय॥
उल्लास के चारि भेद वर्नें है॥ मति के भंडार कवि हैं
सो॥३१८॥ ज्ञथ शठ प्रथम उल्लास लछरा॥
दोहा॥ मिठ वचनी कपटी वहै शठ नायक पर
कास॥ इक के गुन सें ज्ञान कों गुन होय सु उल्ला
स॥३१९॥ टीका॥ मीठा वचन वोलवा वालो हो
य॥ कपटी होय सो शठ नायक है प्रकास ज्ञा हर॥

है ॥३१९॥ अथ शठ प्रथम उल्लास उदाहरन ॥ दोहा ॥ तुव अधरा मृत ध्यान धरि बचै प्रिया निशि प्रान ॥ अब अधरा मृत ध्यान धरि ह्वै हौं अमर निदान ॥३२०॥ टीका ॥ तेरा अधरन का अमृत को ध्यान धरिकै हे प्रिया रात्रि में प्रान बच अब अधरा मृत पान करिकै अमर होऊंगी निदान निश्चय यहाँ कपट सैं सीधी बात करै है यातैं शठ नायक है और नायिका का अधरामृत का गुन सैं नायक कौं गुन भयो यातैं प्रथम उल्लास है ॥३२०॥ अथ धृष्ट द्वितीय उल्लास लक्षण ॥ दोहा ॥ निलजनि डर अपराध कर नायक धृष्ट गनीय ॥ होय दोष पर दोष सैं सो उल्लास द्वितीय ॥३२१॥ टीका ॥ लाज रहित डर रहित अपराध करै सो धृष्ट नायक गनौं ॥ पैला का दोष सैं दोष होय सो दूसरो उल्लास है ॥३२१॥ अथ धृष्ट द्वितीय उल्लास उदाहरन ॥ दोहा ॥ पायनरत पाय परि बोले लाल सुजान ॥ तो वियोग मो भाल मैं क्यों विधि लिख्यो अपान ॥३२२॥ टीका ॥ पायन की आरता लगा पगन मैं पड़िके सुजान लाल बोल्या तेरो वियोग मेरा भाल मैं अपान विधि ने क्यौं लिख्यो यहाँ निलजनि डर है यातैं धृष्ट धृष्टक है और आरि वो नायिका का दोष सैं ब्रह्मा का दोष है यातैं दूसरो उल्लास है ॥३२२॥ अथ धृष्ट तीय चतुर्थ उल्लास लक्षण ॥ दोहा ॥ इक के गुन सैं आन को दोष सु तृतिय प्रकास ॥ होय दोष लै गुन जहाँ है चौथो उल्लास ॥३२३॥ टीका ॥ एक के

गुन से और कौं दोष होय सो तीसरो उल्लास है ज
हां दोष से गुन होय सो चौथो उल्लास है ॥३२३॥

अथ उपपति तृतीय उल्लास उदाहरन ॥

दोहा ॥ प्रेम रूप गुन रस भरी है वृषभानु किशोरि ॥
मिलै निकुंजन एकली सो न सीव की खोरि ॥३२४॥

टीका ॥ प्रेम रूप गुन रस की भरी जई वृषभानु की
बेटी है सो निकुंजन में येकली नही मिलै सो भाग
को दोष है यहाँ राधिका सें निकुंजन मे मिलवाकी
चाहै है याते उपपति है और राधिका का गुन से
नसीव को दोष है याते तीसरो उल्लास है ॥३२४॥

अथ वैसिक चतुर्थ उल्लास उदाहरन ॥ दो॰

पति से अति रागी रहै धन लालच लगि बाल ॥ याही
कारन ते मुदित रहै विहारी लाल ॥ ३२५॥ टीका ॥
पति मे अत्यंत रागी रहे है धन का लालच मे लगि
कारि के बाल है सो याही कारन सें विहारी लाल प्र
सन्न रहे है यहाँ धन लालच वाली से मुदित रहै या
ते वैसिक नायक है और धन लालच दोष से विहा
री लाल से मुदित हो वो गुन है याते चौथो उल्लास है
३२५॥ दोहा ॥ और त्रिविधि नायक यहाँ मानी
प्रथम पिछानि ॥ वचन चतुर है तीसरो क्रिया चतु
र उर आनि ॥३२६॥ अथ मानी अवज्ञा लक्ष
ण ॥ दोहा ॥ मान करै अभिमान से मानी नायक सो
य ॥ अवज्ञा सु गुन दोष करि जहँ गुन दोष न होय
३२७॥ टीका ॥ अभिमान से मान करै सो मानी नाय
क है गुन दोष करि कै गुन दोष नही होय सो अव-

ज्ञा है ॥ ३२७॥ **अथ मानी अवज्ञा उदाहरन॥**

दोहा ॥ दोष गनि हठ ठानिवो किल सीखे ये ख्या
ल॥ रीरु खीज वर बाल की मन नहिं आनौं लाल॥
३२८॥ **टीका** ॥ दोष ठानि करिके हठ ठानिवो ये
ख्याल कहाँ सीखे सुंदर वाल की रीरु खीज है ला-
लमनमैं नहीं आनौं यहाँ हठ सौं मानी नायक है औ-
र नायिका का रीरु खीज गुन दोष नही लख्या यातें
अवज्ञा अलंकार है ॥ ३२८॥ **अथ बचन चतुर०**
अनुज्ञा लक्षण ॥ दोहा ॥ करै बचन में चातुरी
बचन चतुर पहिचानि ॥ दोषहि कौं गुन मानि चहै
नहीं अनुज्ञा जानि ॥ ३२९॥ **टीका** ॥ बचन में चातु-
राई करै सो बचन चतुर पहिचानौं दोष कौ गुन
मानि के चाह करै तहाँ अनुज्ञा जानौं ॥ ३२९॥
अथ बचन चतुर अनुज्ञा उदाहरन ॥ दो०
गये सकल घर के अनत मै ही रह्यो निदान ॥ अब
डरि जागि हरि सुमिरि हौं मानि याहि कल्यान॥
३३०॥ **टीका** ॥ सब घर के और ठौर गयेमै ही र-
ह्यौ निदान निश्चय अब डरपि के जागि के हरि कौं
सुमरों गो याकौं कल्यान मानि के यहाँ पर कीया
नायिका कौं सुनावे है मैं अकेलो हौं यातें बचन च-
तुर है ॥ और यकला रहवा डर वा दोष कौं गुन मा-
नि अंगीकार कर्यो यातें अनुज्ञा है ॥ ३३०॥ **अथ**
क्रिया चतुर लेष लक्षण ॥ दोहा ॥ करै कि-
या से चातुरी क्रिया चतुर सो वेस ॥ गुन दोषन मै दोष
गुन कल्याना सु है लेस ॥ ३३१॥ **टीका** ॥ क्रिया मे चतु

राई करै सो क्रिया चतुर नायक है॥गुन दोषन मे दोष गुन को कल्पना होय सो लेस अलंकार है॥३३१॥

अथ क्रिया चतुर गुन मे दोष लेस उदाहरन॥दोहा॥ आली बक्रत तियान मे मोहि निरखि नंदलाल॥विहसि कौल शिर धरत निति रूप भयो जंजाल॥३३२॥टीका॥ हे आली बक्रत तियान में मोकों देखि के नंदलाल है सो विहसि के नित्य शिर पै कमल धरै है मेरो रूप है सो जंजाल भयो यहाँ नायक ने कमल माथा पै धरि कै प्रगास जनायो याते क्रिया चतुर नायक है और परिणाम गुन है ताकों दोष मान्यो याते लेस है॥३३२॥ **अथ प्रोषित दोस मे गुन लेस उदाहरन॥दोहा॥** प्यारी बिन परदेश मे करते प्रान पयान॥पै यह मोरि कठोरता नित्य जिवावत जान॥३३३॥टीका॥ प्यारी बिना परदेश मे प्रान पयान करते परन्तु यह मेरी कठोरता नित्य जिवावे है न आन और नहीं जिवावैहै यहां परदेश मे है याते प्रोषित नायक है॥और कठोरता दोष से जीवो गुन है याते लेस अलंकार है॥३३३॥ **अथ अनभिज्ञ मुद्रा लक्षण॥ दोहा॥** नहि समुझे तिय रसन मे सो अनभिज्ञ वखानि॥प्रकृत अर्थ मे और हू कढे सु मुद्रा मानि॥३३४॥टीका॥ तिय के रसन में नहीं समुझे सो अनभिज्ञ वखानौ॥ प्रकृत अर्थ में और भी कढे सो मुद्रा अलंकार जानों॥३३४॥ **अथ अनभिज्ञ उदाहरन॥दोहा॥** राधे लखत प्रभात गए बन मे कोहु

भय बैन ॥ श्याम कही कौं गर गहत ह्यांत न क-
छु भय है न ॥ ३३५ ॥ टीका ॥ राधिका है सो श्या
म का गला सौं लपटी बन मै भय का बचन कह
करि के ॥ श्याम ने कही गलो कौं गहे है ह्यांत
नक भी भय नही है ॥ यहाँ राधा को प्रेम कृष्णा
ने नही जान्यौं सो अनभिज्ञ नायक है ॥ और श्या
म गर बन मैं ॥ इन अक्षरन मैं कारो जहर पानीसे
यह अर्थ निकसै है याते मुद्रा है ॥ ३३५ ॥ अथ
उत्तम नायक रत्नावली लक्षण ॥ दोहा ॥
करे जतन तिय मान हर सो उत्तम जिय जानि ॥
प्रस्तुत पद क्रम से कहै रत्नावली बखानि ॥ ३३६ ॥
टीका ॥ तिय है सो मान कौं हर वाको जतनक
रै सो जीव मै उत्तम जानौं क्रम से प्रस्तुत पद कहै
सो रत्नावली बखानौं ॥ ३३६ ॥ अथ उत्तम ना-
रत्नावली उदाहरन ॥ दोहा ॥ बानी श्री
निरखि गौरी की नंदलाल ॥ भाषि बचन म-
धुरे सरल खुस करि लीनी हाल ॥ ३३७ ॥ टीका ॥
गौरी की वानी और श्री वदली देखिके नंदलाल
ने मधुरे और सरल बचन भाषि के तुरत खुस कर
यहाँ बाल को प्रसन्न करि लीनी यातें उत्तम ना
यक है और बानी श्री गौरी उत्पति पालन प्रलय
